सूर्योदय 5:23 सूर्यास्त 7:21

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 20.5 न्यू | 31.0 अधि |
| धर्मशाला | 24.7 न्यू | 37.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76992.77 |
| निफ्टी | 23465.60 |
| सोना | 70,510 |
| चांदी | 95,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



ओपनिंग में सफल नहीं कोहली

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 17 जून, 2024 | 4 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 180, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमाचल यथाशीघ्र दिल्ली को पानी देना शुरू करे: शांता कुमार -पेज 3
- पैराग्लाइडर अब पीज पैराग्लाइडिंग साइट से भर सकेंगे उड़ान -पेज 11
- भवन सर्वेक्षण का कार्य पूरा ऑनलाइन जारी होंगे प्रॉपर्टी टैक्स के बिल -पेज 12
- भारत को अब अफगान लड़ाकों की चुनौती -पेज 13
- इसराइली सेना ने लिया युद्ध विराम का फैसला -पेज 14


## टी-20 विश्व कप आज के मैच

बांग्लादेश vs नेपाल
स्थान: सेंट विंसेंट, समय : सुबह 5:00 बजे

श्रीलंका vs नीदरलैंड
स्थान: सेंट लूसिया, समय : सुबह 6:00 बजे

न्यूजीलैंड vs पापुआ न्यू गिनी
स्थान: त्रिनिदाद, समय : रात 8:00 बजे

## न्यूज शॉर्ट्स

### कैलिफोर्निया में प्लेन क्रैश, दो की मौत

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में प्लेन क्रैश हो गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने 'एक्स' पर कहा कि लॉस एंजिल्स से करीब 55 किलोमीटर पूर्व में सैन बर्नार्डिनो काउंटी के पश्चिमी छोर पर स्थित चिनो शहर के पास लॉकहीड एल12 विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

### सलमान के घर फायरिंग मामले में एक और गिरफ्तार

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के घर पर फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने एक नया केस दर्ज किया है। पुलिस ने जान से मारने की धमकी देने के आरोप में राजस्थान से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान राजस्थान के बूंदी के रहने वाले बनवारीलाल लटूरलाल गुजर के रूप में हुई है। आरोपी ने वीडियो जारी कर कहा था कि वह सलमान को मारने के लिए जा रहा है।

### 7000 रन बनाने वाली दूसरी खिलाड़ी बनीं मंधाना

**नई दिल्ली।** स्मृति मंधाना भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 7000 से ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी महिला क्रिकेटर बन गई हैं। भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज के बाद यह मुकाम हासिल किया है। मिताली के तीनों फॉर्मेट में 10 हजार से ज्यादा रन हैं। स्मृति भारत के लिए 7000 से ज्यादा रन हो गए हैं।

### 12वीं की बुक से बाबरी मस्जिद का जिक्र हटा

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी ने 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की किताब में से बाबरी मस्जिद का नाम हटा दिया गया है। भगवान राम से लेकर श्रीराम तक, बाबरी मस्जिद, रथयात्रा, कारसेवा और विध्वंस के बाद की हिंसा की जानकारी को एनसीईआरटीसी की नई किताब से हटाया है।

## अनंत व्यंग्य




### गृह मंत्री ने दिल्ली में जम्मू-कश्मीर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की मीटिंग

# आतंकवाद को कुचलें और मददगारों को न बख्शें : शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**गृह** मंत्री अमित शाह ने रविवार को दिल्ली में जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों को भी न बख्शें। उन्होंने अमरनाथ की आगामी वार्षिक तीर्थयात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था और हाल ही में आतंकवादी हमलों के मद्देनजर जम्मू क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।

शाह ने एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इनोवेटिव तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर एक मिसाल बनाने के लिए मोदी सरकार कटिबद्ध है। जम्मू-कश्मीर में सभी तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ाई जाए। 21 जून को योग दिवस के कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री मोदी 20 जून को श्रीनगर जा रहे हैं।




29 जून से अमरनाथ यात्रा भी शुरू हो रही है। इसे देखते हुए शाह ने अधिकारियों से यात्रा रूट और नेशनल हाईवे पर अतिरिक्त बलों की तैनाती करने कहा है। इस बार अमरनाथ यात्रा 52 दिन की होगी। यात्रा से पहले केंद्र ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाने के लिए केंद्रीय सुरक्षाबलों की 500 कंपनियों को घाटी में तैनात करने का फैसला लिया है।

सीआपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और सीआईएसएफ समेत केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल की 500 कंपनियों को अमरनाथ यात्रा के रूट पर तैनात किया जाएगा।

### अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर फोकस

**मीटिंग** के दौरान शाह का पूरा फोकस अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर रहा। पिछले साल 4.28 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा पर आए थे। इस बार यह आंकड़ा पांच लाख तक जा सकता है। इस बार सभी तीर्थयात्रियों को स्पेशल कार्ड दिए जा सकते हैं, ताकि उनकी असली लोकेशन का पता लगाया जा सके। इसके अलावा सभी को 5 लाख रुपए का बीमा कवर दिया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि तीर्थयात्रियों को ले जाने वाले प्रत्येक जानवर के लिए 50 हजार का बीमा कवर भी होगा। शाह ने एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन से बेस कैंप तक सभी तीर्थयात्रियों की सुरक्षा पर जोर दिया है।

# फोरलेन बनेगा ढली-नारकंडा हाईवे सुरंगों का भी होगा निर्माण : सुक्खू

## बोले- लंबित देनदारियों के निपटारे के लिए 153 करोड़ रुपए जारी

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सुक्खू ने रविवार को शिमला जिले के ठियोग विधानसभा क्षेत्र के नारकंडा का दौरा कर लोगों की जनसमस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊपरी शिमला विशेषकर कुफरी, फागू, ठियोग और नारकंडा के लोगों और सैलानियों की सुविधा के लिए ढली-नारकंडा राष्ट्रीय राजमार्ग को फोरलेन में परिवर्तित किया जाएगा। आवश्यकता अनुसार सुरंगों का निर्माण किया जाएगा।

> मुख्यमंत्री ने हाटू माता मंदिर में की पूजा-अर्चना

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष प्रदेश सरकार यह मांग उठाएगी। शिमला जिले के ऊपरी क्षेत्रों में सरकार पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। नारकंडा में आइस स्केटिंग रिंक स्थापित करने के लिए 5 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं और यहां एक बहुउद्देशीय खेल हॉल भी निर्मित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सेब उत्पादकों की सभी देनदारियों का भुगतान किया है। राज्य सरकार ने पिछली भाजपा सरकार की 90 करोड़ की देनदारी सहित सभी देनदारियों को निपटाने के लिए 153 करोड़ रुपए जारी किए हैं। (अनंत ज्ञान)



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का स्वागत करतीं महिलाएं।

### हाटू मंदिर तक रोपवे स्थापित करने पर विचार

सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार हाटू मंदिर तक रोपवे स्थापित करने पर भी विचार कर रही है और पर्यटकों की संख्या बढ़ने के लिए हाटू मंदिर सड़क को चौड़ा करने की योजना पर कार्य कर रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हाटू माता मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेश के लोगों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने नारकंडा परिधि में एक पौधा भी रोपित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की पत्नी कमलेश ठाकुर, विधायक कुलदीप राठौर, राज्य वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची आदि उपस्थित रहे।

# लोकसभा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के चुनाव पर मंथन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह के घर पर रविवार को एनडीए नेताओं की अहम बैठक हुई। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा, अश्विनी वैष्णव, किरण रिजिजू, ललन सिंह और चिराग पासवान मौजूद थे।

> राजनाथ के घर पर हुई बैठक

बैठक में लोकसभा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई। भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए की नई सरकार के गठन के बाद मंत्रियों के विभागों का भी बंटवारा कर दिया गया है। अब लोकसभा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर को लेकर सियासी रणनीति बननी शुरू हो गई है। अब 24 जून से 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू होगा। 26 जून को लोकसभा के स्पीकर का चुनाव होना है। ऐसे में स्पीकर भाजपा का कोई नेता होगा या फिर एनडीए के सहयोगी दलों का, इसे लेकर अब विचार चल रहा है। चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है, इसलिए सहयोगी दलों को लेकर चलना उसकी मजबूरी है। ऐसे में लोकसभा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का पद भी काफी अहम हो जाता है। विपक्षी दल पहले से ही कहते आ रहे हैं कि एनडीए की मौजूदा सरकार स्थिर नहीं है, भविष्य में कुछ भी हो सकता है।

# दिल्ली में पानी की पाइपलाइन काटने की साजिश : आतिशी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** की जल मंत्री आतिशी ने राजधानी में उत्पन्न जल संकट और जल बोर्ड के दफ्तर में तोड़फोड़ की घटना को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की।



उन्होंने कहा कि दिल्लीवालों को परेशान करने के लिए भाजपा ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। भाजपा वालों ने दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर पर हमला करवाया है। दिल्ली में वाटर क्राइसेस पैदा करने में भाजपा का पूरा-पूरा हाथ है। भाजपा के लोग दिल्लीवासियों के खिलाफ षड्यंत्र कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी में पाइपलाइन काटने की साजिश हो रही है।

> जल मंत्री ने पुलिस कमिश्नर को लिखा पत्र
>
> कहा- दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर पर भाजपा ने करवाया हमला

उन्होंने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा है और मुख्य वाटर पाइपलाइन को सुरक्षा देने का आग्रह किया है। यमुना में पानी की कमी के कारण जल उत्पादन में लगभग 70 मिलियन गैलन प्रतिदिन की गिरावट आई है। राजधानी के कई हिस्सों में पानी की कमी हो रही है। राजधानी में जल संकट के पीछे बीजेपी का षड्यंत्र हैं। भाजपा हरियाणा सरकार से दिल्ली का पानी रुकवाती है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने की तोड़फोड़

**भाजपा** ने दिल्ली के 14 जगहों पर मटका फोड़ प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के छतरपुर के जल बोर्ड ऑफिस में तोड़फोड़ की है। उन्होंने मटके ऑफिस के कांच पर फेंककर फोड़ दिए। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि दिल्ली में जल संकट प्राकृतिक समस्या नहीं है। यह 'आप' की ओर से बनाई गई किल्लत है।

## संसद भवन में एक जगह होंगी महान विभूतियों की मूर्तियां

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को संसद भवन परिसर में 'प्रेरणा स्थल' का उद्घाटन किया। यहां महात्मा गांधी, भगवान बिरसा मुंडा, शहीद मेजर दुर्गा मल्ल और अन्य महानुभावों जैसे देश के सभी महानुभावों और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं एक ही स्थान पर स्थापित की गई हैं। जिन विभूतियों की प्रतिमाएं संसद परिसर में स्थापित की गई हैं, उन्होंने हमारे देश के इतिहास, हमारी संस्कृति और हमारे स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस मौके पर राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद थे।

# हिमाचल में भीषण गर्मी, नौ जिले लू की चपेट में, आज भी येलो अलर्ट

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो गया है। रविवार को प्रदेश के 9 जिलों ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, कुल्लू, शिमला, मंडी और सिरमौर में लू चली। इन क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया।

> 18 से 21 तक बारिश के आसार

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने सोमवार को भी अधिकांश क्षेत्रों में लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। न्यूनतम पारा चढ़ने से रात को भी राहत नहीं मिल रही है। 17 जून तक प्रदेश में लू चलने के आसार हैं। 18 जून से प्रदेश में प्री-मानसून की बौछारें पड़ने से कुछ राहत मिलने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में 18 से 21 जून तक बारिश होने की संभावना है। जून के अंत तक प्रदेश में मानसून के प्रवेश करने का पूर्वानुमान है। पहाड़ी क्षेत्रों में इन दिनों अधिकतम तापमान करीब 30 डिग्री चल रहा है। मैदानी राज्यों में पारा 40 से 45 डिग्री के बीच पहुंच गया है। शिमला, मनाली, डलहौजी, कसौली और धर्मशाला के अधिकांश होटलों में इन दिनों सैलानियों की ऑक्यूपेंसी फुल चल रही है। (अनंत ज्ञान)

# भारत में ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स : राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर ईवीएम को लेकर सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर रविवार को एक पोस्ट में शिवसेना शिंदे गुट के उम्मीदवार रवींद्र वायकर से जुड़ी एक खबर भी शेयर की है।



राहुल ने शिंदे पर ईवीएम से छेड़छाड़ कर जीतने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब संस्थाओं में जवाबदेही की कमी होती है, तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है। राहुल लिखा कि भारत में ईवीएम एक 'ब्लैक बॉक्स' है। किसी को भी इनकी स्क्रूटनी करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं। जब संस्थाओं में जवाबदेही की कमी होती है, तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी की संभावना बढ़ जाती है।

### चुनाव आयोग बोला फैलाई जा रही अफवाह

**ईवीएम** की फोन से हैकिंग के विपक्ष के आरोपों पर महाराष्ट्र चुनाव आयोग ने कहा कि मोबाइल ओटीपी की मदद से ईवीएम को अनलॉक नहीं किया जा सकता। वंदना सूर्यवंशी ने अखबार में छपी खबर को लेकर कहा कि ईवीएम किसी डिवाइस से कनेक्ट नहीं रहती। अखबार में छपी खबर पूरी तरह से गलत है। हमनें उन्हें नोटिस भेजा है। मानहानि का भी केस दर्ज किया गया है।

**उपचुनाव** जिताऊ उम्मीदवारी पर बिट्टू पिछड़े, रोचक होगा इस बार मुकाबला

# हमीरपुर में आशीष बनाम पुष्पेंद्र के बीच 'जंग'

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**एक** सप्ताह की माथापच्ची के बाद हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा का नाम फाइनल कर दिया है। अब हमीरपुर में डॉ. पुष्पेंद्र और आशीष शर्मा एक बार फिर आमने-सामने होंगे।



डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा



आशीष शर्मा

पिछले विधानसभा चुनाव में भी तिकोना मुकाबला हुआ था। तब 12000 से ज्यादा मतों से आशीष जीते थे। इस बार मुकाबला सीधा होगा, इसीलिए मुकाबला दिलचस्प होगा। पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस के भीतर सुनील बिट्टू को लेकर जो माहौल बना था, उसमें जिताऊ स्थिति पर आशंका थी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने तमाम नेताओं से जो फीडबैक लिया, उसको फिर से आधार बनाया और अब पुष्पेंद्र को ही फिर से चुनावी जंग में उतारा गया है।

डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने खुद टिकट फाइनल होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से इस बाबत मुख्यमंत्री ने ओके कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### पिछली बार आशीष को दी थी कड़ी टक्कर

**पुष्पेंद्र** के पिता भी विधायक रह चुके हैं। लंबे समय के बाद और फिर से हमीरपुर में डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा कांग्रेस उम्मीदवार से चुनावी जंग में उतरेंगे। पिछले विधानसभा चुनावों में आशीष शर्मा से हार जाने के बावजूद पुष्पेंद्र जमीनी हकीकत को समझते हुए लोगों से जुड़े रहे। हालांकि पिछली बार नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन दो घंटे पहले उनका टिकट फाइनल हुआ था। तब कांग्रेस का सारा कुनबा इसी लेटलतीफी पर बेहद नाराज था। इसके बावजूद तिकोने मुकाबले में पुष्पेंद्र ने भाजपा के उम्मीदवार को तीसरे नंबर पर धकेला था। उन्होंने आशीष शर्मा को कड़ी टक्कर दी थी। वहीं, भाजपा के उम्मीदवार और पिछले चुनाव में निर्दलीय चुनाव जीतने वाले आशीष शर्मा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों का आयोजन कर रहे हैं। डिनर डिप्लोमेसी का दौर जारी है। प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता है और मुख्यमंत्री सुक्खू का यह गृह जिला है, इसीलिए टिकट बदलने का जोखिम जमीनी हकीकत को समझ कर नहीं लिया है। ग्राउंड रिपोर्ट पुष्पेंद्र के हक में गई है। इसमें सुनील शर्मा बिट्टू पीछे रह गए। हालांकि चार दिन पहले शिमला में हमीरपुर शहर के ही कई प्रमुख लोगों के प्रतिनिधिमंडल भी मुख्यमंत्री से मिले थे।






## न्यूज ब्रीफ

### कोटखाई में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** कोटखाई बाजार में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस कथा के लिए कोटखाई बाजार परिसर का स्थान निश्चित किया गया है, श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन कोटखाई बाजार से गांव दरबार शिव मंदिर तक कलश यात्रा निकालकर आयोजन की शुरूआत हुई। कथावाचक रामचंद्र शर्मा ने बताया की भागवत कथा का समय दोपहर 2:00 से 5:00 तक रहेगा। (अनंत ज्ञान)

### समरहिल शिव बावड़ी मंदिर के जंगलों में की सफाई



**रविंद्र जस्टा, शिमला।** समरहिल शिव बावड़ी मंदिर के जंगलों में स्थानीय लोगों ने सफाई अभियान चलाया। इस दौरान जंगल की सफाई की गई। स्थानीय लोगों ने इस अभियान में हिस्सा लिया। वहीं समरहिल के पार्षद ने कहा कि जंगलों में कूड़ा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिससे हमारी वन संपदा को नुकसान से बचाया जा सके। (अनंत ज्ञान)

### महिलाओं ने हासिल की टैक्स पर जानकारी



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज संस्थान मशोबरा के करैगनैनो में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हिमाचल प्रदेश की गैर कृषि सखियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मोनिका के नेतृत्व में आयकर विभाग की सहायक आयुक्त पूनम ठाकुर, कीर्ति पूरी और आस्था द्वारा सभी महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वहीं पूनम ठाकुर ने महिलाओं को जीएसटी टैक्स के बारे में विशेष जानकारी प्रदान की। (अनंत ज्ञान)

### छात्रों ने की भगवान शिव से बारिश की प्रार्थना



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** केपीएस स्कूल कोटखाई के छात्रों ने रैली निकालकर ओम् नमः शिवाय के नारे लगाकर भगवान शिव से बारिश लगने की प्रार्थना की। उसके बाद स्कूल के सैकड़ों छात्रों ने शिवलिंग पर जल अर्पित कर भगवान शिव से बारिश करने की प्रार्थना की है। (अनंत ज्ञान)

### विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया




**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** हेल्प ऐज इंडिया के सौजन्य से आर्यन पब्लिक स्कूल घरयाणा सुन्नी में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार सुन्नी चंद्र मोहन ठाकुर ने मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं बच्चों द्वारा रैली के माध्यम से सुन्नी वासियों को बुजुर्गों के प्रति दुर्व्यवहार की रोकथाम बारे जागरूक किया। (अनंत ज्ञान)

### अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या : पहाड़ी गायक किशन ने नचाए दर्शक

# बॉलीवुड गायक साज भट्ट ने मचाया धमाल

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

शिमला में अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या रूहदारी कव्वालों व बॉलीवुड गायक साज भट्ट ने मचाया धमाल मचाया। इस दौरान रिज मैदान पर दर्शकों ने जमकर आनंद उठाया।

लोग रिज पर झूमते हुए नजर आए। गायक साज भट्ट अपनी प्रस्तुति देखे कभी तू आके यार क्या हाल है तेरे जाने के बाद, दो दो बारिश हो रही है मुद्दतों के बाद जैसे कई गाने गाए दर्शको ने इनके सभी गानों पर खूब मनोरंजन किया।

वहीं पहाड़ी गायक किशन वर्मा ने भी दर्शकों को खूब नचाया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश विधानसभा कुलदीप सिंह पठानिया रहे। इसके साथ ही किशन वर्मा, हनी नेगी अनुज शर्मा ने भी शानदार प्रस्तुति दी। रूहदारी कव्वालियों ने शिमला के रिज मैदान पर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान हिमाचली नाटी, पंजाबी भांगड़ा और राजस्थानी नृत्य से कलाकारों ने लोगों का मनमोहा। अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव के दौरान लोगों ने राजस्थानी कलाकारों के लोग दिवाने हो गए। दिन में तपती धूप के बीच रिज मैदान पर राजस्थानी कलाकारों ने कच्ची घोड़ी और कठपुतली नृत्य पेश किया। इन कलाकारों का नृत्य देखने के लिए सैलानियों और स्थानीय लोगों की भीड़ लगी रही। (अनंत ज्ञान)



कार्यक्रम में मौजूद एक कलाकार।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व दर्शक।

### परिवहन विभाग ने पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

**परिवहन** विभाग के सड़क सुरक्षा प्रभाग ने लोगों को रिज मैदान पर सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया। लोगों को गीतों व नाटकों के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। इसके अलावापरिवहन विभाग के सड़क सुरक्षा प्रभाग ने लोगों को रिज मैदान पर सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया।

### आज महाक्ष्मी अय्यर मचाएगी धमाल

**शिमला** के रिज मैदान पर तीसरी सांस्कृतिक संध्या में बॉलीवुड गायिक महालक्ष्मी अय्यर धमाल मचाएगी। सांस्कृतिक संध्या से पहले रिज मैदान पर फैशन शो भी आयोजित किया जाएगा। फैशन शो में शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों अपने अपने क्षेत्रों की परिधान पहनकर संस्कृति का प्रदर्शन करेगी।

# लिप्पा पंचायत को करोड़ों की सौगात



विकास कार्यों का शिलान्यास करते जगत सिंह नेगी।

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

गृह क्षेत्र किन्नौर पहुंचे राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने पूह उपमंडल के लिप्पा पंचायत क्षेत्र का दौरा किया। लिप्पा पहुंचने पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने नेगी का स्वागत किया।

प्रवास के दौरान उन्होंने लिप्पा पंचायत क्षेत्र में दो करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से बने बैली ब्रिज का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने लिप्पा में ही दो करोड़ 50 लाख रुपए की राशि से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन तथा दो करोड़ 23 लाख रुपए की लागत में बनने वाले पानसारिंग संपर्क सड़क मार्ग का भी शिलान्यास किया।

लिप्पा पंचायत क्षेत्र के दौरे के दौरान बागवानी मंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में विकास का कई आयाम स्थापित किए जा रहे है। जनजातीय क्षेत्र किन्नौर में वन अधिकार अधिनियम के तहत पात्र लोगों को भूमि उपलब्ध करवाने के लिए सरकार प्रयासरत है।

इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए ब्लॉक सहित जिला स्तर पर कमेटियों का गठन किया गया है ताकि सभी पात्र व्यक्तियों को भूमि उपलब्ध करवाई जा सके। नेगी ने ग्रामीणों की जनसमस्याएं भी सुनी तथा कई अधिकारियों को मौके पर ही कार्यों को निपटाने के भी आदेश दिए। (अनंत ज्ञान)

## बरसात के दौरान लोगों को राहत प्रदान करेंगे आपदा मित्र

**सपना सूद, नेरवा।** प्रदेश में शीघ्र ही मानसून के दस्तक देने की संभावनाओं को देखते हुए चौपाल प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है ताकि भारी बरसात के दौरान लोगों को राहत प्रदान की जा सके और इससे होने वाले नुक्सान पर भी काबू पाया जा सके।

एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा ने बताया कि भारी बरसात की स्थिति से निबटने के लिए उपमंडल की नेरवा और चौपाल तहसील की सभी 48 पंचायतों में पांच से सात आपदा मित्रों की तैनाती की गई है। यह आपदा मित्र आपदा की स्थिति में क्षेत्र के पटवारी के साथ संपर्क में रह कर उन्हें अपडेट करेंगे। सभी पंचायत प्रधानों को भी निर्देश दिए गए है कि आपदा मित्रों के साथ समन्वय स्थापित कर बरसात शुरू होने से पहले अपनी अपनी पंचायत के हर वार्ड में जागरूकता शिविरों का आयोजन कर लोगों को आपदा प्रबंधन के लिए जागरूक करें। (अनंत ज्ञान)

# सावड़ा कॉलेज में 'उन्नयन कार्यक्रम' का किया आयोजन




सावड़ा कॉलेज में उन्नयन कार्यक्रम के अवसर पर शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग।

**दशमी रावत, जुब्बल**

लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय सरस्वती नगर में साप्ताहिक संकाय उन्नयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आगाज 10 जून 2024 को कार्यवाहक प्राचार्य गोवर्धन चौहान की अध्यक्षता में हुआ।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ डा. हर्ष भारद्वाज द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस कार्यक्रम के तहत सभी प्रतिभागियों ने चांशल घाटी का दौरा किया व चांशल घाटी के प्राकृतिक सौंदर्य को जानने का प्रयास किया।

इस कार्यक्रम के समापन के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रेम प्रकाश चौहान ने सभी वक्ताओं की शिक्षण कला की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में महाविद्यालय में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए कार्य किया जाएगा।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रेम प्रकाश चौहान ने सभी वक्ताओं को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हार्दिक बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

# जहारु गांव में सेब के बगीचे में लगी आग

**भरत ठाकुर, कोटखाई**

कोटखाई तहसील के अंतर्गत बखोल पंचायत के जहारु गांव में आग के कारण लगभग एक हजार सेब व नाशपाती के पौधे आग की चपेट में आ गए है।

पुलिस को जानकारी देते हुए गांव के बागवान बीशन सिंह ने बताया कि उनके भी लगभग 500 पौधे इस आग की चपेट में आए हैं। साथ ही और भी कई बागवानों के बगीचे जले हैं। आग की चपेट में आए पौधों का आंकड़ा एक हजार के करीब है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह आग जल शक्ति विभाग की पाइप ठीक करते हुई लगी है। जहां बेल्डिंग करते वक्त चिंगारी से यह आग भड़की और आग लगने के बाद वहां से काम करने वाले कर्मचारी मौके पर से भाग गए।



पीड़ित पुलिस को जानकारी देते हुए।

अग्निकांड की घटना कोटखाई थाने में दर्ज करवाई गई है। पीड़ित बागवानों ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है। वहीं जल शक्ति विभाग गुम्मा एसडीओ हिमांशु वर्मा ने बताया कि आगजनी वाली जगह पर पाइपलाइन दुरुस्ती का कार्य चल रहा था। उन्होंने बताया कि काम ठेकेदारी पर चल रहा था। जांच के बाद स्पष्ट हो पाएगा कि मामला क्या है और आग किन कारणों से लगी है। (अनंत ज्ञान)

## सनरॉक प्ले स्कूल गुम्मा कोटखाई में मनाया फादर्स-डे

**भरत ठाकुर, कोटखाई**

सनरॉक प्ले स्कूल गुम्मा कोटखाई में फादर्स-डे का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों, प्रधानाचार्या शैलजा अमरेईक व स्टाफ की समस्त सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान स्कूल की प्रिंसिपल शैलजा अमरेईक व स्टाफ ने बच्चों के कार्यक्रम का आनंद लिया। प्रधानाचार्य शैलजा अमरैईक ने स्कूल द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे योगदान से अभिभावकों को अवगत कराया।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए बच्चे।

उन्होंने कहा कि सनरॉक प्ले स्कूल क्षेत्र के बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान करने का हर संभव प्रयास कर रहा है व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत है। (अनंत ज्ञान)

# दसलेहड़ा के आर्यन शर्मा बने फाइटर जेट पायलट

**गोपाल कपिल, झंडूता**



दसलेहड़ा के 21 वर्षीय आर्यन शर्मा ने हैदराबाद में वायु सेना अकादमी (एएफए) से फाइटर जेट पायलट के रूप में नियुक्त होकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वह कर्नाटक के बीदर में अपनी सेवाए देंगे।आर्यन ने 2020 में सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की और उसी वर्ष 2020 में अपने पहले प्रयास में एनडीए में भी सफलता प्राप्त की।

इसके बाद वह पुणे में एनडीए, विशेष रूप से फ्लाइंग ब्रांच में शामिल हो गए, और तीन साल का गहन कोर्स शुरू किया, जिसे उन्होंने 2023 में पूरा किया। अगले वर्ष, उन्हें कठोर प्रशिक्षण और तैयारी से गुजरना पड़ा, जिसकी परिणति 15 जून, 2024 को फाइटर जेट पायलट के रूप में उनकी कमीशनिंग के रूप में हुई। आर्यन के पिता मनोज कुमार शर्मा भौतिकी में प्रवक्ता,जो वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जड्डू कुलज्यार में कार्यरत है और उनकी माता वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में कार्यरत है। आर्यन अपनी सफलता का श्रेय अपने दृढ़ निश्चय और कड़ी मेहनत को देते हैं। (अनंत ज्ञान)

## फंदा लगाकर की आत्महत्या

**गोपाल कपिल, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बैहरन गांव के एक व्यक्ति ने फांसी लगकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक की पत्नी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि इसका पति झण्डूता में सुनार की दुकान करता था। उसने बताया कि करीब सात माह पहले इसके पति ने एक व्यक्ति से 1,50000 रुपय की राशि उधार लिया था। जिसमें से 1,20000 रूपये इसके पति ने वापिस भी कर दिये थे। इसके बाद भी वह व्यक्ति इसके पति को बार-बार फोन करके मानसिक तौर पर प्रताड़ित कर रहा था। जिस कारण कई दिनों से इसका पति काफी परेशान रह रहा था। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति इसे बार- बार बताता था कि वह व्यक्ति इसे नहीं छोड़ेगा वह मुझे जेल पहुंचा देगा, जिस कारण इसका पति मानसिक तौर पर काफी परेशान चल रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी करवाई शरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

# मां नयनादेवी मंदिर में 25 हजार श्रद्धालुओं ने टेका माथा



**शुभम राही, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में आज रविवार के दिन पच्चीस हजार के करीब श्रद्धालुओं ने माता जी के दर्शन किए और माताजी का शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर के द्वारा सुबह 4 बजे खोल दिए गए थे। सुबह से ही पंजाब हिमाचल हरियाणा दिल्ली और अन्य प्रदेशों से भारी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचना शुरू हो गए थे और मंदिर के आसपास के क्षेत्र में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। श्रद्धालुओं ने जहां पर माता जी का आशीर्वाद प्राप्त किया वहीं पर प्राचीन हवन कुंड में आहुतियां भी डाली। मंदिर में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने श्रद्धालुओं की भीड़ पर नियंत्रण बनाए रखा और उन्हें लाइनों में ही माता जी के दर्शन के लिए भेजा गया, जबकि मंदिर के बाहर होमगार्ड के जवानों ने भी भीड़ पर नियंत्रण बनाए रखा और फ्लाईओवर के माध्यम से श्रद्धालुओं को मंदिर भेजा।गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं ने तीन-चार घंटे लाइनों में खड़े होकर माताजी के दर्शन किए और माता का शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया। (अनंत ज्ञान)

# शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए कूड़ा निष्पादन की कारगर व्यवस्था होगी : कमल

### नगर परिषद बिलासपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बोले, विकास कार्यों को देंगे रफ्तार

**शुभम राही, बिलासपुर**

नगर परिषद बिलासपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमल गौतम ने कहा कि बिलासपुर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने तथा विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से अमलीजामा पहनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। शहरवासियों के सुझाव लेकर उन्हीं के अनुसार काम किया जाएगा। हालांकि प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा राजनीतिक द्वेष भावना से काम करने की वजह से बिलासपुर शहर के विकास पर ग्रहण लग गया है, लेकिन केंद्र में भाजपा की सरकार है।

लिहाजा बिलासपुर शहर को आर्थिक रूप से मजबूत करके इसे नई पहचान दिलाने के साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश से कम से कम एक बड़ा प्रोजेक्ट केंद्र को भेजकर उसे मंजूरी दिलाई जाएगी।



नप बिलासपुर के अध्यक्ष कमल गौतम जेपी नड्डा के साथ।

बिलासपुर नगर परिषद के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए कमल गौतम ने कहा कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए कूड़े के निष्पादन की कारगर व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए कूड़े-कचरे के हॉट स्पॉट चिन्हित किए जाएंगे। डंपिंग साइट में रिसाइकलिंग मशीन काफी समय से काम नहीं कर रही है। उसे सुचारू तरीके से चलाया जाएगा, ताकि कचरे की रिसाइकलिंग में कोई समस्या न हो।

उन्होंने अपनी जीत का श्रेय भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान, सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर तथा पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ ही भाजपा समर्थित पार्षदों संतोष जोशी, नीतू मिश्रा, वीना पंडित, नरेश कुमारी व सोनिया को देते हुए उनका आभार जताया है। उन्होंने कहा कि सभी पार्षदों को साथ लेकर जनहित में काम किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# टकरेडा में खेतों में लगाए एलटी बॉक्स हादसे को दे रहे न्योता

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



विद्युत बोर्ड उपमंडल कंदरौर के तहत टकरेडा गांव में बोर्ड की लापरवाही के चलते बिना सुरक्षा गार्ड के लगाए गए एलटी बॉक्स हादसे को न्योता दे रहे हैं। एलटी बॉक्स के फ्यूज बॉक्स खुले छोड़े गए हैं। इसमें बिजली की नंगी तारे लटक रही है। इसकी चपेट में आकर लोग दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। ग्राम पंचायत टकरेडा में एक किसान की निजी भूमि के उपजाऊ खेतों के बीचो-बीच दो एलटी बॉक्स लगाए गए हैं। लेकिन दोनों ही एलटी बॉक्स में ढक्कन तक नही लगाया गया है।

गांव टकरेडा निवासी जगदीश की निजी भूमि पर बिजली बोर्ड द्वारा दो एलटी बॉक्स लगाए गए हैं लेकिन बोर्ड द्वारा इन दोनों एलटी बॉक्स को खुला छोड़ दिया गया है। जबकि इसमें लगाए गए फ्यूज तथा नंगी तारे देखकर खेत में जाने से भी डर लगता है। जगदीश का कहना है कि वह इसके बारे में कई बार बोर्ड को अवगत करवा चुके हैं लेकिन बोर्ड ने अभी तक इस पर कोई भी कार्रवाई करना उचित नहीं समझी है।जगदीश का कहना है कि जहां पर यह एलटी बॉक्स लगाए गए हैं उसके साथ ही उसके उपजाऊ खेत तो है ही साथ में इसका एक बगीचा भी है तथा उसके परिवार के लोगों को अक्सर वहां जाना पड़ता है। लेकिन एलटी बॉक्स की हालत देखकर परिवार के किसी भी सदस्य को वह खेतों में नहीं जाने देते हैं।जिससे उनकी फसल तथा बगीचे में लगाए पेड़ों की देखभाल भी नहीं हो पाती है।

जगदीश के अनुसार अभी दो दिन पहले ही इन बॉक्स में अचानक स्पार्किंग होने की वजह से वहां पर आग लग गई थी जिसे बड़ी मुश्किल से बुझाया गया है।

> मामला पहले ध्यान में नहीं था, लेकिन जल्द ही कर्मचारी भेज कर वहां पर लगाए गए एलटी बॉक्स को बंद करवा दिया जाएगा। इसके अलावा जो भी फ्यूज तथा तारें बॉक्स में खुली होंगी, तो उन्हें भी ठीक करवा दिया जाएगा।
>
> **- रविंद्र कुमार, सहायक अभियंता, विद्युत बोर्ड**

गांव के अधिकतर लोगों की भी शिकायत है की एलटी बॉक्स के पास से लोगों हमेशा आना-जाना लगा रहता है, लेकिन जिस तरह से यह बॉक्स खुले छोड़े हैं उसे हमेशा हादसे का डर बना रहता है। इसलिए गांव वासियों ने बोर्ड अधिकारियों से अपील की है कि जल्द से जल्द इन एलटी बॉक्स में कोई सुरक्षा गार्ड लगाया जाए तथा इनमें लगाए गए बॉक्स को ढक्कन लगाने के साथ-साथ उनके फ्यूज को भी पूरी तरीके से बंद किया जाए, ताकि किसी तरह के हादसे से बचा जा सके। (अनंत ज्ञान)

**राजनीति** | घुमारवीं भाजपा ने अनुराग ठाकुर की जीत पर सभी बूथों के कार्यकर्ताओं का जताया आभार

# भाजपा जनता के लिए हमेशा कार्य करती रहेगी: राजेंद्र गर्ग

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

भाजपा घुमारवीं मंडल ने हाल ही में ही हुए लोकसभा चुनावों में घुमारवीं विधानसभा से हमीरपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी रहे अनुराग सिंह ठाकुर को मिली जीत के लिए सभी 111 बूथों से आए कार्यकर्ताओं के लिए आभार बैठक का आयोजन घुमारवीं स्थित कृष्णा पैलेस में किया। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने की। इस आभार बैठक में घुमारवीं विधानसभा से पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने आए सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया साथ ही सभी को घुमारवीं विधानसभा के सभी बूथों से मिली लीड के लिए धन्यवाद भी किया साथ ही जहां लीड में पिछड़े है वहां से किस प्रकार दोबारा भाजपा को आगे करना है इस बारे भी चिंतन की बात कही। उसके उपरांत कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार रखे व कई विषयों पर चर्चा की साथ ही केंद्र में भाजपा को मिली जीत व तीसरी बार नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई प्रस्ताव भी रखा व केंद्र सरकार में मोदी कैबिनेट में जगत प्रकाश नड्डा को मंत्री बनाने पर व अनुराग ठाकुर को लगातार पांचवीं बार सांसद बनने का बधाई व धन्यवाद प्रस्ताव भी रखा गया। उसके उपरांत पूर्व विधायक व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने अपने संबोधन में सभी कार्यकर्ताओं को जीत व बिलासपुर जिला में घुमारवीं विधानसभा में सबसे ज्यादा लीड आने पर धन्यवाद किया साथ ही जीत का क्रम लगातार चलता रहे हर कार्यकर्ता जिम्मेदारी से अपने बूथ पर भाजपा की नीतियों से सभी को अवगत करवाने का कार्य करता रहे और प्रदेश में सत्ता पक्ष द्वारा फैलाये शगुफों से लोगों को समय-समय पर जागरूक करता रहे तो विफलता से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को जनता की कोई फिक्र नहीं है। जल, विद्युत कमी से जनता त्राही त्राही कर रही है और सरकार के कान तक उनकी गूंज तक नही पहुंच रही है।





भाजपा जनता के लिए कार्य करती है और हमेशा करती रहेगी,विकास हमेशा प्राथमिकता रहा है और रहेगा, यदि यही हाल रहता है तो भाजपा बड़ा आंदोलन करने से भी पीछे नही हटेगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता आज से ही अपने बूथ पर सक्रिय होकर कार्य करना शुरू कर दे जिससे भविष्य में कोई परेशानी सामने न आये।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को आभार बैठक मे हमीरपुर संसदीय सीट से अनुराग ठाकुर को दिलवाई जीत के लिए धन्यवाद किया।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नवीन शर्मा, मंडल महामंत्री जोरावर सिंह,पंकज चंदेल ,मंडल मीडिया प्रभारी महेंद्र पाल रतवान सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### चूड़धार जा रहे श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत

**शिमला।** सिरमौर जिले की सबसे ऊंची चोटी चूड़धार तीर्थ के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालु की बीच रास्ते में हार्टअटैक से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के



अनुसार चौपाल में कपड़े की दुकान करने वाला राजेश कुमार (44) शनिवार को चूड़धार स्थित भगवान शिव मंदिर में दर्शन करने जा रहा था। उनके साथ पत्नी और भाई भी थे। कालाबाग नामक स्थान पर राजेश के सीने में अचानक दर्द हुआ और वह गिर पड़े। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। देर शाम चौपाल पुलिस का दल घटनास्थल पर पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक राजेश कुमार पंजाब के पठानकोट का मूल निवासी था और पिछले काफी समय से परिवार संग चौपाल में रह रहा था। (अनंत ज्ञान)

### नशीली दवा की तस्करी में पांच गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** अपर शिमला के चौपाल कस्बे में पुलिस ने शनिवार आधी रात को मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से नशीली व प्रतिबंधित दवा केडीज़रेक्स की 38 बोतलें बरामद की हैं। पुलिस ने एक सूचना पर शनिवार आधी रात को चौपाल कस्बे में एक मकान में दबिश देकर आरोपितों को धर दबोचा। यह आरोपित किराए के मकान पर रह कर नशीली दवाओं की तस्करी को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने यहां से नेरवा निवासी 25 वर्षीय चिराग और 25 वर्षीय निशांत, चौपाल निवासी 31 वर्षीय राकेश, 34 वर्षीय गुलशन और कुपवी निवासी 25 वर्षीय पवन को गिरफ्तार किया है।



### श्रीखंड यात्रा : श्रद्धालु की पैर फिसलने से मौत

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** उत्तर भारत की सबसे कठिनतम 18,570 फीट पर स्थित श्रीखंड महादेव की यात्रा आधिकारिक रूप से अभी शुरू नहीं हुई है। अधिकारिक यात्रा शुरू होने से पूर्व कई श्रद्धालु यात्रा पर निकल रहे हैं और हादसों का शिकार हो रहे हैं। अभी तक यात्रा पर गए जहां एक व्यक्ति की पहले ही मौत हो चुकी है वहीं, अब हरियाणा का एक और युवक भी हादसे का शिकार हो गया है। यात्रा पर गए हारियाणा के 32 वर्षीय युवक की पैर फिसलने से मौत हो गई है। मृतक युवक हिसार हरियाणा का रहने वाला है। युवक का नाम रोहित पुत्र इंद्रजीत है। रोहित के साथ उसके साथी भी श्रीखंड यात्रा पर निकले थे। साथियों ने घटना की सूचना निरमंड पुलिस को दी जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से शव को निरमंड अस्पताल लाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### आशीष शर्मा 18 जून को भरेंगे नामांकन



**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर।** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव के लिए घोषित बीजेपी प्रत्याशी आशीष शर्मा 18 जून को अपना नामांकन दाखिल करेंगे इस मौके पर प्रदेश भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। इसके लिए भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। काबिले गौर यह है कि हिमाचल में राज्यसभा सदस्य के चुनाव के दौरान ऑपरेशन लोटस को लेकर जो राजनीतिक घटनाक्रम हुआ था उसके बाद आशीष शर्मा ने निर्दलीय विधायक के रूप में इस्तीफा दे दिया था। यह इस्तीफा कुछ समय पहले ही विधानसभा अध्यक्ष ने मंजूर किया था। इस संदर्भ में अब हिमाचल के तीन विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ में उपचुनाव हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस के राज में कानून व्यवस्था ठप : सुमित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा प्रदेश सचिव एवं संसदीय क्षेत्र हमीरपुर ने सह प्रभारी सुमित शर्मा ने कहा की जब-जब हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आती है तब-तब कानून व्यवस्था ठप हो जाती है, यह अब से नहीं है पहले से ही चली आई प्रक्रिया है और वर्तमान सरकार ने इस प्रथा को आगे ही बढ़ाया है। हिमाचल के 12 जिलों में जनता, आन जनमानस, पर्यटक परेशान है, महिला, वरिष्ठ नागरिक, बच्चे असुरक्षित है पर कांग्रेस सरकार मस्त है। उन्होंने कहा की हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले से महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म जैसी घटनाएं सामने आ रही है। धर्मशाला में विदेशी महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के दो मामले सामने आए हैं। एक ओर जहां पोलैंड की एक महिला को स्थानीय युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया वहीं, दूसरी ओर दवा लेकर लौट रही एक ब्रिटेन की महिला से एक युवक ने छेड़छाड़ की। दोनों ही आरोपी स्थानीय युवक बताए जा रहे हैं। धर्मशाला के साथ लगते मैक्लोडगंज में ब्रिटेन से आई महिला के साथ अश्लील हरकत और छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है।

### हिमाचल में कानून व्यवस्था भगवान भरोसे : सुखराम

**अनंत ज्ञान, सिरमौर/सोलन।** प्रदेश में एक साथ युवक व युवती के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। यह सनसनीखेज मामला सिरमौर जिले के मुख्यालय नाहन के पास जंगल से सामने आया है। इस मामले को लेकर भाजपा के पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक सुखराम चौधरी ने कहा की हिमाचल में सच में कानून व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है, हर रोज कोई न कोई क्राइम की घटना सामने आ रही है और क्राइम की गति प्रदेश में जबरदस्त तरीके से बड़ रहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले की सूचना पुलिस को बीती रात मिली थी, जिसके बाद मौके पर सुरक्षाकर्मियों को तैनात कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)



### माता के दरबार पहुंचे विधायक रणजीत सिंह



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के नवनिर्वाचित विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने रविवार को शक्तिपीठ माता ज्वाला के दर्शन किए। उनके साथ उनके पारिवारिक सदस्य भी इस अवसर पर मौजूद रहे। कैप्टन रंजीत ने बताया कि माता से उन्होंने अपनी जीत की कामना की थी जिसके पूरे होने पर वह माता के मंदिर में परिवार सहित पहुंचे। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।

# इस बार हिमाचल में सामान्य रहेगा मानसून

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

प्रदेश में इस बार मानसून के दौरान लोगों को ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की भविष्यवाणी के मुताबिक इस बार मानसून के सामान्य रहने का पूर्वानुमान है। मानसून की एंट्री 24 जून के आसपास हो सकती है, लेकिन प्री मानसून 18 जून से शुरू होगा। फिर भी लोगों को मानसून से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। इस बार सबसे अच्छी बात यह है कि सरकार ने भी मानसून से निपटने के लिए कमर कस ली है। सरकार पिछली बार की तरह लापवाही नहीं बरतना चाहती है, क्योंकि पिछली बार भी सरकार की मानसून से निपटने को तैयारियां नहीं थी ऐसे में इसका खामियाजा लोगों को भुगतने को मिला था।

बीते साल मानसून के दौरान हुई भारी बारिश ने जमकर तबाही मचाई थी। जहां एक तरफ सरकार को मानसून की बारिश से करीब 12 हजार करोड़ का नुकसान हुआ, वहीं 500 से ज्यादा लोगों को अपनी जान भी गंवानी पड़ी।

हालांकि मौसम विज्ञान केंद्र ने भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया था, लेकिन राज्य सरकार और प्रशासन की इससे निपटने को लेकर कोई पुख्ता तैयारी नहीं थी। हालांकि आपदा के बाद राज्य सरकार ने बेहतरीन के साथ काम किया और प्रभावितों तक राहत भी पहुंचाई। अब राज्य सरकार ने मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के साथ समन्वय स्थापित कर भारी बारिश के दौरान होने वाले नुकसान को कम करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। मानसून से निपटने को हिमाचल सरकार ने शिमला, चंबा सिरमौर, मंडी और कुल्लू में एनडीआरएफ की छोटी टुकड़ी स्थापित करने का फैसला लिया है। संबंधित जिला के उपायुक्तों को दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



#### 2023 में 2,944 घर पूरी तरह से हुए थे तबाह

**हिमाचल** प्रदेश में बीते साल 2023 में मानसून सीजन में भारी तबाही हुई थी। जहां प्रदेश में 500 से ज्यादा लोगों की मौत भारी बारिश की वजह से हुई थी। वहीं हिमाचल आपदा प्रबंधन की रिपोर्ट के अनुसार, मॉनसून सीजन में 2,944 घर पूरी तरह से तबाह हो गए थे जबकि 12,304 घरों को आशिंक तौर पर नुकसान पहुंचा था। बारिश, फ्लैश फ्लड और लैंडस्लाइड से 422 दुकानें जमींदोज हो गई, जबकि 7,250 गौशालाएं भी ध्वस्त हो गई थी। हिमाचल प्रदेश में पूरे सीजन में 169 लैंडस्लाइड हुए थे, जबकि 72 बार फ्लैश फ्लड देखने को मिला था। बता दें कि हिमाचल में 24 जून को मॉनसून की एंट्री हुई थी। ऐसे में इस बार भी उम्मीद है कि जून के मध्य के बाद हिमाचल में मॉनसून की एंट्री हो सकती है।

#### पहाड़ों की कटाई पर रहेगा प्रतिबंध

नदी किनारे रह रहे प्रवासी मजदूरों को अन्य स्थानों पर बसाया जाएगा, ताकि जान-माल की हानि न हो। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की तरफ से खाद्य आपूर्ति विभाग को भी पर्याप्त खाद्य सामग्री का भंडारण करने के निर्देश दिए जा चुके है। इससे आपदा की स्थिति में प्रभावित लोगों को अनाज की कमी नहीं होगी। आपदा के दौरान उपयोग की जाने वाली सामग्री के दाम में बढ़ौतरी न हो, हिमाचल प्रदेश सरकार ने फैसला लिया है कि इस बार मानसून सीजन के दौरान पहाड़ों की कटाई पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।

#### हिमाचल में 50 साल में हुई औसतन 734.4 एमएम बारिश

हिमाचल प्रदेश में बीते 50 साल (1971–2020) में दक्षिणी मॉनसून के दौरान औसतन 734.4 बारिश हुई है। वहीं इस दौरान जून महीने में इस दौरान 101.1 एमएम बारिश दर्ज की गई है। हालांकि मॉनसून की शुरुआत के बाद के समय में ला–नीना इफेक्ट देखने को मिलेगा।

### युवक–युवती के शव पेड़ से लटके मिले

**एसपी जैरथ, नाहन।** नाहन के रामाधौन रोड तालों के जंगल में पाइपलाइन के साथ पेड़ से लटके युवक–युवती का शव बरामद हुए हैं। दोनों शव काफी गली सड़ी अवस्था में थे। युवक–युवती के शव मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। इस घटना की बाबत सेन की सैर पंचायत के प्रधान द्वारा सदर थाना पुलिस को जानकारी दी गई थी।

जानकारी मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने बताया युवती ने हरे रंग के कपड़े और युवक ने ग्रे रंग की पैंट धारीदार सफेद कमीज पहनी हुई थी। इस घटना की जानकारी सदर थाना के द्वारा जिला पुलिस कप्तान को दे दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा भी जा चुका है। पुलिस ने आसपास व साथ लगते राज्यों में गुमशुदगी के मामलों की बाबत भी जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

जिला पुलिस कप्तान रमन कुमार मीणा ने बताया कि दोनों शव काफी पुराने लग रहे हैं। इस पूरी घटना की बारीकी से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और शिनाख्त के बाद ही आगे की जानकारी दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# बल्क ड्रग पार्क परियोजना में होगा एक हजार करोड़ का निवेश : अग्निहोत्री

## उपमुख्यमंत्री ने बढ़ेड़ा में किया आयुर्वेदिक अस्पताल का शुभारंभ

**राजेश शर्मा, ऊना**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल सरकार ऊना जिले के हरोली विधानसभा क्षेत्र में बनने जा रही महत्वाकांक्षी बल्क ड्रग पार्क परियोजना में एक हजार करोड़ रुपए का निवेश करेगी। परियोजना का कुल खर्च राज्य और केंद्र सरकार द्वारा 50–50 फीसदी की हिस्सेदारी में वहन किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने ऊना जिले के बढ़ेड़ा में एक जनसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना जिले समेत पूरे प्रदेश के लिए विकास और रोजगार सृजन में मिसाल बनेगी। जल्द ही हरोली के पंजुआणा में इस परियोजना के प्रशासनिक खंड का शिलान्यास किया जाएगा।

इससे पहले, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बढ़ेड़ा स्थित हिमकेप्स नर्सिंग कॉलेज में 40 बिस्तरों की सुविधा वाले मल्टीस्पेशलिटी आयुर्वेदिक अस्पताल का शुभारंभ किया। इस दौरान कुटलैहड़ के नव निर्वाचित विधायक विवेक शर्मा भी उनके साथ रहे। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि आयुर्वेद भारत की देशज चिकित्सा पद्धति है। सरकार प्रदेश में इसे आगे बढ़ाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने आशा जताई कि यह अस्पताल अपनी विशिष्ट सेवाओं से प्रदेश और देश में ख्याति अर्जित करेगा। उन्होंने सोसाइटी सदस्यों की मांग पर जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को संस्थान में पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को कहा। मुकेश अग्निहोत्री ने अस्पताल में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर का भी शुभारंभ किया। इस शिविर में आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल पपरोला के वरिष्ठ चिकित्सकों ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की। क्षेत्र के करीब 500 लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया।



आयुर्वेदिक अस्पताल का शुभारंभ करते उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

#### अब अपनी बिजली पैदा करेगा ऊना

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ऊना अब बिजली पैदा करने वाला जिला बन गया है। हाइड्रो क्षेत्र में विद्युत उत्पादन के साथ-साथ अब प्रदेश में सौर ऊर्जा क्षेत्र के दोहन की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। पेखूबेला में हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की 32 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना बनकर तैयार हो गई है। 20 जून को मुख्यमंत्री इसका लोकार्पण करेंगे।

#### प्रगति पथ पर अग्रसर ऊना

ऊना जिला आज औद्योगिक विकास का हब बनकर प्रगति पथ पर अग्रसर है। ऊना निवेशकों के लिए पूंजी लगाने का पसंदीदा जिला बन गया है। प्रदेश सरकार जिले के समग्र और तीव्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जिले में करीब एक हजार करोड़ की पानी की परियाजनओं के काम किए जा रहे हैं। कुटलैहड़ में करीब मंदली-लठियाणी पुल के निर्माण पर करीब 950 करोड़ रुपए खर्चे जाएंगे।

### लोग पानी को तरस रहे, सरकार चहेतों को कैबिनेट रैंक बांट रही : डॉ. बिंदल

**एसपी जैरथ, नाहन**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि जहां पूरा हिमाचल प्रदेश तेज गर्मी और लू से जल रहा है। बंदू–बूंद पानी को तरस रहा है, वहीं प्रदेश की कांग्रेस सरकार, अपने चहेतों को कैबिनेट रैंक बांटने में लगी है।

कर्ज में लिया हुआ पैसा केवल दोस्तों को, मित्रों को खुश करने में लगाया जा रहा है, जबकि आम जनमानस पीने के पानी की एक–एक बूंद के लिए त्राहिमाम कर रहा है। जो पेयजल योजनाएं पिछले साल तक खूब पानी पीला रही थी, एक साल में ही उन पेयजल योजनाओं का इस कांग्रेस सरकार ने बंटाधार कर दिया है, क्योंकि प्रदेश सरकार को केवल अपने चहेतों की चिंता है, जनता की नहीं। बिंदल ने कहा कि दो महीनों से पूरे प्रदेश के जंगल धू–धू कर जल रहे हैं और मुख्यमंत्री और मंत्रियों की फौज एसी और कूलर में बैठकर जंगलों में लगी आग का तमाशा देख रहे हैं। सरकार मित्रों में मस्त है और जनता त्रस्त है। (अनंत ज्ञान)

### कलूर के युवक की मौत पर मुख्यमंत्री ने शोक जताया

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन उपमंडल के कलूर के गांव गारनी के 30 वर्षीय युवक सन्नी पुत्र सुरजीत सिंह की एक हादसे में मौत हो गई है। मृतक अपने पीछे पत्नी, बेटा व माता–पिता को छोड़ गया है। सन्नी रविवार को अपने दोस्त के साथ उसकी बहन को ट्रेन में बैठाने के लिए अंब रेलवे स्टेशन गया था। उनकी बहन को ज्यों ही सीट पर बैठाया ट्रेन चल पड़ी और दोनों दोस्त जल्दबाजी में ट्रेन से उतर रहे थे कि ट्रेन ने स्पीड पकड़ ली जिससे सन्नी दरबाजे से गिर गया गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सन्नी के निधन पर मुख्यमंत्री सुक्खू, उनकी पत्नी कमलेश ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद ने शोक जताया।

### हिमाचल यथाशीघ्र दिल्ली को पानी देना शुरू करे : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा है कि देश की राजधानी दिल्ली में वहा की जनता पानी की भयंकर समस्या से जूझ रही है। हिमाचल के पास पर्याप्त पानी है। इस बात को हिमाचल के मुख्यमंत्री ने भी स्वीकार किया है। शांता कुमार ने कहा कि हिमाचल सरकार से विशेष आग्रह किया है कि यथाशीघ्र दिल्ली को पानी देना शुरू करें।

उन्होंने कहा कि मानवीय आधार पर भी यह हिमाचल का फर्ज है। हिमाचल को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि दिल्ली में हिमाचल के लाखों लोग रहते हैं। उनका भी हिमाचल के पानी पर अधिकार है। गौरतलब है कि शांता कुमार इससे पहले भी दिल्ली को पानी देने की बकालत कर चुके हैं।

### सरकारी दबाव बनाकर सत्ता में रहना चाहते हैं सीएम सुक्खू : संदीपनी

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा की सरकारी दबाव बनाकर सत्ता में रहना चाहते है सीएम सुक्कू, सत्ता जाने का भय मुख्यमंत्री को लगातार चिंता देता चला जा रहा है और उनके मित्र भी इससे परेशान है क्योंकि सत्ता चली गई तो वह सत्ता सुख भोग नहीं पाएंगे।

यही तो एक बहुत बड़ा कारण है कि विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र ही सीएम रहे ऐसा प्रस्ताव पारित हुआ। उन्होंने कहा की नगर निगम सोलन की महापौर ऊषा शर्मा और पूर्व महापौर पूनम ग्रोवर को पार्षद पद से अयोग्य करार दे दिया है, जबकि पूर्व उप महापौर राजीव कौड़ा और पार्षद अभय शर्मा कार्रवाई से बच गए हैं। दोनों के खिलाफ कोई सबूत न मिलने पर उनकी सदस्यता बरकरार है। शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। दोनों पार्षदों को अब निष्कासित कर दिया गया है।

यह कार्रवाई दोनों के खिलाफ चल रही जांच की रिपोर्ट आने के बाद की गई है। यह वारदात दिखाती है कि सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर एक निर्णय को तोड़ मरोड़ कर अपने पक्ष में लाने का कार्य कर रही है जो की अलोकतांत्रिक है। बहुमत हासिल कर जीते लोगों को यह सरकार परेशान करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा की नगर परिषद बिलासपुर पर एक बार फिर से भाजपा का कब्जा हो गया है।

नगर परिषद के उपाध्यक्ष कमल गौतम सर्वसम्मति से नगर परिषद अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं, कांग्रेस की ओर से कोई भी नॉमिनेशन फाइल न होना और भाजपा की ओर से समर्थन मिलने के बाद कमल गौतम को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। (अनंत ज्ञान)

**राजनीति** 19 को हो सकता है बचे प्रत्याशियों का ऐलान, नेता दुबके हैं घरों में

# उपचुनाव में बैठकों से भाजपा ने गरमाई राजनीति

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने बैठकों के जरिए चुनावी माहौल गरमाने का प्रयास शुरू कर दिया है। रविवार को पार्टी की दो अलग–अलग बैठकर हुइ, जिसमें सबसे पहले हमीरपुर मंडल की बैठक आयोजित की गई, उसमें चुनावों के लिए रणनीति बनाई गई। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की टोह भी ली गई, जिन्होंने शिरकत नहीं की, उनका भी पता चल गया। किस–किस ने क्या कहा, इस पर भी चर्चा हुई।

दूसरी बैठक शाम को जिला भाजपा की हुई है, जिसमें प्रदेश स्तर के कई नेताओं ने हिस्सा लिया।यह बैठक बायपास रोड पर एक निजी रिसार्ट में हुई। गौरतलब यह है कि भाजपा ने इस उपचुनाव के लिए आशीष शर्मा के रूप में प्रत्याशी घोषित करके भीषण पड़ रही गर्मी के बीच में चुनावी कदमताल शुरू कर दी है, लेकिन अभी कांग्रेस की स्थिति वही पुरानी नजर आ रही है। प्रत्याशी के ऐलान को लेकर उसकी लेट–लतीफी इस बार भी ज्यों की त्यों जारी है।

कांग्रेस हाईकमान ने पिछले विधानसभा चुनाव के लिए भी हमीरपुर सीट पर नामांकन दाखिल करने के आखिरी 2 घंटे पहले डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा के नाम पर मोहर लगाई थी। उस चुनाव में निर्दलीय आशीष शर्मा जीते थे और कांग्रेस प्रत्याशी दूसरे नंबर पर रहे थे, जबकि भाजपा का स्थान तीसरा आया था।



#### मंडल अध्यक्ष बोले मेरा बूथ डाउन

**हमीरपुर** मंडल के अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता आदर्श कांत शर्मा ने मंडल की इस बैठक में कबूल किया कि उनके बूथ पर इस बार लोकसभा चुनावों के समय बढ़त नहीं थी, लेकिन उन्होंने कहा कि तब परिस्थितियां अलग थी। इस बार विधानसभा चुनाव के लिए अलग रणनीति होगी और निश्चित रूप में भाजपा उम्मीदवार इसका फायदा उठाएगी।

#### ये रहे बैठक में मौजूद

**बैठक** में यहां के प्रभारी विधायक रणधीर शमा, विधायक दिलीप ठाकुर प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल के अलावा कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा उपचुनाव के लिए हम सबको मिलकर काम करने की जरूरत है। स्थिति जो भी हो परिवार जब संगठित होकर काम करता है तो फिर उसमें परिणाम भी अच्छा आता है। इसलिए हमीरपुर सीट को जीतकर भाजपा के रुतबे को यहां बरकरार रखना है।

#### नहीं पहुंचे नरेंद्र, सोहारू और बीना कपिल

मंडल की बैठक में पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेता नहीं पहुंचे, जिनमें पिछले चुनावों में प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक नरेंद्र ठाकुर, बीना कपिल और विजयपाल सोहारू नहीं दिखे। माना जा रहा है कि मौजूदा हालात में यह नेता नाराज हैं। दरअसल पूर्व विधायक नरेंद्र ठाकुर तो लोकसभा चुनावों के समय भी खास सक्रिय नहीं दिखे थे। बीना कपिल भी पार्टी की मौजूदा चुनाव प्रचार की स्थिति में मुख्य धारा में कहीं नहीं दिखीं।

# प्रदेश में बढ़ रहा है जलापूर्ति संकट सुक्खू सरकार खामोश : जयराम ठाकुर

## जलापूर्ति प्रभावी ढंग से जारी रहे, इसके लिए सरकार ने नहीं किए गंभीरता से प्रयास

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश जलापूर्ति के भारी संकट से गुजर रहा है। पानी की सप्लाई पूरे प्रदेश में प्रभावित है। टूरिस्ट सीजन चल रहा है, लेकिन हर जगह पानी की कमी से लोग परेशान हो रहे हैं। इस संकट से निपटने के लिए सरकारी द्वारा गंभीरता से प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। प्रदेश की राजधानी की बात करें तो ज्यातदातर जगहों पर चार से पांच दिन में पानी आ रहा है।

कई जगहों पर हालात और भी बुरे हैं। पूरे प्रदेश का यही हाल है, लेकिन सरकार इस मामले में पूरी तरह से खामोश है, सरकार द्वारा इस जलसंकट को हल करने के लिए गंभीरता से काम नहीं कर रही है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए सरकार को गंभीरता से प्रयास करने होंगे क्योंकि पानी लोगों के हर पल की जरूरत है।



उन्होंने कहा कि यह पहले से तय था कि गर्मी के मौसम पानी की खपत बढ़ती है। टूरिस्ट सीजन की वजह से प्रदेश में भारी संख्या में लोग आते हैं, जिस वजह से होटेल्स में भी पानी की खपत बढ़ जाती है। गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से निपटने के लिए खास प्रबंध होने चाहिए, लेकिन सरकार द्वार इस मामले में कोई गंभीरता नहीं दिखाई गयी। इस समस्या से निपटने के लिए कोई प्लानिंग नहीं की गई। जिसका नतीजा सामने है।

प्रदेश के लोग पानी की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जलापूर्ति में किसी तरह की समस्या न आने पाए यह सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए। सरकार ऐसी समस्याओं से निपटने के लिए अग्रिम योजना बनाए। संभावित चुनौतियों के लिए सरकार तैयार रहे। इस तरह से प्रदेश के लोगों को हर ज़रूरी सुविधाओं के लिए परेशान नहीं किया जा सकता है। सरकार अपना दायित्व निभाए, जिससे आम लोगों को इस तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### जयसिंहपुर व आसपास 18 को बंद रहेगी बिजली

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर।** विद्युत उपमंडल जयसिंहपुर के सहायक अभियंता सुशील शर्मा ने बताया कि 11 केवी संघोल चढ़ियार फीडर के रखरखाव व जरूरी मरम्मत कार्य के चलते 18 जून को कछाल जग्गियां, सूद मोहल्ला, मक्कड़, बीजापुर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सिविल अस्पताल जयसिंहपुर, हलेड़, चंबी, गदीयाड़ा, राम नगर व आसपास के गांवों में सुबह 9 से काम समाप्त होने तक बिजली बंद रहेगी। एसडीओ ने लोगों से सहयोग की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### अमनदीप हॉस्पिटल में लगाया रक्तदान शिविर




**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** लायंस क्लब पठानकोट की ओर से अध्यक्ष रणवीर सिंह की अध्यक्षता में रविवार को ब्लड डोनर संस्था के सहयोग से शहर के अमनदीप हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का लगाया गया। अमनदीप अस्पताल और सिविल अस्पताल के सहयोग से लगाए गए इस कैंप में रिकॉर्ड तोड़ ब्लड डोनर रक्तदान करने के लिए पहुंचे। अध्यक्ष रणवीर सिंह ने बताया कि लायंस क्लब पठानकोट की ओर से ब्लड डोनर संस्था तथा अमनदीप हॉस्पिटल, सिविल अस्पताल के सहयोग से लगाएंगे इस कैंप में लगभग 177 रक्तदानी रक्तदान करने के लिए पहुंचे। इस अवसर पर उनके साथ रणवीर सिंह, विजय पासी, सीएस लायल पुरी, अजय गुप्ता के अतिरिक्त अन्य वी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### भाई पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**पिंकी, डाडासीबा।** डाडासीबा पुलिस के अंतर्गत गांव गुरनबाड़ में दो भाइयों में खूब लात-घूसे चलने का मामला सामने आया है। मामले में छोटे भाई ने जहां अपने बड़े भाई व भाभी के कपड़े फाड़ डाले तो वहीं पानी पीने की टंकी में जहर मिलाकर मारने की घमकी तक दे डाली है। पुलिस चौकी डाडासीबा में शिकायतकर्ता राजकुमार पुत्र जगदीश राम ने शिकायत दी है कि उसके छोटे भाई ने उसके साथ मारपीट की है। राजकुमार ने शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ घर की साफ-सफाई का काम कर रहे थे। घर में जो कवाड़ इकट्ठा हुआ था, उसे बेचने के लिए कवाड़ी को घर के बुलाया था। जब वह कवाड़ बेच रहा था तो उसी समय उसका छोटा भाई विजय कुमार वहां पहुंच गया और अपनी भाभी के साथ हाथापाई की और मेरे और प ी के कपड़े फाड़ दिए है। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस चौकी प्रभारी रवि दत्त शर्मा ने बताया कि इससे संबंधित शिकायत पुलिस चौकी में आई है। मामले में छानबीन की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### आर्य समाज नूरपुर में सामवेद पारायण यज्ञ संपन्न

**संजीव महाजन, नूरपुर।** आर्य समाज नूरपुर में सामवेद पारायण यज्ञ 14 से 16 जून तक कुल 5 सत्रों में स्वामी वेद प्रकाश सरस्वती व वेद पाठी विदूषी नीतू आर्या द्वारा संपन्न किया गया। वैदिक मान्यताओं अनुसार चारों वेद ईश्वरीय वाणी हैं, जिनको चार ऋषियों ने लिपिबद्ध किया। वेदों में कुल 20379 तथा सामवेद में 1875 मंत्र हैं, जिसे उपासना के रूप में भी जाना जाता है। स्वामी ने मंत्रों की सुंदर विस्तृत, सरल व्याख्या की व नीतू आर्या ने लयबद्ध मंत्रोच्चारण से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। नूरपुर के लगभग प्रत्येक समुदाय के सदस्यों ने विशेषकर पौराणिक परिवारों ने भी इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। भारी संख्या में उपस्थित होकर आर्यजनों ने महर्षि दयानंद सरस्वती जी के विचारों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर आर्य समाज, नूरपुर के प्रधान चंद्र प्रकाश महाजन के अलावा प्रवीण महाजन, सूधन महाजन, अनिल महाजन, राजेंद्र शर्मा, अनूप शास्त्री व वीना महाजन, अलका महाजन, मनीषा शर्मा, अंजलि आदि ने कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। (अनंत ज्ञान)

# दिव्यांश व लक्ष्मी को उत्कृष्ट खिलाड़ी का खिताब

## सीयू के सप्त सिंधु परिसर देहरा में वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित, 250 विद्यार्थियों और शोद्यार्थियों ने लिया भाग

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सप्त सिंधु परिसर देहरा में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का पारितोषिक वितरण समारोह परिसर के सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया। इस मौके पर केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल बतौर मुख्य अतिथि और कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सप्त सिंधु परिसर देहरा के खेल प्रभारी प्रो. संजीत सिंह ठाकुर ने मुख्यातिथि तथा विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

प्रो. संजीत सिंहने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का ब्यौरा मुख्य अतिथि के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि लगभग 250 विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों ने क्रिकेट, वॉलीबाल, बैडमिंटन, कबड्डी तथा फुटबाल की प्रतियोगिताओं में भाग लिया। पुरुष वर्ग में अर्थशास्त्र विभाग से दिव्यांश शर्मा को तथा महिला वर्ग में राजनीति विज्ञान विभाग से लक्ष्मी को उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में कुल 9 टीमों ने भाग लिया, जिसका अंतिम मुकाबला अर्थशास्त्र विभाग की टीम तथा इतिहास विभाग की टीम के बीच में खेला गया। इस प्रतियोगिता में अर्थशास्त्र विभाग की टीम विजेता तथा इतिहास विभाग की टीम उपविजेता रही।

वहीं, महिला वर्ग से क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 3 टीमों ने भाग लिया और इसका अंतिम मुकाबला राजनीति विज्ञान विभाग की टीम तथा इतिहास विभाग की टीम के बीच में खेला गया, जिसमें दोनों ही टीमों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया।

पुरुष वर्ग में वॉलीबॉल की प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया, जिसका अंतिम मुकाबला अर्थशास्त्र विभाग की टीम और राजनीति विज्ञान विभाग ही टीम के बीच में खेला गया। इस प्रतियोगिता में अर्थशास्त्र विभाग की टीम विजेता और राजनीति विज्ञान विभाग की टीम उपविजेता रही। पुरुष वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता में कुल 54 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें अर्थशास्त्र विभाग से दिव्यांश शर्मा विजेता तथा अर्थशास्त्र विभाग से ही ऋजुल ठाकुर उपविजेता रहे। (अनंत ज्ञान)




### महिला बैडमिंटन में शिखा रही विजेता

**महिला** वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता में दृश्य कला विभाग से शिखा विजेता, राजनीति विज्ञान विभाग से लक्ष्मी उपविजेता रही, वहीं पुरुष वर्ग में डबल्स में अर्थशास्त्र विभाग की टीम विजेता तथा अर्थशास्त्र विभाग की ही दूसरी टीम उपविजेता रही। बैडमिंटन मिक्स डबल्स में अर्थशास्त्र विभाग की टीम विजेता तथा दृश्य कला विभाग की टीम उपविजेता रही। पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया, जिसका अंतिम मुकाबला अर्थशास्त्र विभाग की टीम और और राजनीति विज्ञान विभाग की टीम के बीच में खेला गया। इस प्रतियोगिता में अर्थशास्त्र विभाग की टीम विजेता तथा राजनीति विज्ञान विभाग की टीम उपविजेता रही। महिला वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 4 टीमों ने भाग लिया, जिसका अंतिम मुकाबला इतिहास विभाग की टीम तथा राजनीति विज्ञान विभाग की टीम के बीच में खेला गया। इस प्रतियोगिता में इतिहास विभाग की टीम विजेता तथा राजनीति विज्ञान विभाग की टीम उप-विजेता रही। पुरुष वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया, जिसका फाइनल समाज कार्य विभाग तथा दृश्य कला विभाग के बीच में खेला गया। इस प्रतियोगिता में समाज कार्य विभाग की टीम विजेता तथा दृश्य कला विभाग की टीम उपविजेता रही। अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## कांगड़ा के लालेहड़ गांव में पकड़ा चोरी का आरोपी

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा पुलिस ने सेंधमारी के आरोप में एक 23 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार कांगड़ा पुलिस की टीम ने कांगड़ा के पास लगते लालेहड़ गांव में एक नवनिर्मित घर से चोरी करने के आरोप में निखिल नाम के एक 23 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

आरोपी कांगड़ा के पास लगते गांव सकोट का निवासी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक ने लालेहड़ गांव के रहने वाले सोमनाथ के नवनिर्मित घर से लोहे के एंगल, नल व एक कटर मशीन चुरा ली। पुलिस ने सोमनाथ की शिकायत पर तेजी से करवाई करते हुए जल बिछा कर करवाई करते हुए चोर को पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां न्यायालय ने आरोपी को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ कांगड़ा थाना में मामला दर्ज किया गया है। मामले की पुष्टि डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने की। (अनंत ज्ञान)



## बतबाड़ में घासनी में लग गई आग

**पिंकी, डाडासीबा।** डाडासीबा के बतबाड़ गांव में बिजली बोर्ड के सबस्टेशन के सामने रविवार को अचानक घासनी में भीषण आग लग गई। बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने तुरंत बिजली को बंद किया। करीब 1 घंटे के लिए सबस्टेशन से विद्युत आपूर्ति बंद रही। वहीं, भीषण गर्मी में दोपहर को लगी आग से वहां भगदड़ मच गई। बिजली बोर्ड के सबस्टेशन के बिलकुल साथ लगी आग भंयकर रूप धारण करती, इससे पहले ग्रामीणों व दुकानदारों ने मिलकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग को तेजी फैलती देख ग्रामीणों ने इस बारे डाडासीबा फायर ब्रिगेड कार्यालय को सूचित कया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम व स्थानीय लोगों ने से आग पर काबू पाया। (अनंत ज्ञान)

## देव भराड़ी क्लब ने कुराश में जीते पांच मेडल

### क्लब के तीन बच्चों का नेशनल स्पर्धा के लिए हुआ सिलेक्शन

**संजीव महाजन, नूरपुर**

एक ऐसी सोच जो बच्चों और युवाओं को दिखाए एक नई दिशा ऐसी ही सोच को मद्देनजर रखते हुए ब्लॉक नूरपुर की पंचायत लौहारपुरा सुलयाली के युवा बलविंदर सिंह जोनू ने सेना से रिटायर्ड सैनिकों के साथ मिलकर बच्चों व युवाओं की पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में रुचि बढ़ाने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने का बीड़ा उठाया है। आज रिटायर्ड सैनिक शंकर सिंह ने इन बच्चों को सम्मानित किया।

इन सब ने मिलकर एक युवा मंडल देव भराड़ी क्लब बनाया है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को कुश्ती व कुराश इत्यादि खेलों के गुर सिखा कर तैयार करना है। इस युवा मंडल के साथ गांव के बच्चों युवाओं के साथ साथ दूसरे गांवों से भी बच्चे व युवा गुर सीखने इनके आखाड़े में आ रहे हैं और जहां से गुर सीखकर बच्चे व युवा हिमाचल में हो रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में मेडल जीत कर आए रहे हैं। इसका उदाहरण हाल में जिला मंडी के सुंदरनगर में हुई राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में यहां के पांच बच्चों ने मेडल जीत कर दिखाया है। युवा मंडल देव भराड़ी द्वारा बच्चों और युवाओं को निशुल्क ट्रेनिंग दी जा रही। इस पहल की समूचे इलाके में सराहना की जा रही है

रिटायर्ड सैनिक शंकर सिंह ने कहा कि वह युवा मंडल देव भराड़ी के सभी सदस्यों को बधाई देते हैं कि जिला मंडी के सुंदरनगर में हुई राज्य स्तरीय कुश्ती कुराश प्रतियोगिता में यहां के तीन बच्चे जीते हैं और नेशनल के लिए चुने गए हैं। मंडल अध्यक्ष बलविंदर सिंह जोनू ने कहा कि पहले वह अकेले अखाड़ा चला रहे थे, मगर अब सेना रिटायर्ड होकर आए सुनील, सुरेश मेशू बिंदू मिलकर इसको चला रहे हैं और बच्चों को कुश्ती सीखा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



# हेल्थ इज वेल्थ

**प्राथमिक** दांत, जिन्हें 'बच्चे के दांत', 'दूध के दांत' या 'पर्णपाती दांत' के रूप में भी जाना जाता है, गर्भावस्था की दूसरे तिमाही के दौरान मसूड़ों के नीचे विकसित होने लगते हैं। जन्म के लगभग छह महीने से एक साल बाद तक दांत मसूड़ों के ऊपर निकलने लगते है। आमतौर पर स्कूल जाने से पहले बच्चों के पास दूध के 20 दांतों का एक पूरा सेट होता है -जिसमें प्रत्येक आर्च पर चार दाढ़ें शामिल होती हैं। प्राथमिक दांतों के बारे में सबसे आम गलतफहमियों में से एक ये है कि वे बच्चे के भविष्य के मौखिक स्वास्थ्य के लिए अप्रासंगिक हैं। प्राथमिक दांत निकलने में दर्द हो सकता है। कोमल मसूड़ों को शांत करने के लिए टीथर, गीले गॉज पैड, गाजर की छड़ें और साफ अंगुलियां मददगार हो सकती हैं। हालांकि अधिकांश तीन साल के बच्चों के पास प्राथमिक दांतों का पूरा सेट होता है, लेकिन इनका निकलना धीरे-धीरे होता है, जो आमतौर पर मुंह के सामने से शुरू होता है। -प्रस्तुति : डॉ. समृद्धि रामाणी

## स्थायी दांतों की सेहत के लिए दूध के दांत महत्वपूर्ण



### प्राथमिक दांतों के प्रमुख कार्य

**भोजन और पोषण :** विकृत या गंभीर रूप से सड़े हुए प्राथमिक दांतों वाले बच्चों में आहार संबंधी कमी, कुपोषण और कम वजन होने की संभावना अधिक होती है। स्वस्थ प्राथमिक दांत अच्छी चबाने की आदतों को बढ़ावा देते हैं और पौष्टिक भोजन की सुविधा प्रदान करते हैं।

**आत्मविश्वास :** प्राथमिक दांतों की अच्छी देखभाल करने से सामाजिक मेल-जोल अधिक सुखद हो सकता है। सांसों की दुर्गंध का खतरा कम हो सकता है और आत्मविश्वास भरी मुस्कान और सकारात्मक सामाजिक मेल-जोल को बढ़ावा मिल सकता है।

**जगह का रखरखाव :** प्राथमिक दांतों का एक प्रमुख कार्य वयस्क दांतों का विकास और उचित रखरखाव करना होता है। इसके लिए उचित मात्रा में जगह बनाए रखना और जबड़े के विकास को बढ़ावा देना जरूरी है। यदि इलाज नहीं किया जाता है, तो प्राथमिक दांत गायब होने से शेष दांत 'स्थानांतरित' हो जाते हैं और रिक्त स्थान अनुचित तरीके से भर जाते हैं।

**भाषण उत्पादन और विकास :** संज्ञानात्मक, सामाजिक और भावनात्मक विकास के लिए स्पष्ट रूप से बोलना सीखना महत्वपूर्ण है। प्राथमिक दांतों की उचित स्थिति सही शब्दांश उच्चारण की सुविधा प्रदान करती है और भाषण निर्माण के दौरान जीभ को भटकने से रोकती है।

**उत्कृष्ट मौखिक स्वास्थ्य :** बुरी तरह सड़े हुए प्राथमिक दांत बचपन में पीरियडोंटल बीमारी की शुरुआत को बढ़ावा दे सकते हैं। इस स्थिति के परिणामस्वरूप, ओरल बैक्टीरिया आक्रमण करते हैं तथा मसूड़ों, स्नायुबंधन और अंततः हड्डियों को नष्ट कर देते हैं। यदि उपचार न किया जाए, तो प्राथमिक दांत पूरी तरह से गिर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं और उभरते स्थायी दांतों में अंतर की समस्या हो सकती है। इनसे बचने के लिए, बच्चों को प्रत्येक दिन वयस्क-निर्देशित मौखिक देखभाल दिनचर्या का अभ्यास करना चाहिए। बच्चे का पहला दांत निकलने से पहले, माता-पिता को भोजन के बाद बच्चे का मुंह और मसूड़ों को एक साफ गीले कपड़े या धुंध वाले पैड से पोंछना चाहिए। माता-पिता को लगभग छह महीने में या जब पहले प्राथमिक दांत निकलने शुरू होते हैं, तब बच्चे के दांतों को ब्रश करना शुरू करना चाहिए। पहला दांत निकलते ही फ्लोराइड टूथपेस्ट का उपयोग करें। तीन वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए चावल के दाने के आकार का उपयोग करें। तीन वर्ष और उससे अधिक उम्र के बच्चों के लिए मटर के आकार की मात्रा का उपयोग करें। उन्हें टूथपेस्ट को थूकने की कोशिश करनी चाहिए, लेकिन अगर आपका बच्चा अभी तक नहीं थूकता है तो इस छोटी मात्रा को निगलना सुरक्षित है।



डॉ. समृद्धि रामाणी

## योग शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक आयामों का संतुलन



**स्वामी** विवेकानंद के मुताबिक योग एक प्राचीन अनुशासन है, जिसे व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक आयामों में संतुलन लाने के लिए डिजाइन किया गया है। योग का अर्थ है हमारी व्यक्तिगत चेतना का सार्वभौमिक दिव्य चेतना के साथ एक अति-चेतन अवस्था में मिलन, जिसे समाधि के रूप में जाना जाता है। विश्व योग दिवस को लेकर 21 जून को भारत सहित विश्वभर में अनेक शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। भारतीय योग संस्थान दिल्ली से आए योगाचार्य मोती लाल बाजवा और नरोत्तम शर्मा इन दिनों सोलन स्थित हाउसिंग कॉलोनी में लोगों निशुल्क योगाभ्यास करवा रहे हैं। योगाचार्य ने अनंत ज्ञान से योग ओर स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी साझा की। हजारों साल पहले योग की शुरुआत भारत में हुई थी और आज के समय में योग और प्राणायाम के जरिए लोगों में स्वास्थ्य और प्राकृतिक उपचार के प्रति जागरूकता देखी गई है। यह साबित हो चुका है कि योग बीमारियों की रोकथाम और प्रबंधन के अलावा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक कारगर तरीका है। योग में बढ़ते वैज्ञानिक शोध के साथ-साथ इसके उपचारात्मक पहलुओं की भी खोज की जा रही है। माना जाता है कि योग तनाव और चिंता को कम करता है। योग कैंसर रोगियों के शारीरिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। योग की ऐसी वैश्विक मान्यता भारत के बढ़ते सांस्कृतिक प्रभाव की भी गवाही देती है।



### योग और प्राणायाम

**योग** और प्राणायाम स्वास्थ्य पर लाभकारी प्रभाव अमेरिका सहित कई देशों में बहुत से लोग योग के स्वास्थ्य लाभों के लिए योग का अभ्यास करने का दावा करते हैं, लेकिन वे जानबूझकर हिंदू धार्मिक दृष्टिकोण को नहीं अपनाते हैं, जो अभ्यास का आधार है और आमतौर पर निर्देश के अधिक उन्नत चरणों में स्पष्ट हो जाता है। हठ योग के प्रारंभिक पाठ्यक्रम विभिन्न आसनों और श्वास तकनीकों से युक्त शारीरिक व्यायाम पर ध्यान केंद्रित करते हैं। योग हृदय को लाभ पहुंचाता है। योगाचार्य के मुताबिक नियमित योग अभ्यास तनाव और पूरे शरीर में सूजन के स्तर को कम कर सकता है, जिससे दिल स्वस्थ रहता है। उच्च रक्तचाप और अतिरिक्त वजन सहित हृदय रोग में योगदान देने वाले कई कारकों को योग के माध्यम से भी संबोधित किया जा सकता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार वैज्ञानिक साक्ष्य से पता चलता है कि योग तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, दिमागीपन, स्वस्थ भोजन, वजन घटाने और गुणवत्तापूर्ण नींद का समर्थन करता है।

### योग व्यायाम के लाभ

**योग** न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है। यह दिमाग को हमेशा शांत रखता है। शरीर की थकान जब हम योग करते हैं तो मांसपेशियों में खिंचाव, मरोड़, मरोड़ और खिंचाव जैसी कई क्रियाएं होती हैं। इससे हमारे शरीर की थकान दूर होती है और हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं। हृदय रोग, मधुमेह और अस्थमा जैसी कई अन्य बीमारियों के लिए योग की सलाह दी जाती है। योग को अपनी जीवनशैली में शामिल करके हम मोटापे को नियंत्रित कर सकते हैं। यह हमारे पाचन तंत्र को भी मजबूत करता है। योग फिट रहने का एक बेहतरीन तरीका है।

**प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान**

## सिरदर्द व थकावट को हल्के में न लें



**गर्मियों** के मौसम में बुखार, सिर दर्द, थकावट या शरीर में दर्द हो तो उसे हल्के में न लें। ऐसे लक्षण होने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें। यह मलेरिया और डेंगू के लक्षण हो सकते हैं। गर्मी व बरसात के मौसम में मच्छर भी बहुत पैदा होते हैं इसलिए इनसे बचने के लिए हमें अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखना चाहिए। इसके लिए कुछ सावधानियों का पालन करें। पानी को ज्यादा देर तक इकट्ठा न होने दें, पुराने टायर, फूलदान, टूटे बर्तन, टूटे घड़े में पानी इकट्ठा न होने दें व घर के आसपास या कहीं गड्ढे हों तो उन्हें मिट्टी से भर दें, ताकि मच्छर न पैदा हो सके। रिहायशी इलाकों के आसपास स्वच्छ वातावरण होना मनुष्य जीवन के लिए सबसे जरूरी है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है, जिससे कई तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं, जो हमारे जनजीवन को तो प्रभावित कर ही रही हैं। साथ ही कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं की भी वजह बन रही हैं। सुखी व स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण और स्वच्छता जरूरी है। स्वच्छ पर्यावरण में ही संसार के समस्त जीवधारी स्वस्थ रह सकते हैं। हमारा जीवन पर्यावरण पर आधारित है, यदि पर्यावरण का संतुलन बिगड़ा तो एक दिन हमारा भी अस्तित्व खत्म हो जाएगा।



डॉ. एसडी भरवाल, वरिष्ठ चिकित्सक (एमडी मेडिसिन)

### जहां मच्छर वहां डेंगू और मलेरिया

**जहां** मच्छर पैदा होते हैं, वहां डेंगू और मलेरिया के रोग की संभावना बढ़ जाती है। सर्दी के साथ बुखार आने, चक्कर आना, भूख कम लगना, सुस्ती, तेज सर दर्द ये सभी लक्षण गर्मी के मौसम में होने वाले प्रमुख रोगों के हो सकते हैं। कहीं न कहीं मनुष्य को अपने आसपास के वातावरण को लेकर लापरवाही भी उनके जीवन को संकट में डालती है। घरों के आस पास रिहायशी इलाकों में खुले में पानी जमा होने, मच्छर पैदा होने वाले कारणों की जांच की जानी चाहिए। डॉक्टर एसडी भरवाल ने बताया कि जनजीवन को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण का सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है।

## न्यूज ब्रीफ

### रक्कड़ स्कूल में मनाया किशोर-किशोरी उत्सव

**अनंत ज्ञान, गगल।** जागोरी ग्रामीण संस्था द्वारा रविवार को रक्कड़ स्कूल के मैदान में किशोर-किशोरी उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 205 किशोर -किशोरियों ने भाग लिया। जागोरी संस्था की कार्यकर्ता सरिता ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर-किशोरियों को स्टॉल के माध्यम से अपने विचारों को एक-दूसरे के साथ साझा करने का मंच प्रदान करना व समाज में जो भी जेंडर आधारित धारणाएं हैं, उसके प्रति जागरूक करना रहा। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए, जिसके माध्यम से बच्चे ने समाज पर आधारित जो भेदभाव है, उस पर चर्चा की और इन धारणाओं को तोड़ने की पहल की। बहुत से किशोरों ने खुद को व दूसरों को मेंहदी एवं कमीज पर बटन लगाए। कार्यक्रम में वेस्ट वॉरियर से साथियों ने भी भाग लिया व बच्चों को अपने स्टॉल के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। बच्चों को फलदार पौधे देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में जागोरी से आशा व अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### नगर कीर्तन के रूप में निकाली शोभायात्रा



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ के गुरुद्वारा साहिब डेरा संत दा में तीन दिनों तक चलने वाले निर्जला एकादशी के मेले के दूसरे दिन बड़े ही धूमधाम से नगर कीर्तन के रूप में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों की संख्या में स्थानीय तथा बाहर से आए हुए श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। वैसे तो बैजनाथ में निर्जला एकादशी के दौरान कई बरसों से गुरुद्वारा साहिब में मेले का आयोजन किया जाता है परंतु इस बार पहली बार गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी जिस धूमधाम से निकली गई वह एक बहुत ही मनमोहक नजारा था जहां-जहां से गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी निकाली पहले उसे स्थान को स्वच्छ जल से साफ किया गया फिर उसके बाद वहां पुष्प वर्षा की गई उसके बाद वहां से गुरु जी की पालकी निकाली गई। (अनंत ज्ञान)

### दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने किया धार्मिक कार्यक्रम

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से मटौर स्थित बीपी शर्मा के घर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गुरुदेव आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी तपस्विनी भारती ने अपने प्रवचनों से उपस्थित जनमानस को निहाल किया। उन्होंने कहा कि भारत देश में नारी ने हमेशा ही प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बल, ज्ञान और विजय की देवी में केवल नारी को ही देवियों के रूप में माना गया है। अदिकाल से ही हमारे देश में नारी की पूजा होती आ रही है, यहां अर्धनारीश्वर का आदर्श रहा है अर्थात पुरुष का आधा हिस्सा नारी है। वहीं, स्वामी हरीशानंद ने कहा कि क्षेत्र में 24 जून से 30 जून तक शाम 7 से रात्रि 10 बजे तक स्थान पॉलिटेक्निकल कॉलेज, ऑडिटोरियम में प्रभु श्री राम जी की कथा का वाचन किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### थुरल स्कूल में मिड-डे मील वर्कर्स को दिया प्रशिक्षण

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल में रविवार को शिक्षा खंड थुरल के प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना कर्मियों के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अजीत धीमान प्रवक्ता कंप्यूटर साइंस, सम्या कुमारी तथा सम्मी कुमार द्वारा संयोजक के रूप में अपनी सेवाएं दी गई। इस कार्यशाला में प्राथमिक, माध्यमिक तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के 73 मिड-डे मील वर्कर्स को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में थुरल स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि इसका संचालन कुशल कुमार खंड शिक्षा अधिकारी थुरल द्वारा किया गया। कार्यशाला के समापन समारोह में प्रधानाचार्य थुरल स्कूल संजीव जम्वाल ने सभी वर्कर्स से अपील की कि इस योजना का पहला लक्ष्य विद्यार्थियों को कुपोषण से बचाना तथा बच्चों को मुख्य कार्य ताजा गर्म व पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाना है। (अनंत ज्ञान)

# खाकी वर्दी से मदद मांगने पुलिस चौकी पहुंचा एक बेजुबान

## चौकी प्रभारी राजपाल की पैंट पकड़कर मांगने लगा दया की भीख, करंट लगने से झुलस गया था बंदर का एक बाजू



**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत थाना डमटाल की पुलिस चौकी ढांगू पीर में शनिवार देर रात एक बंदर, जो कि करंट लगने की वजह से काफी झुलस किया था तथा पूरा बाजार घूमने के बाद वह अचानक करीब 9 बजे तड़पता हुआ बुरी हालत में पुलिस चौकी ढांगू पीर में चौकी प्रभारी राजपाल की पैंट पकड़कर उससे दया की भीख मांगने लगा कि उसे बचा लो। उसका एक बाजू करंट लगने की वजह से बुरी तरह से झुलस गया था। बंदर को ऐसी हालत में देखकर चौकी प्रभारी टीम के साथ उसे तुरंत प्राथमिक उपचार देने के लिए पठानकोट में एक वेटरिनरी डॉक्टर के पास ले गए, यहां उन्होंने उसकी मरहम पट्टी की तथा कुछ इंजेक्शन भी लगाए।

उसके बाद वह उसे पुलिस चौकी ढांगू पीर वापस ले आए। वह बेजुबान फर्श पर लेटा हुआ था होश आने के बाद वह तुरंत हवलदार आरक्षी अरुण के साथ आकर सो गया तथा पूरी रात उसके साथ ही सोया रहा। रविवार को सुबह एक वन संरक्षण संस्था से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि रविवारको छुट्टी का दिन है। ऐसे में वे कल सुबह इस बंदर को ले जाएंगे तथा इसका उपचार पूरी तरह से करेंगे।

कभी-कभी आम जनता में भ्रमित है कि खाकी वर्दी लोगों को डराने के लिए होती है, परंतु आज इस घटना ने बेजुबान बंदर जो कि चलने में भी असहाय था तथा गंभीर हालत में था, उसने पूरी मार्केट छोड़कर पुलिस चौकी ढांगू पीर पहुंचकर एक खाकी वर्दी को देखकर उसे सहायता की जो पुकार लगाई तथा पुलिस ने भी पूरी तरह से दायित्व निभाते हुए उसकी पूरी देखभाल की तथा उसका उपचार किया, वह एक सराहनीय कार्य है।

रविवार को भी पुलिस द्वारा उसे वेटरिनरी डॉक्टर द्वारा दिए गए दवाई तथा इंजेक्शन लगाए गए परंतु वह बेजुबान पुलिस की वर्दी को देखकर उन्हें छोड़ने को तैयार ही नहीं। (अनंत ज्ञान)



# पेयजल समस्या को हल करो नहीं तो कर देंगे चक्का जाम

## पानी की किल्लत से गुस्साए बीहनवासियों ने गांव में किया धरना-प्रदर्शन

**शिवम शर्मा, परागपुर**

ब्लॉक खंड परागपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बीहन के वार्ड नंबर 5 में इन दिनों लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पानी की किल्लत से गुस्साए लोगों ने रविवार को अपने गांव में धरना-प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के पास हमारी समस्या सुनने का समय तक नहीं है।

वार्ड के लोगों को पानी की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। विभाग की मानें तो पानी की सप्लाई यहां दी जा रही है, परंतु लोगों का आरोप है कि जब कभी विभाग पानी की सप्लाई छोड़ता है उसमें प्रेशर नहीं होता, जिससे पानी भरने से पहले ही खत्म हो जाता है यही नहीं यह समस्या काफी दिनों से चली आ रही है इसका कोई समाधान नहीं हुआ। अगर विभाग ने आगामी दिनों में उनके वार्ड में



पानी की सरप्लस सप्लाई नहीं दी तो वे सड़कों पर उतर कर धरना प्रदर्शन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी। रविवार को प्रधान तरसेम ठाकुर के नेतृत्व में वार्ड 5 के निवासी शेषपाल, रजिंदर सिंह, वीणा देवी, कृष्णा देवी, ईश्वर दास, राम सिंह, सुरिंदर कुमार, अमन कुमार, कमलेश कुमारी, निशा देवी इत्यादि ने विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए भारी रोष व्यक्त किया है।

वहीं, इस संदर्भ में प्रधान बीहन तरसेम ठाकुर ने कहा कि यह बिल्कुल सत्य है कि इस वार्ड के सदस्यों को पानी की समस्या है जिसको लेकर स्थानीय कनिष्ठ अभियंता से बात भी हुई है, उन्होंने कहा कि पानी की सप्लाई करने वाली मोटर खराब हो गई है जिसको ठीक करवाया जा रहा है। आगामी दिनों में यह समस्या लोगों को नहीं आएगी। वहीं, जल शक्ति विभाग देहरा के अधिशाषी अभियंता अनीश ठाकुर ने कहा कि बीहन में अगर ऐसी समस्या है तो जल्द इसका समाधान कर इससे निजात दिलाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### 3 किलोमीटर जाम ने परेशान किए लोग

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ से पपरोला तक 3 किलोमीटर लंबे लगे जाम से लोगों की हालत खराब कर दी । रविवार को सुबह से शाम तक रुक-रुककर जाम लगने का सिलसिला जारी रहा। यह जाम बैजनाथ के आबाही नाग मंदिर से पपरोला के ठारू तक लगा रहा। लंबे जाम के चलते जहां यातायात पुलिस कर्मीयों के पसीने छूट गए, वहीं पर किसी भी बड़े पुलिस अधिकारी ने बैजनाथ तथा पपरोला के दोनों मुख्य बाजारों में जाम को खुलवाने के लिए कोई भी मशक्कत नहीं की सबसे हैरानी की बात यह थी किबैजनाथ पुलिस द्वारा एक भी अतिरिक्त कर्मी की तैनाती न करने के कारण यह सवालिया निशान खड़े हो गए की क्या बैजनाथ पुलिस मात्र लोगों के आए दिन चालान काटने का कार्य ही करती है। (अनंत ज्ञान)

# इंश्योरेंस पॉलिसी सरेंडर करने पर नहीं होगा ज्यादा नुकसान : सुनील

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों के ग्राहकों के लिए आईआरडीएआई ने अच्छी खबर दी है। वरिष्ठ वित्तीय सलाहकार सुनील डोगरा ने बताया अगर कोई ग्राहक पॉलिसी खरीदने के कुछ सालों बाद उसे बंद करने का फैसला करता है तो अब उसे बीमा कंपनी से पहले से ज्यादा पैसे मिलेंगे। आईआरडीएआई के 69 पन्नों के नए सर्कुलर के अनुसार पॉलिसी होल्डर्स को एंडॉमेंट पॉलिसीज के लिए हायर स्पेशल सरेंडर वैल्यू देने के ज्यादातर प्रस्ताव मान लिए हैं।



आईआरडीएआई के इस फैसले के बाद अब एक साल का प्रीमियम देने के बाद भी एंडोमेंट पॉलिसी बंद की जा सकती है, मतलब यह है कि लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से पॉलिसी खरीदने के बाद अगर ग्राहक को यह लगता है कि पॉलिसी ठीक नहीं है या किसी वजह से वह प्रीमियम चुका नहीं पाएगा तो उसे पॉलिसी सरेंडर करने पर पहले से ज्यादा पैसे मिलेंगे। उन्होंने बताया अभी तक जो नियम लागू था, उसमें दो-तीन साल का प्रीमियम देने के बाद ही पॉलिसी को बंद किया जा सकता था और पॉलिसी बंद कराने पर उसे बहुत नुकसान होता था। ग्राहक ने जो प्रीमिमय चुकाया था, उसका नाममात्र हिस्सा ही उसे वापस मिलता था। नए नियम से पहले अगर बीमाधारक ने दो-तीन साल का प्रीमियम भुगतान नहीं किया, तो बीमा कंपनी से किसी तरह का पैसा वापस नहीं मिलता था।

सुनील डोगरा ने बताया ग्राहक के हित में एक और महत्वपूर्ण बदलाव आईआरडीएआई ने किया, जिसके तहत पॉलिसी खरीदने के बाद उसकी जांच-परख करने के बाद बिना किसी शुल्क कटौती के वापस करने के लिए भी 30 दिन का समय कर दिया है। पेंशन प्लान पॉलिसी में भी नए बदलाव के तहत विशेष परिस्थितियों जैसे बच्चों की उच्च शिक्षा या विवाह, आवासीय मकान/फ्लैट की खरीद/निर्माण, मेडिकल खर्च और गंभीर बीमारी के उपचार के लिए आंशिक निकासी की सुविधा भी इंश्योरेंस कंपनीज द्वारा दी जाएगी। 69 पन्नों के सर्कुलर में बीमाधारकों के पक्ष में बहुत से बदलाव किए गए हैं, जिन्हें आने वाले दिनों में लोगों से साझा किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# साई सेवा समिति मनसिंबल ने लगाया नेत्र जांच शिविर



**राकेश डोगरा, डरोह**

साई सेवा समिति मनसिंबल भवारना की ओर से करवाई जा रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा रविवार को संपन्न हो गई। यह कथा 10 से 16 जून तक चली। इसमें स्वामी प्रकाशानंद जी महाराज गोविंद आश्रम परौर के परम शिष्य अनिल डोहरू ने कथा को सुनाया। साई सेवा समिति भवारना पिछले 13 साल से लगातार श्रीमद् भागवत कथा का मनसिंबल में आयोजन कर रही है।

इन सात दिनों में एसडीएम धीरा राकेश शर्मा भी यहां पर आए। उन्होंने कथा सुनकर जीवन लाभ लिया। सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार भी यहां पर आए और कथा सुनी। कथा के अंतिम दिन रविवार को सुबह हवन-यज्ञ के बाद पूर्णाहुति दी गई। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

इसके अलावा अंतिम दिन रोटरी आई हॉस्पिटल के सहयोग से आई मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। रोटरी अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. सुधीर सलोत्रा, जीएम राघव शर्मा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस बीच डॉ. कृष्ण स्वरूप शर्मा, डॉ. संदीप जैन (लीड ऑप्टोमेट्रिस्ट) ने आंखों के मरीजों की जांच की। साई सेवा संगठन की ओर से मरीजों को मुफ्त में दवाइयां वितरित की गईं। जिनकी नजर खराब थी, उन्हें संगठन के को-ऑर्डिनेटर व दुर्गा ऑप्टिकल हाउस मरंडा के मालिक रोशन रैना ने निशुल्क चश्में प्रदान किए। यह जानकारी संगठन के को-ऑर्डिनेटर रोशन रैना ने दी। (अनंत ज्ञान)

### देहरा की बेटी देहरा से लड़े चुनाव : सतीश

**शुभम शर्मा, देहरा।** देहरा की राजनीति में सीएम सुखविंद्र सिंह की पत्नी का नाम आ रहा है। देहरा विधानसभा उपचुनाव में पहले कांग्रेसी अब प्रेस कांफ्रेंस कर कमलेश ठाकुर को देहरा से कांग्रेस की टिकट देने की पैरवी कर रहे हैं। रविवार को सीएम सुक्खू के करीबियों में शुमार हिमाचल पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम कांगड़ा के उप क्षेत्रीय प्रबंधक रहे सतीश ठाकुर ने लगभग 25 पंचायतों के प्रबुद्ध लोगों के साथ प्रेस वार्ता की। सतीश ठाकुर ने कहा कि यह सही समय है जब हम देहरा हित सोच सकते हैं। इस बार सीएम सुक्खू अपनी धर्मपत्नी को देहरा से चुनाव मैदान में उतारते हैं तो जीत पक्की है। सतीश ठाकुर भी देहरा से टिकट की दौड़ में हैं। लेकिन देहरा हित में सीएम सुक्खू कि धर्मपत्नी को टिकट दिया जाना चाहिए। कमलेश ठाकुर देहरा की बेटी है और सीएम सुक्खू कई वार मंच से अपना देहरा प्रेम जगजाहिर कर चुके हैं। उधर दूसरी तरफ होशियार सिंह से जनता का मोह भंग हो गया है। (अनंत ज्ञान)

# महाराजा पैलेस बैजनाथ में केएडीके जिला कराटे चैंपियनशिप संपन्न



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

केएडीके जिला कराटे चैंपियनशिप-2024 महाराजा पैलेस बैजनाथ में सफलतापूर्वक समाप्त हो गई, जिसमें चार प्रमुख क्लब्स से प्रतिभागियों ने अपनी दक्षता और खेल प्रतिभा का परिचय दिया। यह चैंपियनशिप 16 जून को आयोजित की गई। डामन जमवाल के रूनिवर्सल मार्शल आर्ट्स स्टूडियो, संजय कुमार द्वारा डायनामिक कराटे अकेडमी, नवीन सिंह द्वारा धौलाधार कराटे क्लब और अनिल कुमार राम द्वारा स्पोर्ट्स कराटे क्लब धर्मशाला की ओर से प्रतिभागी ने विभिन्न श्रेणियों में अपना दम दिखाया। जिला कराटे चैंपियनशिप ने कांगड़ा जिले के बच्चों को 53 स्वर्ण पदक, 17 रजत पदक और 8 कांस्य पदक प्रदान किए। इन मेडलिस्ट्स ने 2024 के आगामी सब जूनियर राज्य कराटे चैंपियनशिप में कांगड़ा का अधिमान बढ़ाया है, जो 25-26 जून 2024 को बैजनाथ कांगड़ा में आयोजित होगी।

मार्शल कराटे एसोसिएशन के मेंटर हंशी जनक राज जमवाल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और राज्य के चैंपियनशिप में बेहतर परिणामों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने युवा प्रतिभा को पोषण देने के लिए समर्पितता और खेल प्रेमिता के महत्व को बताया। इस आयोजन ने स्थानीय समुदायों से उत्साहित समर्थन प्राप्त किया और क्षेत्र में कराटे के लिए बढ़ती हुई लोकप्रियता को दर्शाया। (अनंत ज्ञान)

# खेतों में मिले 3 शवों में से एक की हुई पहचान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पठानकोट के साथ लगते नशे का अड्डा माने जाने वाले गांव डीडा सांसियां और झंगी सरूप दास के खेतों में मिले 3 लोगों के शवों में से गांव झंगी सरूप दास में मिले शव की पहचान प्रिंस मनहोत्रा (36) पुत्र राम किशन मनहोत्रा वासी गांव चेला सिहोड़ा थाना तारागढ़ के रूप में हुई है।

वह अपने पिता के साथ लेबर की ठेकेदारी का काम करता था। शनिवार सुबह से ही पुलिस ने डीडा सांसियां को सभी तरफ से सील कर सर्च किया। सर्च दौरान पुलिस ने करीब 10 से 12 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इनमें



5 महिलाएं भी शामिल हैं। इनमें कुछ लोगों के खिलाफ पहले से ही एनडीपीएस एक्ट और आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज हैं। फिलहाल सर्च दौरान पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। वहीं, तीनों की मौत कैसे हुए ये पोस्टमार्टम के बाद ही खुलासा हो पाएगा। गांव के पूर्व सरपंच यशपाल ने बताया कि उन्हें शुक्रवार शाम को रजवाहे किनारे 2 शव पड़े होने के बारे पता चला, तो पुलिस हेडक्वार्टर को सूचना दी। पुलिस पहुंची तो साथ लगते गांव झंगी सरूप दास में भी एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना आ गई। उन्होंने कहा कि यह सारी घटना नशे कारण हुई है।

यहां सरेआम चिट्टा बिकता है। कई बार अधिकारियों से को इस बारे मे सूचना दे चुके हैं, लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नहीं होता। डीएसपी सुखविंदर पाल सिंह ने कहा कि मौत के कारणों का पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा। (अनंत ज्ञान)

### अभी धान की पनीरी न लगाएं किसान : करनैल

**शाहपुर।** रेहलू नागिन कूहल के कोहली करनैल सिंह ने कहा कि शाहपुर उपमंडल के अंतर्गत नागिन, नरेड़, स्काऊ, तारडू कूहल तक के किसान धान की पनीरी लगाने की जल्दी न करें। उन्होंने अपील की है कि जब तक बारिश नहीं होती, पनीरी न लगाएं। (अनंत ज्ञान)

# जगनी का सुशांत वायुसेना में बना फ्लाइंग ऑफिसर

**प्रवीण मिश्रा, लंबागांव**



अप्पर लंबागांव पंचायत के जगनी गांव का 26 वर्षीय सुशांत चौहान अब भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर सेवाएं देगा। सुशांत की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। हैदराबाद में एक साल के प्रशिक्षण के बाद शनिवार को सुशांत पास आउट हुआ है। सुशांत की इस पास आउट परेड में उसके माता पिता भी शामिल हुए। सुशांत के पिता अनिल चौहान उधान विभाग लंबागांब में चर्तुथ श्रेणी के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता कुसमा देवी गृहणी है।

सुशांत की जमा दो तक की पढ़ाई डीएवी आलमपुर स्कूल से की है। उसके बाद उसने राजीव गांधी इंजीनियरिंग कालेज नगरोटा से बीटेक किया हुआ है। इससे पहले सुंशात ने एक वर्ष तक हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग में भी अपनी सेवाएं दी है । उसी दौरान सुशांत ने वायु सेना के लिए दी गई परीक्षा में भी मेरिट सूची में स्थान हासिल कर लिया। सुशांत का बच्चपन से ही सेना में जाने का सपना था ।यही कारण रहा कि सुशांत की हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग में नियुक्ति हो जाने के बावजूद भी सुशांत सेना ने के लिए तैयारी जारी रखी और अपने मुकाम तक पंहुच गया। (अनंत ज्ञान)

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर किया आयोजित

**प्रवीण मिश्रा, लंबागांव।** द हंस फाउंडेशन द्वारा लंबागांव पंचायत में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान डॉक्टर के द्वारा स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क में लैब टेस्ट कर दवाई भी वितरित की। इस दौरान मोबाईल मेडिकल यूनिट इकाई-1 के द्वारा स्थानीय लोगो को जागरूक भी किया गया। साथ ही साथ लोगों को सेवा का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस नेक कार्य के लिए स्थानीय लोगो ने हंस फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया । सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ने बताया है कि शहरी क्षेत्रों में सारी सुविधाएं उपलब्ध होने के कारण शहरी क्षेत्रों के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में ज्यादा परेशानी देखने को नहीं मिलती है पर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं अंतिम व्यक्ति तक मिलना मुश्किल होता है। हंस फाउंडेशन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने का प्रयास कर रहा है। (अनंत ज्ञान)


## कार्यालय ग्राम पंचायत लाहट

विकास खंड सुलह स्थित भेड़ू महादेव, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

आज दिनांक 06.06.2024 को ग्राम पंचायत लाहट की बैठक प्रधान श्री प्रताप चंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किया गया।

प्रधान महोदय ने पंचायत बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि ग्राम पंचायत लाहट में वर्ष 2024-25 के लिए निविदाएं ली जानी हैं। यह निविदाएं रेत नदी, बजरी नदी, बोल्डर टूटा पत्थर 4 एमएम गटका, क्रशर रेत, क्रशर बजरी व शैटरिंग इत्यादि की ली जानी हैं। निविदाएं दिनांक 22.06.2024 तक पंचायत कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। ताकि कोरम में निविदाएं खोली जा सकें। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ।

प्रधान

ग्राम पंचायत लाहट

विकास खंड सुलह स्थित भेड़ू महादेव, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)


**आयुर्वेद** | भारत की प्राचीनतम उपचार प्रणाली से सस्ता तथा बिना साइड इफेक्ट का इलाज

# आयुर्वेदिक पद्धति के प्रति लोगों में बढ़ा रुझान

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्राचीन समय में जटिल से जटिल रोगों का उपचार करने वाली आयुर्वेदिक प्रणाली को लेकर अब फिर से लोगों में क्रेज बढ़ रहा है। एलोपैथिक पद्धति से उपचार में साइड इफेक्ट तथा महंगे इलाज की बजाए अब प्राचीन भारतीय पद्धति से उपचार से लोग जुड़ने लगे हैं। लोगों में आयुर्वेदिक उपचार के प्रति रुझान साल दर साल बढ़ने लगा है।

धर्मशाला स्थित जिला आयुर्वेदिक अस्पताल के आंकड़ों की मानें तो यहां विभिन्न बीमारियों के उपचार के लिए पंचकर्मा पद्धति तथा आयुर्वेद विधि से उपचार करवाने के लिए लोगों में दिलचस्पी नजर आती है। साल 2020-21 में अस्पताल में उपचार के लिए ओपीडी में 11504, साल 2021-22 में 14204, साल 2022-23 में करीब 15000 तथा



साल 2023-24 में 15023 मरीज आए हैं। आंकड़ों के अनुसार मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

आईपीडी में साल 2020-21 में 1411, साल 2021-22 में संबंधित सर्जन का पद रिक्त होने से कम होकर 1031, साल 2022-23 में 1436 तथा साल 2023-24 में 1743 मरीजों का यहां दाखिल कर उपचार किया गया है। पंचकर्म विधि से उपचार करवाने वाले मरीजों के आंकड़ों के अनुसार साल 2020-21 में 914, साल 2021-22 में 1133, साल 2022-23 में 1371 तथा साल 2023-24 में 1424 मरीजों ने उपचार करवाया। अर्शरोग तथा ज्ञारसूत्र कर्म के तहत साल 2020-21 में 222, साल 2021-22 में 198, साल 2022-23 में 314 तथा साल 2023-24 में 162 मरीजों ने उपचार का लाभ उठाया। (अनंत ज्ञान)

### क्या है आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली

**प्राचीन** भारतीय चिकित्सा प्रणाली को आयुर्वेद के नाम से जाना जाता है। यह प्राचीन लेखन पर आधारित है, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक और समग्र दृष्टिकोण पर निर्भर करता है। आयुर्वेदिक चिकित्सा दुनिया की सबसे पुरानी चिकित्सा प्रणालियों में से एक है और भारत की पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में से एक है। आयुर्वेदिक उपचार उत्पादों (मुख्य रूप से पौधों से प्राप्त, लेकिन इसमें पशु, धातु और खनिज भी शामिल हो सकते हैं), आहार, व्यायाम और जीवन शैली को जोड़ता है।

### क्या कहते हैं अधिकारी



**आंकड़ों** की पुष्टि करते हुए उपनिदेशक कांगड़ा जोन डॉक्टर रश्मि अग्निहोत्री ने बताया कि आंकड़ों के मुताबिक लोगों में उपचार के लिए आयुर्वेदिक पद्धति के प्रति रुझान बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि एक ओर जहां ये उपचार सस्ता है तो वहीं इससे साइड इफेक्ट का खतरा न होने के कारण लोग आयुर्वेदिक उपचार में रुचि दिखा जा रहे हैं। यह भारत की प्राचीनतम उपचार प्रणाली है। इस प्रणाली में इलाज लंबा चलता है, लेकिन एक बार उपचार होने पर दोबारा बीमारी नहीं होती।

## न्यूज ब्रीफ

### लखनपाल को झूठ बोलने की महारत हासिल : कालिया

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** जिला महासचिव पवन कालिया ने कहा कि इंद्रदत्त लखनपाल ने कार्यकताओं को आपस में लड़ाना और झूठ बड़ी सफाई से बोलने की बड़ी महारत हासिल की है। इसी महारत की बजह से आज वह चौथी बार बड़सर के विधायक बन गए हैं। कुछ मास पहले उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू की तरीफ कर बड़सर के लिए साढ़े चार सौ करोड़ के काम गिनाए थे। करोड़ों रुपए खर्च भी हुए और हो रहे हैं। एक मास बाद ही लखनपाल ने बड़सर के लोगों को रीझा लिया कि मुख्यमंत्री ने पिछले डेढ़ वर्ष में कुछ नहीं दिया। इस बजह से मैंने कांग्रेस छोड़ भाजपा ज्वाइन की है या तो वह पहले झूठ बोल रहे थे या अब झूठ बोल रहे हैं।

### एचआरटीसी पेंशनर्स की बैठक में हुई चर्चा

**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश एचआरटीसी पेंशनर समस्या समाधान मंच की बैठक हमीरपुर में रविवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ



उपाध्यक्ष होशियार सिंह गुलेरिया व महासचिव रामगोपाल शर्मा द्वारा की गई। बैठक में पेंशनरों को वित्तीय समस्याओं पर चर्चा की गई। वर्ष 2016 से पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन एरियर का भुगतान न करना। सितंबर 2021 तक के सेवानिवृत्त पेंशनरों को आठ वर्ष के पश्चात भी पेंशन एरियर व डीए जो जुलाई 2015 से देय है, का अभी तक भुगतान न करना। पेंशन का स्थायी समाधान न कर हर महीने पेंशन को देरी से जारी करना। 65, 70 व 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरांत देय क्रमशः 5, 10 व 15 फीसदी पेंशन वृद्धि का अन्य विभागों की तर्ज पर लागू न करना। केवल उन्हीं पेंशनरों को इस लाभ को देय किया, जो न्यायालय से आदेश लाएगा। बैठक में देवराज ठाकुर, राम गोपाल शर्मा, जय सिंह, तारा चंद, शिव राम, राजेंद्र ठाकुर, संजय चड्ढा, तारा चंद, कमलेश कुमार, हुकम चंद, रविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### 18 को बिजली उपकरणों की होगी वार्षिक टेस्टिंग

**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** रविवार को विद्युत उपमंडल के सहायक अभियंता विजय



पटियाल ने बताया कि 18 जून को बड़सर में बिजली उपकरणों की वार्षिक टेस्टिंग होगी, जिससे कुछ स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल वर्ष के अंतर्गत 33/11 केवी सब स्टेशन में पीएंडटी टीम सुंदरनगर द्वारा विद्युत उपकरणों की वार्षिक टेस्टिंग की जाएगी। जिसके चलते 11 केवी बड़सर, हरसौर, गारली और सलौनी तथा दांदड़ू, ख्वाजा एवं 33 केवी बिझड़ी उपमंडल की बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से एक तक बंद रहेगी। उन्होंने समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### दियोटसिद्ध मार्ग के एबीसी चौक पर लगाया भंडारा



**अनंत ज्ञान बिझड़ी।** एकादशी के उपलक्ष्य में रविबार को चलसाई, बुन्हानी और अंबोटा गांवों के लोगों ने बिझड़ी-दियोटसिद्ध सड़क मार्ग के एबीसी चौक पर सुबह-सुबह खीर व शाम 5 बजे तक पूरियों व चावल का भंडारा लगाया। इसके साथ ही युवाओं ने शीतल पेयजल की छबील का भी आयोजन किया। बताते चलें कि लोग पिछले 16 वर्षों से इस स्थान पर भंडारे का आयोजन करते आ रहे हैं। इस भंडारे का बाबा बालक नाथ के दर्शनों को जाते हुए हजारों श्रदालुओं ने भी आनंद लिया।

### शहीद अंकुश की याद में लगाया रक्तदान कैंप

**अनंत ज्ञान, जाहू।** गलवान घाटी में अंकुश ठाकुर को 16 जून को शहीद हुए 4 वर्ष पूरे होने पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ोहता मे लगाया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनोह में शहीद याद में श्रद्धांजलि दी गई। कैंप में मुख्यतिथि के रूप में सेवानिवृत्ति मेजर जनरल धर्मवीर सिंह राणा ने शिरकत की। शहीद के पिता अनिल कुमार ने कहा कि अमर शहीद अंकुश ठाकुर सेना मेडल को 16 जून को 4 वर्ष पूरे होंगे। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ोहता में ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया जाएगा। इस रक्तदान शिविर में 22 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।



कस्बा बड़ा के हनुमान मंदिर मलोटी में लगाई ठंडे पानी की छबील।

# प्राथमिक विद्यालय बना नशेड़ियों का अड्डा

## तरकेड़ी में बंद पड़े विद्यालयों को आंगनबाड़ी या सामाजिक केंद्रों में किया जाए परिवर्तित

**शशि सोनम, नादौन**

शिक्षा समाज की धुरी है और शिक्षा के माध्यम से ही एक स्वच्छ समाज का निर्माण होता है। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और सुसंपन्न बनाने के लिए हिमाचल सरकार द्वारा प्रत्येक गांव में विद्यालयों की स्थापना की गई है, ताकि हिमाचल प्रदेश का प्रत्येक छात्र सुशिक्षित होकर एक चरित्रवान समाज का निर्माण करे, परंतु विगत कुछ समय से लगातार सरकारी विद्यालय में इसकी संख्या गिर रही है, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा-विभाग और सरकार द्वारा विद्यालयों को बंद किया जा रहा है।

बता दें कि हिमाचल सरकार द्वारा बच्चों को शिक्षित करने हेतु भव्य भवनों का निर्माण किया गया है, परंतु विद्यालयों के बंद होने के उपरांत उन सभी भवनों का सदुपयोग नहीं हो पा रहा है, जिससे भवन जर्जर अवस्था को प्राप्त हो रहे हैं। इसी क्रम में तरकेड़ी गांव का प्राथमिक विद्यालय भी विगत दो वर्षों से बंद पड़ा है, जिससे यह भवन लगातार जर्जर अवस्था को प्राप्त हो रहा है और सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय तरकेड़ी के टूटे हुए दरवाजे।

### भवन के दरवाजे टूटने पर गांववासियों ने जताई चिंता

**राजकीय** प्राथमिक पाठशाला तरकेड़ी के सभी चार कमरों के दरवाजे टूटने पर गांववासियों ने चिंता जताई है। विदित रहे कि हर वर्ष जून मास में गांव के लोग सामूहिक भंडारे का आयोजन करते हैं, जो कि विद्यालय के साथ लगते सार्वजनिक भवन में किया जाता है। इस दौरान जब गांववासी स्कूल भवन के आसपास भी साफ-सफाई करने लगे तो विद्यालय के सभी कमरों के दरवाजे व ताले टूटे हुए पाए गए। इससे पूर्व भी विद्यालय में नशा करने वालों की आवाजाही रहती थी, परंतु गांववासियों के सामूहिक बहिष्कार से वह कार्य विगत एक वर्ष से बंद हो गया था। ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री और शिक्षा विभाग से भी अपील की है कि वे इस विद्यालय सहित अन्य बंद पड़े भवन को आंगनबाड़ी, महिला मंडल, युवक मंडल अथवा ग्राम सुधार सभा को समर्पित कर दिया जाए, ताकि इस भव्य भवन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## भोरंज में जल शक्ति विभाग ने टैंकर से पानी की सप्लाई की बंद

**एसके शर्मा जाहू**

भोरंज उपमंडल में पानी की गंभीर समस्या होने के बावजूद विभाग कोई कदम नहीं उठा पा रहा है। जलशक्ति विभाग के अधिकारी भोरंज विधानसभा क्षेत्र में पानी के लिए मची त्राहि को गंभीर रूप से नहीं ले रहा है।

**लोगों में पानी के लिए मची त्राहि-त्राहि**

तीन दिन पहले जल शक्ति विभाग भोरंज द्वारा भरेड़ी, गरसार व कक्कड़ के लिए टैंकरों के माध्यम से पानी देने का फैसला लिया और एक दिन पानी की सप्लाई टैंकरों के माध्यम से दी भी गई है, परंतु उसके बाद टैंकर के माध्यम से सप्लाई को बंद कर दिया गया है।



गांववासियों में राकेश कुमार, देशराज, संतराम, अनिता कुमारी आदि ने बताया कि जल शक्ति विभाग द्वारा एक दिन पानी की सप्लाई टैंकरों के माध्यम से लोगों को दी। तीन दिन बीत जाने के बाद दोबारा टैंकरों की सप्लाई गांवों तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि कार्यालय में बैठकर योजनाएं बनाई जाती हैं जो कि धरातल पर एक भी नजर नहीं आती हैं, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है और पानी की तलाश के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। पशुओं को पानी पिलाने को नहीं मिल पा रहा है।

लोगों का कहना है कि जिन लोगों के घर सड़कों के किनारे हैं उनके द्वारा तो पानी का टैंकर खरीद कर अपना गुजारा हो जाता है परंतु जो घर सड़क से दूर हैं जहां तक पानी का टैंकर नहीं पहुंच पाता है, उनका जीना मुश्किल होता जा रहा है। विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गांवों का दौरा स्वयं करें तो उनको मालूम होगा कि ग्रामीण पानी की समस्या से कितने जूझ रहे हैं। वहीं, भोरंज सहायक अभियंता आशीष देव से मोबाइल पर इस बारे बात करनी चाही तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। (अनंत ज्ञान)

## स्पाइस पार्क खुलने की फिर जगी आश

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के लोगों को कस्बा बड़ा में एक बार फिर स्पाइस पार्क खुलने की आश दिखाई दे रही हैं जब से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने यह बात नादौन विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बड़ा में लोकसभा चुनावों के दौरान मंगली गूगा में एक कार्यक्रम के दौरान लोगों के समक्ष कही थी कि कस्बा बड़ा में स्वीकृत स्पाइस पार्क को खोलने के लिए अतिशीघ्र संभावनाएं तलाशी जाएंगी। लोगों का कहना हैं कि इससे स्पष्ट जाहिर होता हैं कि जिस तरह से मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा कस्बा बड़ा के सधोड़ा पत्तन पर पुल के निर्माण की लोगों की कई वर्षों से चली आ रही मांग को पूरा किया है, उसी तरह वह अतिशीघ्र कस्बा बड़ा में स्पाइस पार्क की स्थापना को सकारात्मक रूप देने के बारे में विचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू जो बात कहते हैं उसे सकारात्मक रूप आवश्य देते हैं। लोगों में यह भी चर्चा हैं कि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा स्पाइस पार्क की स्थापना को लेकर विपक्षी नेता आए दिन मुख्यमंत्री सुक्खू पर हमलावर रहते हैं। उस पर भी विराम लग जाएगा। अब मुख्यमंत्री सुक्खू के स्पाइस पार्क के संदर्भ में दिए गए बयान से एक बार फिर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। (अनंत ज्ञान)

## हमीरपुर जिला भाजपा ने लोकसभा चुनावों के बाद की समीक्षा बैठक

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भाजपा की जिला इकाई की बैठक जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से संसदीय क्षेत्र के चुनाव संयोजक व बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल व बड़सर विधानसभा के विधायक इंद्रदत लखनपाल मुख्य रूप से पहुंचे।

बैठक में लोकसभा चुनाव और दो उपचुनावों को लेकर समीक्षा व मंथन बैठक हुई। जिलाध्यक्ष ने आए हुए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का चुनाव में लोकसभा की दृष्टि से जिले के पांचो मंडलों में भारी लीड मिलने पर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया और तीन धन्यवाद प्रस्ताव विजिला अध्यक्ष द्वारा पारित करवाए गए।

एक प्रस्ताव देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी को धन्यवाद प्रस्ताव, दूसरा प्रस्ताव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को केंद्र में स्वास्थ्य मंत्री व रसायन उर्वरक मंत्री बनने पर धन्यवाद प्रस्ताव व तीसरा प्रस्ताव हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पांचवीं बार भारी मतों से जीतकर संसद में पहुंचे अनुराग को भी धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया।



बैठक में मौजूद पदाधिकारी व अन्य।

**तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनने पर भारतीय जनता पार्टी के लिए गर्व की बात : जमवाल**

जम्वाल ने कहा कि पार्टी ने तय किया था कि पिछले कल और आज पूरे प्रदेश भर में जो हमने चारों लोकसभा कि सीटें जीतीं हैं, उनको लेकर हर जिले में समीक्षा बैठकर करने तय हुई थी।

इस दृष्टि से हमीरपुर जिले की यह समीक्षा बैठक रखी गई है। इस दौरान जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा के अलावा बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना योगी, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनोद ठाकुर, संसदीय क्षेत्र के विस्तारक अमित शर्मा, पूर्व विधायक अनिल धीमान, पूर्व विधायका कमलेश कुमारी, उर्मिल ठाकुर, जिले के दोनों महामंत्री राकेश ठाकुर, अजय रिंटू, जिले के उपाध्यक्ष विजयपाल सोहारू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## स्काउट एंड गाइड कैंप में स्टूडेंट्स को स्काउटिंग के दिए टिप्स



**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

भारत स्काउट एंड गाइड में तृतीय सोपान कैंप का शुभारंभ किया गया। जिला संगठन आयुक्त नरिंद्र गुलेरिया ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबोह में शुरू किया गया, जिसकी शुरुआत प्रधानाचार्य रणसिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर की। प्रधानाचार्य ने स्काउटिंग से संबंधित स्काउट मास्ट्र्स से विस्तारपूर्वक चर्चा की।

कैंप में जिला प्रशिक्षण आयुक्त नरेश ठाकुर ने बताया कि कैंप में स्टूडेंट्स को स्काउटिंग के बारे में विस्तारपूर्वक बताया जाएगा। इस कैंप में एसएमसी प्रधान रीना ठाकुर ने नरिंद्र गुलेरिया का स्काउटिंग के इस कैंप को चंबोह में आयोजित करने के लिए सराहना की। उन्होंने इस कार्य के लिए चुना। कैंप में अधीक्षक राकेश ठाकुर, सहायक अधीक्षक राज कुमार उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## रविवार को ढटवाल क्षेत्र सार्वजनिक परिवहन सुविधा से वंचित

### दो महीने बीत जाने के बाद भी आरटीओ हमीरपुर ने नहीं की कोई कार्रवाई

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

ढटवाल क्षेत्र रविवार को कोई भी बस सुविधा न होने के चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि रविवार को अगर किसी ने सलौनी या मैहरे कस्बे में जाना हो तो महंगे दामों पर टैक्सी के माध्यम से पहुंचना पड़ता है। यही नही रविवार को बिझड़ी घोडी धबीरी रूट पर सुबह से लेकर दोपहर एक बजे तक कोई बस नहीं नजर आई।

रविवार को निजी बस ऑपरेटरो की मनमानी लगातार जारी है, लेकिन अभी तक न तो संबंधित विभाग इन पर शिकंजा नहीं कस पाया है और न ही किसी जनप्रतिनिधि ने लोगों की पीड़ा को समझने का प्रयास किया है।

रविवार को निजी बस ऑपरेटर कम सवारियां या मेंटेनेंस वर्क का बहाना बनाकर अकसर रूटों से गायब रहते हैं। अगर इस दिन किसी ने बिझड़ी से सलौनी, मैहरे, रोपड़ी, धंगोटा या अन्य क्षेत्रों में जाना हो तो टैक्सियों का सहारा लेना पड़ता है। ढटवाल क्षेत्र में रविवार को अवाहदेवी दिल्ली बस ही लोगों का एकमात्र सहारा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रविवार को यह क्षेत्र पूरी तरह से काला पानी बन जाता है। अगर जेब में मोटी रकम हो तब ही लोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

लोगों का सवाल है कि क्या ढटवाल की ऐसी अनदेखी लगातार आगे भी जारी रहेगी, हालांकि बड़सर विधानसभा के ज्यादा तादात में मतदाता इसी क्षेत्र से आते हैं तथा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाते हैं। नेता लोग चुनावी दौर में लंबी लंबी बातें करते हैं, लेकिन चुनाव के बाद उन्हें सब भूल जाते है। इस समस्या के कारण आम लोगों के अलावा यहां का व्यापारी समाज भी सरकार व प्रशासन से खफा है।

वहीं इस संबंध में आरटीओ हमीरपुर से दो महीने पहले बात करने पर उन्होंने आश्वासन दिया था कि बस ऑपरेटरों के साथ मीटिंग करके उन्हें सख्त हिदायतें दी जाएगी और मनमानी करने वाले बस ऑपरेटरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। (अनंत ज्ञान)

**क्या कहते हैं एसडीएम बड़सर**

**वहीं** बड़सर के एसडीएम राजेंद्र गौतम का कहना है कि रूट होने के बाबजूद भी बसें गायब रखना नियमों का उल्लंघन है। लोग लिखित में शिकायत दें तो संबंधित विभाग को निर्देश दिए जाएंगे।

## बिलासपुर एम्स में दवा प्रतिनिधियों के प्रवेश पर लगाई रोक हटाई जाए : संगठन

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन का वार्षिक दो दिवसीय सम्मेलन यहां रविवार को एक निजी रिसोर्ट में संपन्न हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने किया। एसोसिएशन के राज्य महासचिव कामरेड जगदीश ठाकुर और कोषाध्यक्ष कॉमरेड विनय कपूर द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिसमें अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय दवा उद्योगों व दवा प्रतिनिधियों के ऊपर हो रहे शोषण व श्रम कानूनों में बदलाव के विषय पर चर्चा की गई। एसोसिएशन की सभी 7 इकाइयों से 50 सदस्यों ने भाग लिया।



उपस्थिति को संबोधित करते हुए डॉ. कश्मीर सिंह।

संगठन की मुख्य मांगों में श्रम कानूनों को संरक्षित करना तथा सेल्स प्रमोशन इंप्लायज के वैधानिक कार्य नियमावली की अधिसूचना को जारी करना, दवाइयों पर जीएसटी शून्य करना और जीवन रक्षक दवाइयों की कीमतों को कम करना और जीपीआरएस जियो टैगिंग को लागू करने का रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन द्वारा विरोध किया गया। इस सम्मेलन में उपरोक्त सभी मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया और केंद्र सरकार की अधिसूचना द्वारा एम्स बिलासपुर में दवा प्रतिनिधियों के कार्य करने की रोक हटाने की मांग की गई। (अनंत ज्ञान)

## 13वीं बास्केटबाल प्रतियोगिता शुरू

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

उपमंडल भोरंज के तहत यंग फ्रेंड्स क्लब डेरा परोल के द्वारा 13वीं बास्केटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि राजकुमार राणा ने किया इस प्रतियोगिता में 8 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पांच टीमें हिमाचल प्रदेश की व तीन पंजाब की टीमों ने भाग लिया। यंग फ्रेंड्स क्लब के प्रधान राकेश डोगरा ने मुख्यातिथि को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

क्लब द्वारा खिलाड़ियों को हर सुविधा दी जा रही है। यह प्रतियोगिता दो दिन चलेगी। पहला मैच यंग फ्रेंड क्लब और दिम्मी के बीच हुआ,



जिसमें यंग फ्रेंड क्लब जीता। वहीं, दूसरा मैच 2 डोगरा और जय माता अवाहदेवी के बीच हुआ, जिसमें 2 डोगरा विजेता रहा। इस प्रतियोगिता में फाइनल जीतने वाले को 21000 रुपए और उपविजेता को 11000 हजार रुपए इनाम दिया जाएगा। इस अवसर पर राकेश डोगरा, पवन कुमार, नरेंद्र ठाकुर, सुरजीत सिंह, विक्की चौहान, संदीप ठाकुर आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)




**हैल्प** परिजन इलाज करवाने में असमर्थ, परिजनों ने सरकार से लगाई आर्थिक मदद की गुहार

## घंघोट खुर्द का अरुण मस्कुलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से पीड़ित

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर जिला के बड़सर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव घंघोट खुर्द गांव का अरुण सोनी 7 साल की उम्र से मस्कुलर डिस्ट्रॉफी नाम की बीमारी से पीड़ित है। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें व्यक्ति चलने-फिरने में पूरी तरह से असमर्थ होता है।

इस बीमारी का इलाज भी बहुत महंगा है कि आम आदमी इसका इलाज नहीं करवा सकता है, लेकिन अरुण के पिता संतोष सोनी ने पाई-पाई जोड़कर कुछ हद तक अपने बेटे का इलाज करवाने में सफल हुए हैं। अब अरुण सोनी की उम्र 13 वर्ष हो चुकी है। वह अंदर-बाहर जाने के लिए भी दूसरे व्यक्ति पर निर्भर रहता है।



मस्कुलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से पीड़ित अरुण के साथ बैठे परिजन।

हालात यह हैं कि अरुण की तबीयत दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। उसके पिता ने बताया कि अरुण के इलाज में उनके द्वारा जोड़ी गई पूंजी सब खत्म हो गई है। उन्होंने बताया कि अरुण का मौजूदा समय में इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा है, लेकिन उनके पास इलाज करवाने के लिए पैसे नहीं हैं। अरुण के पिता ने प्रदेश सरकार और दानी सज्जनों से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है, ताकि अरुण का इलाज करवा सकें। सोनी ने लोगों से अपील की है कि गूगल पे के इस नंबर से 98178-50410 मदद कर सकते हैं।

वहीं अरुण सोनी की माता उमा, भाई विनय और ताया सुभाष चंद ने बताया कि अरुण सोनी गंभीर बीमारी से पीड़ित है। उसके इलाज करवाने में वह पूरी तरह से असमर्थ हैं। उन्होंने दानी सज्जनों और प्रदेश सरकार से मांग की है कि अरुण के इलाज के लिए आर्थिक मदद की जाए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### 5.33 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**एमएम डैनियल, चंबा।** जिला मुख्यालयकी समीपवर्ती पंचायत ककीयां में पुलिस ने एक युवक को 5.33 ग्राम चिट्टा सहित गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक जिला चंबा अभिषेक यादव ने बताया कि जब सदर थाना वुलिस दल ककीयां समीप गश्त कर रही थी तो वहां स्थित वर्षा शालिका में बैठा युवक पुलिस को देख घबरा गया। युवक की घबराहट को देख पुलिस ने शक के आधार पर जब उससे पूछताछ व तलाशी की तो युवक से 5.33 ग्राम चिट्टा सफेद पाऊडर बरामद किया। पुलिस दल ने युवक की पहचान अक्षय कुमार मोहल्ला ओबड़ी डाकघर सुल्तानपुर तहसील चंबा के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस ने चिट्टे की खेप सहित पकड़ा युवक

**एमएम डैनियल, चंबा।** थाना प्रभारी एवं डीएसपी मयंक शर्मा की अगुवाई में थाना सदर चंबा की पुलिस टीम ने गश्त के दौरान शीतला पुल के पास एक युवक को 11.58 ग्राम विट्टे की खेप सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए युवक की पहचान शौकत अली पुत्र मजीद मोहमद गांव व डाकघर जांघी तहसील व जिला चंबा के रूप में की है। जिस पर पुलिस ने मादक द्रव्य पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### सरकार भरे गृहविज्ञान शिक्षकों के रिक्त पदों को : आरती

**एमएम डैनियल, चंबा।** जिला प्रशिक्षित बेरोजगार गृहविज्ञान शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष आरती कुमारी ने कहा कि गत माह पूर्व सरकार द्वारा संघ द्वारा उठाई जा रही नियुक्ति संबंधी मांग को अहमियत देते हुए सभी जिलों शिक्षा विभाग माध्यम सूचियां तलब की गई, लेकिन इसके पश्चात सरकार ने गृहविज्ञान शिक्षकों के रिक्त पदों भरने संबंधी न कोई अधिसूचना जारी की है और न ही साक्षात्कार के लिए कोई प्रक्रिया को अमल में लाया गया है। जिसका सीधा तात्पर्य है कि मौजूदा सरकार भी पूर्व सरकार की भांति प्रशिक्षित गृहविज्ञान नियुक्ति प्रक्रिया में कोई अधिक रूचि नहीं रखती है। उन्होंने सरकार से अपील की कि गृहविज्ञान शिक्षकों के रिक्त पदों के लिए मांगी गई सूची प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए साक्षात्कार संबंधी प्रक्रिया को अमल में ला अधिसूचना जारी की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी कुछ दिनों में इस संदर्भ में ठोस रणनीति तैयार कर अंतिम प्रस्ताव सरकार को संघ द्वारा प्रेषित किया जाएगा। जिसमें कुछ दिन सरकार की प्रक्रिया देखने बाद राच्य संघ से बैठक कर इस दिशा में आंदोलन का आगाज करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। ताकि बेरोजगार प्रशिक्षित शिक्षकों रोजगार को लेकर कोई राहत मिल सके। (अनंत ज्ञान)

# रावी के तट पर उड़ रही निर्देशों की धज्जियां

## नदियां उफान पर, पर्यटक और दिहाड़ीदार खतरे में डाल रहे जान

**एमएम डैनियल, चंबा**

एक ओर जहां प्रशासनिक अधिकारियों व परियोजना प्रबंधकों द्वारा रावी नदी तट पर रोजाना चेतावनी जारी की जा रही है। वहीं इन चेतावनियों को कई तटों पर पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासनिक आदेशों को ठेंगा दिखा जिंदगियां जोखिम में डाला जा रहा है। वहीं प्रशासनिक अधिकारी भी चेतावनी निर्देश अधिकारिक बैठकों व प्रचार-प्रसार की कार्रवाई तक सीमित रख रहे हैं। जबकि रावी नदी के तटों पर रिहायशी ठिकाने बनाने सहित लोगों द्वारा कई तरह के व्यवसाय चलाए जा रहे हैं।

गौर हो कि वार-त्यौहार के दिनों में अधिकारियों द्वारा छापामारी कर चेतावनी अथवा चालान प्रक्रिया के बाद कई-कई माह ऐसे लोगों को नजरअंदाज कर दिया जाता है। जिसकी वजह से महंगाई के दौर में बेरोजगारी के आलम से गुजर रहे लोग व बंजारे नदी तटों पर बार-बार जिंदगी जोखिम पर लगाने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। हैरानी की बात है कि रावी नदी तट से हाईवे मार्ग के सटे होने के चलते कई अधिकारी रोजाना आवागमन कर इन तटों पर जोखिम में डली



रावी के तट पर जान को खतरे में डालते हुए पर्यटक।



अवैध खनन करने के दौरान मौजूद जेसीबी चालक।

जिंदगियों को देखते हैं। मगर आज दिन दिन तक किसी अधिकारी द्वारा इस विषय में आवाज बुलंद करना गवारा नहीं समझा गया है।

वहीं रावी नदी में गत वर्ष आए भयंकर उफान की बात करें तो वह मंजर याद कर कई के रौंगटे आज भी खड़े हो जाते हैं। 1995 में रावी नदी ने खड़ामुख से लेकर राजनगर तक तबाही ही तबाही मचाई। नदी के संवेदनशील तटों में से एक मोहल्ला माईकाबाग है। वर्ष 1995 के बाढ़ के उफान में अगर मोहल्ले की नदी तट के साथ लगती चट्टान नहीं होती तो पूरा मोहल्ला नदी के उफान में समा जाता। जबकि इस बाढ़ ने तट स्थित पशुमंडी शैड पनिहारे व तट समीप खोखो तथा दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया।

तत्काल प्रशासन ने संवेदनशील तट घोषित करते हुए लोगों को तट के नजदीक न बसने की चेतावनी जारी की थी। मगर वर्ष बीतने के साथ उफान में कमी आने से एक बार फिर लोगों द्वारा रिहायश व व्यवसायिक क्षेत्र खड़ामुख से लेकर राजनगर तक नदी तटों पर चलाए जा रहे हैं। जिसमें बंजारों द्वारा तट को रहने के लिए तो कईयों ने खोखे ढाबे रेत, बजरी निकालने का कार्य इन दिनों भी जारी रखा है। जबकि बढ़ती गर्मी से नदी के जलस्तर में निरंतर इजाफा हो रहा है। मगर पेट की भूख व सरकार एवं प्रशासन द्वारा ऐसे लोगों के लिए उचित रोजगार संबंधी कदम न उठाने के कारणवश लोग सब कुछ जानते हुए भी जान जोखिम में डाले हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस को दिए तटों के निरीक्षण के निर्देश : अरुण

**एसडीएम** चंबा अरुण कुमार ने कहा कि प्रशासनिक चेतावनी को जारी करने सहित पुलिस विभाग को नदी तटों का निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। जिसमें तट पर गश्त कर पर्यटकों व स्थनीय लोगों की छानबीन कर उन्हें तटों से दूर रखने के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सद्‌गुरु की प्राप्ति होने पर आत्मज्ञान होता है प्राप्त : जय लाल





प्रवचन करते हुए जय लाल जी तथा (दाएं) मौजूद लोग।

**एमएम डैनियल, चंबा**

संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा जय लाल की अध्यक्षता में विशाल सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान दूर-दराज के क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया। राख, जांघी, मैहला, धरवाला, जडेरा, साहो, मंगला आदि गांवों से आए संतों महात्माओं ने अपने विचारों व भजनों द्वारा अपनी भावनाएं व्यक्त की।

मंच पर विराजमान महात्मा जय लाल ने अपने सार गर्भित प्रवचनों द्वारा साधसंगत को भाव विभौर करते हुए कहा कि जैसा कि हम समय-समय से पढ़ते सुनते चले आ रहे हैं कि हमारा शरीर पांच तत्वों से बना हुआ है-भूमि, गगन, वायु, अग्नि, नीर इन पांच तत्वों की यात्रा जहां से प्रारंभ होती है वहीं समाप्त हो जाती है। जब यह पांच तत्वों का बना शरीर इस छठे परम तत्व की प्राप्ति के लिए अग्रसर होता है तब उसे जीवन की यात्रा की सफलता कहा जा सकता है। विचार करने की आवश्यकता है कि आखिर छठा तत्व है क्या।

छठा तत्व कुछ और नहीं अपितु आत्मज्ञान है। आत्मा इस परमात्मा का अंश है, जिस प्रकार जल की एक बूंद सागर का अंश होती है। अब प्रश्न जहन में उठता है कि इस आत्म ज्ञान को प्राप्त कैसे किया जा सकता है। जब पूर्ण सदगुरु की प्राप्ती होती है तभी उसे आत्मज्ञान प्राप्त होता है। जब मनुष्य आत्म ज्ञान के पश्चात उसे अपने अनुभव में लाता है, उसमें रह कर कार्य करता है, तभी उसकी जीवन यात्रा सार्थक होती है। इस मौके पर निरंकारी मिशन ब्रांच चंबा सेवादार विनोद कुमार दूर दराज के गांवो कस्बों से आए सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। (अनंत ज्ञान)

## देहरा पंचायत जूझ रही मूलभूत सुविधाओं से

**अनंत ज्ञान, तीसा।** ग्राम पंचायत देहरा आजादी के छह दशक बीत जाने के बाद भी मूल भूत सुविधाओं से वंचित है। जिस कारण यहा की करीब पांच हजार आबादी को भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। हालात यह है कि मौजूदा समय में इन पंचायतों में न तो कोई स्वास्थ्य केंद्र है और न ही बैंक सुविधा है, ग्रामीणों को लेन-देन संबंधी कार्यों के लिए व स्वास्थ्य जांच के लिए लंबा सफर करके तीसा जाना पड़ता है।

ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन व राजनेताओं से बार-बार उक्त समस्य का सामाधान करने के बावत गुहार लगाने के बाद भी समस्य जस की तस बनी हुई है।

## योग दिवस को लेकर तैयारियों में जुटी पतंजलि योग समिति चंबा

**एमएम डैनियल, चंबा**

21 जून को विश्व योग दिवस के मौके पर चंबा में जिला व तहसील स्तर पर विश्व योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिस के लिए भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति चंबा योग दिवस के सफल आयोजन के लिए तैयारियों में जुट गई है।

भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति चंबा के जिला प्रभारी बालक राम ठाकुर ने बताया कि योग दिवस को सफल बनाने के लिए जिला व तहसील स्तर पर सात से 20 जून तक योग शिविर लगाए जा रहे हैं। विश्व योग दिवस के आयोजन के चंबा जिला के विभिन्न क्षेत्रों में संपर्क अभियान भी शुरू कर दिए हैं, और समाज के सभी वर्गो के लोगों को योग के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है।

उन्होंने कहा कि योग ऐसी पद्धति है जिसके द्वारा लोग बिना खर्च किए अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं। जो लोग योग करते हैं उन्हें इसका लाभ मिल रहा है। अभी भी कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक योग को नहीं अपनाया है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से 21 जून को योग दिवस मनाया जा रहा है। इससे न केवल देश बल्कि विश्व के लोग योग के बारे में जानकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## सड़क निर्माण को लेकर पूर्व सीपीएस से मिले ध्वाल पंचायत के लोग

**उमेश, सुंदरनगर**



प्रतिनिधिमंडल पूर्व सीपीएस सोहन लाल से मिलते हुए।

ग्राम पंचायत ध्वाल के रीड़ा गांव के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर से सुंदरनगर में उनके कार्यालय में भेंट करते हुए गांव के लिए सड़क निर्माण की मांग को लेकर मांगपत्र दिया।

ग्रामीणों में पूर्व प्रधान डालू राम, छितरु राम, शंकर राम, चमन, ज्ञान चंद, अमर सिंह, काला राम, बालक राम, रणजीत, रामलाल, संजय, रतन चंद, सुनील, नागराज, सुरेंद्र और रणजीत सिंह सहित अन्यों ने मांग पत्र में बताया कि उनके गांव के सड़क सुविधा न होने से भारी परेशनियां और समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर सोहन लाल ठाकुर ने ग्रामीणों को गांव के सड़क निर्माण हेतु प्रदेश सरकार और लोक निर्माण मंत्री से स्वीकृति प्रदान करवाने का आश्वासन दिया। प्रदेश कांग्रेस सरकार और लोक निर्माण विभाग का मुख्य लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करवाना है, जिसके लिए सरकार चरणबद्ध तरीके से विकासात्मक कार्यों को पूरा कर रही है। उन्होंने ग्रमीणों को आश्वस्त करवाया की स्वीकृति के साथ जल्द ही सड़क निर्माण प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)


**कार्यालय ग्राम पंचायत कसान**

**विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी हि.प्र. 175001**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत कसान विकास खंड सदर मंडी जिला में आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न सामग्रियों की वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 24-06-2024 को 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जायेंगी व दिनांक 25-06-2024 को अपराह् 11 बजे निविदादाओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी।

| क्र.स. | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1 | रेत (KANSA QUERRY ) | Per cubic meter |
| 2 | बजरी (CRUSHER) | Per cubic meter |
| 3 | बजरी (KANSAQUERRY) | Per cubic meter |
| 4 | बजरी10mm(CRUSHER) | Per cubic meter |
| 5 | बजरी20mm(CRUSHER) | Per cubic meter |
| 6 | बजरी40mm(CRUSHER) | Per cubic meter |
| 7 | सोलिंग/बोल्डर पत्थर | Per cubic meter |
| 8 | पत्थर (Cut Stone) | Per cubic meter |
| 9 | ईंट | Per Brick |
| 10 | ह्युम पाईप ब्यास (Dia) के | Per Pipe |
| 11 | जेसीबी | Per Hours |
| 12 | शटरिंग | Per square Metter |
| 13 | सीमेंट ढुलाई | Per Bag Mandi/Talyahar to Bir |

शर्तें:

1. निविदादाता के पास अपना पंजीयन, पैन संख्या, TIN नंबर होना आवश्यक है।
2. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएं।
3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Farm जमा करवाने होंगे,
4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी।
5. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।
6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा
7. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाडी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी

**प्रधान**

**ग्राम पंचायत कसान**

**विकास खंड सदर मंडी**


## 17 से चंबा प्रवास पर होंगे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप

**एमएम डैनियल, चंबा**



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 17 जून को देर सांय सिहुंता पहुंचेंगे। वे 19 जून को सिहुंता में होने वाली स्टार नाइट में मुख्य अतिथि होंगे।

विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष 21 जून को दोपहर 12.30 बजे चुवाड़ी में जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह की आधारशिला रखेंगे तत्पश्चात त्रिमथ में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष 22 जून को दोपहर 12.30 बजे बचत भवन में ज़िला शिकायत निवारण समिति बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक के पश्चात वह 03.30 बजे माता जालपा मंदिर मैहला तथा शाम 05.30 बजे भलेई माता मंदिर जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष भलेई में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी करेंगे। कुलदीप सिंह पठानिया 23 जून को छिंज मेला चुवाडी में मुख्य अतिथि होंगे तथा 24 जून को सिहुंता से धर्मशाला के लिए रवाना होंगे। (अनंत ज्ञान)

## समौड़ स्कूल में सेवानिवृत्त चिकित्सक ने शुरू की निजी छात्रवृत्ति

**पुष्पराज, मंडी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समौड में क्षेत्र के प्रसिद्व समाजसेवी डॉक्टर संजय वर्मा द्वारा दो निजी मेधावी छात्रवृति योजनाओं का शुभारंभ किया गया।

इसके अंतर्गत कक्षा पहली से पांचवी कक्षा सत्र 2023-24 में प्रथम आए विद्यार्थियों को अपनी माता का नाम से इंदिरा वर्मा मेधावी छात्रवृति योजना और कक्षा छठी से जमा दो में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को अपने पिता के नाम से डॉक्टर इंद्र सिंह वर्मा मेधावी छात्रवृति योजना के तहत नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी पुनी वर्मा, एसएमसी प्रधान विपिन कुमार, एसएमसी सदस्य व अभिभावक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. इंद्र संजय वर्मा की इन अनोखी पहल की पूरे क्षेत्र में खूब प्रशंसा की जा रही है।

डॉ. इंद्र संजय वर्मा चिकित्सा विभाग से बतौर उपनिदेशक दंत स्वास्थ्य सेवा के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। यह ग्राम पंचायत समौड़ के स्थानीय निवासी है। सेवानिवृति के बाद डॉक्टर इंद्र संजय वर्मा समाज सेवा के कार्यों में पूरी तरह सक्रिय है। (अनंत ज्ञान)

## चंबा-कीड़ी मार्ग पर क्रैश बैरियर की आवश्यकता

**एमएम डैनियल, चंबा।** चंबा-कीड़ी मार्ग जहां खस्ता हालात के आलम को झेल रहा है। वहीं मार्ग पर पैरापिट अभाव हर पल दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है। जिसके चलते राहगीरों व वाहनधारकों को रोजना परेशानी एवं डर-डर के उक्त मार्ग पर आवागमन करना पड़ रहा है।

**मार्ग कई जगहों से भूस्खलन जद्दोजहद को झेल रहा**

चंबा-कीड़ी मार्ग पर सफर करने वाले चालको व राहगीरों में रोशन सिंह, हसनदीन, मनोज, परसो, मुकेश, राज सिंह, राजेंद्र कुमार, हंस कुमार, मनोज, प्रदीप, कासम, नूर हुसैन, रमेश, मनीष, दीपक, बुद्धि सिंह, विशाल, अमित कुमार, राजीव व कमलेश आदि का कहना है चंबा-कीड़ी मार्ग के जीर्णोद्वार करने के लिए लोक निर्माण विभाग चंबा द्वारा कई कदम उठाए है।

वहीं मार्ग दिन-प्रतिदिन खस्ता होने सहित उक्त मार्ग कई जगहों से भूस्खलन जद्दोजहद को झेल रहा है। चंबा-कीड़ी मार्ग पर आवागमन करना जोखिम भरा बनता जा रहा है। उन्होंने लोनिवि से गुहार की है कि चंबा-कीड़ी मार्ग का निरीक्षण कर क्रैश बैरियर लगाए जाए। (अनंत ज्ञान)

### सूडोकु 0098 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0097 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

17 जून, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** एकादमीः (पूर्ण रात्रि) **: नक्षत्र :** चित्रा (11:13), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** परिघ (9:33) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:53-12:50), **राहुकाल** (07:07 -8:52 ।

**विशेष दिन**

17 जून 2024 : स्मार्त वैष्णव समुदाय आज मनाएगा निर्जला एकादशी।

17 जून 2024 : इदुलजुहा (बकरीद) आज।

**मेषः** समय का इंतजार करें। जल्दबाजी में गलत निर्णय परिणाम बदल सकते हैं। वाद-विवाद से क्लेश संभव है। शारीरिक पीड़ा रहेगी। सम्पर्कों से रुके कार्य पूरे होंगे।

**वृषभः** दिन की शुरुआत शुभ संकल्पों से होगी। संतान की चिंता रहेगी। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। नौकरी में प्रयास सफल रहेंगे। भय व चिंता हावी रहेगी।

**मिथुनः** परिजनों से शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मसम्मान में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में भागदौड़ अधिक रहेगी। भवन भूमि में निवेश से लाभ होगा।

**कर्क :** आज कल आप बहुत जयादा बोलने लग गए हैं, किसके सामने क्या बोलना है, कैसे बोलना है सीखें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**सिंहः** चातुर्य से अपने काम बनवा लेंगे। किसी व्यक्ति विशेष पर आकर्षित होंगे। शरीर कष्ट संभव है। भय व चिंता हावी रहेंगे।

**कन्या :** अनचाही स्थिति का सामना करना पड़ेगा । आप जी काम को जितनी जल्दी शुरू करना चाहते है उतना ही विलंभ होगा। आर्थिक कष्ट सताएगा। यात्रा सफल रहेगी।

**तुलाः** कार्यशैली में बदलाव जरूरी है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नया वाहन सुख सम्भव है। पारिवारिक समारोह में शामिल होंगे।

**वृश्चिकः**विदेश यात्रा सफल रहेगी। नेत्र सम्बंधित पीड़ा रह सकती है। राजकीय कोप को झेलना पड़ सकता है। धर्म में रुचि रहेगी।

**धनु :** संकुचित विचार धारा आप को पीछे धकेल रही है। अपनी मानसिकता बदलें। जमानत के कार्य न करें। लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे।नासमझी से परेशान व क्रोधित होंगे।

**मकरः** परिवार में विवाद न करें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। जीवनसाथी की चिंता रहेगी। आय के नए स्रोत मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कुंभ :** उम्र के साथ सेहत कमजोर हो रही है आप व्यर्थ चिंता छोड़ और सेहत पर ध्यान दे। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मीनः** किसी भी कार्य को करने के लिए आत्मविश्वास होना चाहिये। हिम्मत से आगे बढ़ें, सफलता मिलेगी। घरेलू खर्च बढ़ेंगे।

## तीसरे दिन पंचवक्त्र मंदिर के पास मिला पंजाब के युवक का शव

**पुष्पराज, मंडी।** बीते शुक्रवार को मंडी शहर के बिंद्रावणी में पैर फिसलने से पंजाब का एक युवक व्यास नदी में समा गया था, जिसका शव रविवार को पंचवक्त्र मंदिर के समीप व्यास नदी के तट पर मिला। उपरी क्षेत्रों में बर्फ पिघलने से पंडोह डैम में पानी की मात्रा बढ़ गई थी जिसके कारण रविवार को नदी का जलस्तर पानी छोड़ने से बढ़ गया था जिसके कारण युवक पानी में बहता हुआ बिंद्रवनी से करीब 4 किलोमीटर आगे पंचवक्त्र मंदिर के समीप ब्यास नदी के तट पर मिला।



पड़ा हुआ युवक का शव ।

बता दें कि हादसा बीते शुक्रवार सुबह 6:30 के करीब पेश आया था युवक की तलाशी के लिए एसडीआरएफ और सुंदरनगर से गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंच कर ढूंढने की काफी कोशिश की लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह पंजाब से 5 दोस्त रोहतांग घूमने के लिए जा रहे थे। जब यह बिंद्रावणी के पास पहुंचे तो ब्यास नदी की ओर उतर गए। बताया जा रहा है लोगों के विरोध करने के बाद भी यह युवक व्यास नदी में उतर गए, जिसके बाद इनके साथ यह हादसा पेश आया।

युवक की पहचान जसदीप सिंह निवासी कुराली के रूप में की गई हैं। जोकि अचानक पैर फिसलने से जिंदगी से हाथ धो बैठा। जानकारी के अनुसार युवक के दोस्त ने उसको बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी थी, जिसे प्रवासी मजदूर ने डूबने से बचा लिया। दो दिन युवक को एसडीआरएफ की टीम और गोताखोरों ने लगातार ढूंढा लेकिन इसमें उनको सफलता हासिल नहीं हो पाई। वहीं मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी मंडी सागर चंद्र ने कहा की युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं और आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)


**कार्यालय ग्राम पंचायत लागधार**

**विकास खंड सदर मंडी**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत लागधार विकास खंड सदर जिला मंडी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से डाक द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 26-06-2024 को अपराहन 11 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं इसी दिनांक 26-06-2024 को अपराहन 11 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

| क्र.स. | सामग्री का विवरण 10:00AM To 5:00PM | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1 | A रेत (खड्/नदी) B क्रशर | प्रति घन मीटर |
| 2 | बजरी (खड्ड/क्रशर) 10mm,20mm,40mm | प्रति घन मीटर |
| 3 | पत्थर/कटस्टोन | प्रति घन मीटर |
| 4 | बोल्डर/सोलिंग | प्रति घन मीटर |
| 5 | ईंट(2nd Class) | प्रति नंबर |
| 6 | A शैटरिंग व रास्ता B भवन सैटरिंग | प्रति स्केयर फुट |
| 7 | RCC पाइप व कौल्लर 300mm,450mm,600mm,900mm,/Paver | प्रति नंबर |
| 8 | जेसीबी हेतु | प्रतिघंटा, 240000/से उपर TDS 10% कटेगा |
| 9 | सीमेंट किराया प्रति बैग के हिसाब से गडल से कार्य स्थल तक उतराई व चढ़ाई के साथ पेवर | प्रति बैग |
| 10 | पेवर | 60mm,80mm |
| 11 | Mixture | प्रतिघंटा |
| 12 | CIB | प्रति |

**नियम व शर्तें:**

1. निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा की पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है।
3. ठेकेदार/आपूतिकर्त्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगे (एम फॉर्म) एम फॉर्म उपलब्ध न करवाने पर सामग्री सम्बधित रोयल्टी वर्तमान में 60/-रू प्रति एमटी टन के हिसाब से काटी जाएगी।
4. सामग्री की आपूर्ति लो.नि. विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी।
5. निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहां तक गाडी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी।
6. निविदा दाता को 25000/-रू धरोहर/सुरक्षित राशि पंचायत के नपाम जमा करवानी होगी, तभी निविदाएं मान्य होगी अन्यथा बिना धरोहर राशि के निविदाएं रद्द समझी जाएगी।
7. निविदा दाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर ताता उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी।
8. समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता क चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।
9. ग्राम पंचायत के सप्लाई आडर के अनुरूप की सप्लाई स्वीकार की जाएगी।
10. दरों का उल्लेख करते समय Tax Included या Excluded का उल्लेख करना भी आवश्यक है।
11. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी।
12. इसमें रेत 1200cum, बजरी 1200 cum, पत्थर/कट स्टोन 1500 cum, बोल्डर 1500 cum, ईंट 3500 नं. वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित इतना ही मटीरियल लगगा। सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुशार/उपरांत किया जाएगा।

**प्रधान/सचिव**

**ग्राम पंचायत लागधार**

अनुभव एक महान शिक्षक है, इसलिए गलतियों से डरो नहीं, बल्कि उनका डटकर मुकाबला करो। –महात्मा गांधी

## संपादकीय

# छात्र संघ चुनाव की आहट

हिमाचल प्रदेश में अर्से बाद छात्र संघ चुनाव की आहट सुनाई देने के संकेत मिल रहे हैं। सीएम सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, सरदार पटेल विश्वविद्यालय और कॉलेजों में स्टूडेंट सेंट्रल एसोसिएशन यानी छात्र संघ चुनाव बहाल करने की बात कर प्रदेश की राजनीति में हलचल मचा दी है। अगर सुक्खू सरकार ने वाकई छात्र संघ चुनाव करवाने का निर्णय ले लिया तो तो शांत रहे एचपीयू और कॉलेजों के कैंपसों में जल्द ही चुनावी शोर सुनाई दे सकता है।

असल में 59 साल की उम्र में हिमाचल की राजनीति का सबसे बड़ा चेहरा बने सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सियासत भी छात्र राजनीति से ही शुरू हुई थी। शिमला के संजौली कॉलेज में पढ़ते हुए उन्होंने एनएसयूआई से जुड़कर सीआर यानी क्लास रिप्रजेंटेटिव का चुनाव लड़ा और फिर 1983 में एससीए के सचिव चुने गए। 1984 में एससीए के अध्यक्ष पद पर जीते उसके बाद 1985 में एलएलबी की पढ़ाई करते हुए डीआर यानी डिपार्टमेंट रिप्रजेंटेटिव जीते। वह विधानसभा चुनाव में जीत का परचम लहराकर सीएम की कुर्सी तक जा पहुंचे हैं। उनकी इस कामयाबी के बाद से एनएसयूआई के नेता लगातार एससीए चुनाव करवाने की डिमांड करते रहे हैं। सुक्खू से यह उम्मीद कांग्रेस से जुड़े संगठन एनएसयूआई को ही नहीं है, बल्कि दूसरे सियासी दलों से जुड़े संगठनों एबीवीपी, एसएफआई और अन्य छात्र संगठनों को भी है। छात्र संगठन यह कह रहे हैं कि जिस छात्र राजनीति से निकलकर सुक्खू प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं उसे देखकर लगता है कि वह निश्चित रूप से छात्र संघ चुनाव बहाल करेंगे।

कांग्रेस सरकार ने ही छात्र संघ चुनाव बंद किए थे, जिससे छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हुआ था। हिमाचल में यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में रिप्रजेंटेटिव और स्टूडेंट सेंट्रल एसोसिएशनों के चुनाव साल 2014 में चुनावी हिंसा और हंगामे के कारण तत्कालीन वीरभद्र सिंह सरकार ने बैन कर दिए थे। सुक्खू के सीएम बनने के बाद से हर कोई छात्र संघ चुनाव के समर्थन में खड़ा दिखाई दे रहा है। सुक्खू जब यूनिवर्सिटी में पढ़ते थे तो एनएसयूआई की कामयाबी के लिए काफी संघर्ष करते थे। सुबह उठकर कैंपस में पोस्टर लगाते थे और दोपहर को छात्रों की समस्याओं के हल के लिए रैलियां करते थे। वह अपने छात्र संगठन को संगठित करते थे। उन्हीं संघर्षों की बदौलत सुक्खू हिमाचल के सर्वोच्च पद पर आसीन हुए। अब छात्र नेता सुक्खू की भांति ही अपने आपको अच्छा और सशक्त छात्र नेता बनता देखना चाहते हैं। इसका दूसरा पहलू यह भी है कि यदि कोई छात्र राजनीति में ही अपना करियर बनाना चाहता है तो उसके लिए एससीए चुनाव से बढ़कर और कोई प्लेटफार्म नहीं है, क्योंकि वह राजनीति के दांव-पेंच और बारीकियां अपने छात्र जीवन से ही सीख लेता है,जो उसे आगे चलकर काम आती हैं। उम्मीद है सुक्खू सरकार आने वाले समय में सोच विचार कर उचित निर्णय लेगी। अब भी सुक्खू के ज्यादातर नजदीकी उनके छात्र जीवन से जुड़े हुए लोग हैं। सीएम सुक्खू कई बार अपनी कामयाबी की जड़ एनएसयूआई को बताते रहे हैं। इससे लगता है कि वे प्रदेश में छात्र संघ चुनाव जरूर बहाल करवाएंगे।

जब से छात्र संघ चुनाव बैन हुए हैं एससीए गठन का मेरिट के आधार पर ही होता रहा है। प्रत्यक्ष चुनाव नहीं हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी परिषद (ईसी) के निर्णय के अनुसार 2014 से लेकर प्रत्यक्ष चुनाव से एससीए गठन पर रोक लगी है। हिंसा की घटनाओं का हवाला देकर चुनाव बंद करवाए गए थे। 10 सालों में हर सत्र में प्रत्यक्ष चुनाव बहाली को लेकर मांग उठती है और खूब हंगामा होता है, लेकिन छात्र संगठनों की मांग पूरी नहीं हो रही है। इसके स्थान पर शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक, एनएसएस, एनसीसी हर वर्ग में मेरिट आधार पर एससीए के पदाधिकारियों और सदस्यों का मनोनयन कर एससीए का गठन किया जाता है। हिमाचल के साथ पड़ोसी राज्यों में पंजाब और हरियाणा में भी एससीए के चुनाव बैन हो गए थे,लेकिन अब वहां बहाल हो गए हैं।

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### बहुआयामी और विलक्षण प्रतिभा

**असम** के तेजपुर के प्रसिद्ध साहित्यकार, स्वतंत्रता सेनानी और फिल्म निर्माता ज्योति प्रसाद अग्रवाल बहुआयामी और विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उनका शुभ आगमन ऐसे समय में हुआ, जब असमिया संस्कृति अपने मूल रूप से विछिन्न होती जा रही थी। अग्रवाल एक नाटककार, कथाकार, गीतकार, पत्र संपादक, संगीतकार तथा गायक सभी कुछ थे। मात्र 14 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने 'शोणित कुंवरी' नाटक की रचना कर असमिया साहित्य को समृद्ध कर दिया था। इनका परिवार वर्ष 1811 ई. में राजस्थान के मारवाड़ से असम में आकर बस गया था। इन्होंने अपनी शिक्षा असम तथा कोलकाता में पाई थी। ज्योति प्रसाद ने वर्ष 1921 में मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। यद्यपि इस दौरान असहयोग आंदोलन प्रारंभ हो जाने पर उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी, लेकिन आंदोलन रुक जाने पर कोलकाता के 'नेशनल कॉलेज' में प्रवेश ले लिया था। इसके बाद वे 1926 में इकॉनोमिक्स के अध्ययन के लिए इंग्लैंड चले गए और फिर शिक्षा पूर्ण कर 1930 में स्वदेश लौट आए। इसके बाद ज्योति प्रसाद अग्रवाल कुछ समय के लिए जर्मनी चले गए थे, जहां उनका संपर्क हिमांशु राय से हुआ। राय से उन्हें सिनेमा निर्माण की कला सीखने का अवसर मिला। 1930 में भारत आते ही ज्योति प्रसाद फिर असहयोग आंदोलन में सम्मिलित हो गए और उन्हें 15 महीने की कैद की सजा मिली। उन्होंने वर्ष 1935 में असमिया साहित्यकार लक्ष्मीकांत बेजबरूआ के ऐतिहासिक नाटक 'ज्योमति कुंवारी' को आधार मानकर प्रथम असमिया फिल्म बनाई।



ज्योति प्रसाद अग्रवाल
जन्म : 17 जून, 1903
मृत्यु : 17 जनवरी, 1951

## अपनी बात

**देशभर** में पांच मई को हुई नीट की परीक्षा के रिजल्ट को लेकर जगह-जगह बवाल हो रहा है। 67 छात्रों को फुल मार्क्स यानी 720 नंबर आना अपने में कई सवाल खड़े कर रहा है। एक ही सेंटर से कई टॉपर होने पर जब संदेह हुआ तो परीक्षा में कई तरह की अनियमितताएं पाई गई। परीक्षा का आयोजन करने वाली राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) कहती है ये संयोग है। अब लोग सवाल उठा रहे हैं कि ये कैसे संभव है? मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां कई लोगों की ओर से दायर याचिकाओं की सुनवाई हो रही है। इस परीक्षा का अब देशभर में पुरजोर विरोध हो रहा है। छात्रों ने इस एग्जाम में अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। वे इस एग्जाम को रद्द करके फिर से एग्जाम कराने की मांग कर रहे हैं। एनटीए की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान उठ रहे हैं। कुल मिलाकर इस मुद्दे पर अब उचित विश्लेषण की जरूरत है। –**सोमनाथ, चुराह**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# हल्के में न लें, अहम मंत्रालय है पंचायती राज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में शामिल सभी मंत्रियों के बीच मंत्रालयों का बंटवारा कर दिया गया है। विपक्षी दल यह कह रहे हैं कि बीजेपी ने अपने सहयोगी दलों को बेकार मंत्रालय दे दिया है। मोदी कैबिनेट में शामिल बिहार के 8 मंत्रियों के बीच भी मंत्रालय का बंटवारा किया गया है। बिहार से 4 केंद्रीय मंत्री और 4 केंद्रीय राज्य मंत्री बनाए हैं। इस पर तेजस्वी यादव तंज कसते हुए कहते हैं कि इन सभी को झुनझुना थमा दिया गया है, लेकिन असल में एक अहम पंचायती राज मंत्रालय एनडीए में जद-यू के सांसद ललन सिंह को दिया है। महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। उनका मानना था कि जब पंचायती राज पूरी तरह स्थापित हो जाएगा तो जनमत के जरिए वह सब कुछ किया जा सकेगा जो हिंसा से कभी संभव नहीं है। वह निश्चित रूप से स्वराज की ओर इशारा कर रहे थे।

भारत में पंचायती राज व्यवस्था प्राचीन काल से चली आ रही है जिसका स्वरूप और नाम पहले कुछ और रहा होगा जो समय के साथ नए रूप और नाम से जाना जाने लगा। ब्रिटिश शासनकाल में लॉर्ड रिपन को भारत में स्थानीय स्वशासन का जनक माना जाता है। वर्ष 1882 में उन्होंने स्थानीय स्वशासन के संबंध में एक प्रस्ताव दिया था। 1919 के भारत शासन अधिनियम के अंतर्गत प्रांतों में दोहरे शासन की व्यवस्था की गई तथा स्थानीय स्वशासन को हस्तांतरित की सूची में रखा गया। भारत जैसे विशाल देश में सार्वजनिक व्यवस्था की ग्रामीण स्तर की समस्याओं को शिखर पर लाने के लिए स्वतंत्रता के पश्चात वर्ष 1957 में सामुदायिक विकास कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय विस्तार सेवा कार्यक्रम का अध्ययन करने के लिए वर्तमान नीति आयोग ने बलवंत राय मेहता समिति का गठन किया और नवंबर 1957 में समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की सिफारिश की गई जिसे पंचायती राज कहा गया। इसके लिए समिति ने ग्राम स्तर, मध्यवर्ती स्तर और जिला स्तर पर त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया। बताया जाता है कि पूर्व सांसद जवाहरलाल नेहरू पंचायती राज के संस्थापक थे। इस योजना की शुरुआत तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 2 अक्तूबर 1959 को राजस्थान के नागौर जिले के बागधारी गांव में की थी गांधी जी पंचायती राज के माध्यम से ग्राम स्वराज चाहते थे, इस व्यवस्था में 1992 में 73वें संविधान संशोधन के साथ संशोधन किया गया। इसके बाद अन्य राज्यों में भी यह पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई। 24 अप्रैल को लागू हुए 73वें संशोधन अधिनियम को वर्ष 2010 से राष्ट्रीय पंचायत दिवस के रूप में मनाया गया, जिसे पहली बार वर्ष 2010 में मनाया गया था। राष्ट्रीय पंचायत दिवस जिसे पंचायती राज दिवस के रूप में भी जाना जाता है, वर्ष 2010 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा घोषित किया गया था। तब से, भारत में हर साल 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है और यह दिन वर्ष 1992 में संविधान के लागू होने का प्रतीक है। भारत में 255780 ग्राम पंचायतें, 6834 ब्लॉक पंचायतें और 660 जिला पंचायतें, कुल 263274 पंचायतें हैं इस दिन पंचायती राज मंत्रालय देशभर में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली पंचायतों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनके अच्छे और उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत करता है। पंचायत राज व्यवस्था में सफलता हासिल करने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इस व्यवस्था को मजबूत बनाने के उपाय किए जाने चाहिए। हालांकि, 1993 में भारतीय संविधान के 73वें और 74वें संशोधन अधिनियम के पारित होने के साथ ही शक्तियों और कार्यों का विभाजन स्थानीय स्वशासन (गाँव स्तर पर पंचायत और कस्बों और बड़े शहरों में नगर पालिकाएं और नगर निगम) तक पहुंच गया है। इस प्रकार भारत में अब संघीय व्यवस्था में दो नहीं बल्कि तीन स्तरीय सरकारें हैं।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पंचायती राज मंत्रालय पंचायती राज और इसकी संस्थाओं से संबंधित सभी मामलों की देखरेख करता है, जिसकी स्थापना मई 2004 में हुई थी और वर्तमान में मंत्री ललन सिंह इसके अध्यक्ष हैं। यह जीपीडीपी तैयारी, जीवंत ग्राम सभा, ई-ग्राम स्वराज जैसी विभिन्न पहलों के लिए जिम्मेदार है, जिसका उद्देश्य विकेंद्रीकृत नियोजन में पारदर्शिता को बढ़ावा देना और स्थानीय सरकारों के प्रदर्शन में सुधार करना है। ई-ग्राम स्वराज एप्लिकेशन जमीनी स्तर पर सूचना, नियोजन और लेखांकन को एकीकृत करने में सहायक रहा है, जिससे 28 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में 2.7 लाख से अधिक पीएलआई कार्ड धारक लाभान्वित हुए हैं।

राज्य प्राधिकरणों, ग्राम पंचायत स्तर पर अंतिम उपयोगकर्ताओं, पंचायती राज मंत्रालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र जैसे प्रमुख हितधारकों से फीडबैक के साथ एप्लिकेशन लगातार विकसित हो रहा है। उपयोगकर्ता प्रबंधन मॉड्यूल विभिन्न स्तरों पर सिस्टम प्रशासकों को उपयोगकर्ता खातों को प्रबंधित करने के लिए उपयोगकर्ता क्रेडेंशियल्स को प्रबंधित करने में सक्षम बनाता है। इन मॉड्यूल और उनकी संबंधित कार्यक्षमताओं के आधार पर, ई-ग्राम स्वराज ग्राम पंचायतों के लिए कार्य योजना और निगरानी जीवनचक्र के निर्बाध, अंत-से-अंत डिजिटलीकरण को सक्षम बनाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# प्यासी धरती करे पुकार : आओ सहेजें वर्षा जल इस बार

रिकॉर्डतोड़ भीषण गर्मी विदा हो रही है। इस साल तपती धरती ने हमें आने वाले कल की झलक दिखला दी है। सभी पैरामीटर्स ध्वस्त से हो गए थे। हम फिर भी नहीं चेते तो त्रासदी का अंदाजा लगाना कठिन नहीं है।

गर्मी के साथ तीन-चौथाई हिस्से में पानी का संकट खड़ा हुआ है। जितना पानी उपयोग के लिए चाहिए उससे दस गुना हम बर्बाद कर रहे हैं। प्रकृति ने पानी की प्रचुर उपलब्धता सुनिश्चित की है, वर्षा और भूजल के माध्यम से। मानसून तटों से लेकर शहरों तक दस्तक दे चुका है, लेकिन क्या हम इस वर्षा जल को सहेजने के लिए तैयार हैं? सरकारें हर साल अभियान चलाकर जल संग्रहण के प्रयास करती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'कैच द रेन' जैसे अभियान शुरू कर वर्षा जल को सहेजने का आह्वान किया। इसके बावजूद भारत में वर्षा जल संग्रहित नहीं हो रहा है।



डॉ. अजय खेमरिया
लेखक : स्वतंत्र टिप्पणीकार

सब कुछ सरकार पर छोड़ने की दुर्भाग्यजनक मानसिकता ने भारत के परंपरागत लोकजीवन को पूरी तरह विस्थापित कर दिया है। न केवल जल संचय बल्कि इसकी बर्बादी के भी सभी रिकॉर्ड हम भारतीय तोड़ने में अग्रणी हैं। सवाल यह कि जब हम वर्षा जल संग्रहण में सदियों से पारंगत रहे हैं तब हमें सरकारी तंत्र की आवश्यकता क्यों पड़ने लगी है? असल में उपभोक्तावाद और प्रकृति के साथ अलगाव की जीवनशैली ने हमारा तानाबाना ही बिगाड़ कर रख दिया है। यही कारण है कि प्रकृति के साथ जिस समाज का रिश्ता पिता-पुत्र सा था, आज वही समाज प्रकृति के रौद्र रूप को झेल रहा है। आज आवश्यकता है जल, जमीन और जंगल के साथ हमारे सनातन प्रावधित रिश्तों को जीवित करने की। इस वर्षा ऋतुके साथ ही हम इसकी शुरुआत कर सकते हैं।

आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत के शहरी क्षेत्रों में 970 लाख लोगों को पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेयजल की हालत अधिक अच्छी नहीं है। वहां भी लगभग 70 फीसद लोग प्रदूषित पानी पीने और 33 करोड़ लोग सूखे वाली जगहों में रहने को मजबूर हैं। भारत में कुल मिलाकर लगभग 70 फीसदी जल प्रदूषित है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



**तूफान**
राजेंद्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्यकार

*आज फिर तूफान का इमकान है ।*
*देखिये वोह आ रहा इंसान है।।*
*बंद कर लो द्वार और ये खिड़कियां।*
*लो संभाल अब अपना जो सामान है।।*
*हर तरफ हैं साजिशों पे साजिशें।*
*क्या खबर क्या किसका अब अरमान है।।*
*चल रहे हैं हमसफर बन कर सभी।*
*कातिल-ओ-मुंसिफ की क्या पहचान है।।*
*दिल समंदर है किसी का लहर है।*
*और कोई बस खुला मैदान है ।।*
*अब गले लगकर किसी के क्या करें ।*
*आदमी से आदमी परेशान है।।*

# परदेसियों का दर्द आखिर कौन समझता है ?

परदेस एक ऐसी जेल समान है जहां इंसान तमाम असुविधाओं चलते भी जिंदगी जीने को मजबूर रहता है। जिंदगी में कुछ बनने की चाहत रखने वालों के लिए परदेस से बड़ा दूसरा कोई प्लेटफार्म भी नहीं हो सकता है।

परिवारजनों से दूर रहकर परदेस एक इंसान को अपनी काबिलियत, फैशन और सही जिंदगी जीने का मार्ग प्रशस्त करता है। रोजी रोटी के संघर्ष के लिए खाड़ी देश कुवैत गए भारतीयों का बिल्डिंग में लगी आग से मरनर बेहद दुखद है। इस आगजनी में 49 लोग बेमौत मारेगए, जिनमें 45 भारतीय थे। मजदूरों की काले धुएं से दम घुटने के कारण मौत हो गई। कमरों में अत्यधिक भीड़ होने कारण उन्हें बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला।

कुछेक खाड़ी देशों में अक्सर आगजनी की ऐसी घटनाएं दिल को दहला देने वाली देखने को मिलती हैं। प्रचंड गर्मी के चलते कब सड़कों पर दौड़ती गाड़ियों में आग लग जाए कोई भरोसा नहीं। कमरों में लगे एयर कंडीशनर प्लांट भी हांफ जाते हैं। मौसम की गर्मी से आम जनमानस का जीवन इतना बेहाल नहीं होता, जितनी तपिश एयर कंडीशनर प्लांट बढ़ाने का काम करती है। ठीक ऐसे हालात में सभी को सुरक्षा नियम अपनाने बहुत जरूरी हो जाते हैं। विश्व स्तर पर बेरोजगारी इस कदर भयावह हो गई है कि लोग लाखों खर्च करके भी विदेशों की तरफ रुख करते जा रहे हैं। विदेशों में पैसा कमाने की चाहत के चलते बेरोजगार अपनी जमीनें तक बेच देते हैं। नियमों को ताक पर रखकर अवैध तरीके से यूरोपीय देशों में जाने वालों में भारतीय बहुत आगे हैं। स्टडी वीजा के नाम पर भी बेरोजगार भारी मात्रा में विदेशों में हैं। कांट्रेक्ट मैरिज के जरिए भी लोग रोजगार की तलाश में रहते हैं। सच यह है कि अब यूरोपीय देशों में रोजगार से जुड़ना इतना आसान नहीं रहा। अप्रवासी भारतीय वापस घर लौट रहे हैं। फर्जी एजेंट बेरोजगारों को गुमराह करके उन्हें विदेशों में भेजकर अपनी जेबें भर रहे हैं। कोरोना काल के उपरांत खाड़ी देशों में काम पूर्व की भांति नहीं रहा है। अधिकतर कंपनियों ने अपने कर्मचारी वापस घर भेजकर सप्लाई की लेबर से काम चलाया हुआ है। जिस काम को तीन कर्मचारी मिलकर करते रहे उसे कंपनी प्रबंधक आज एक व्यक्ति से कम पैसों में करवाने की फिराक में दिन-रात उनका जमकर शोषण कर कर रहे हैं। बढ़ती प्रतिस्पर्धा के दौर में आज एक मजदूर की एहमियत पूर्व की भांति नहीं रही है। कहने को मजदूर दिवस प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है, मगर वावजूद इसके उनके दर्द से सरकारें भी अनजान हैं। दक्षिण एशिया देशों के एजेंट कंपनी प्रबंधकों से मिलकर मजदूरों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह सही नहीं निभा रहे हैं। लालची अधिकारी मजदूरों के तमाम अधिकारों पर कैंची मारकर अपनी नौकरी नियमित करते हैं। कंपनी प्रबंधकों की ज्यादतियों का शिकार अप्रवासी मजदूर नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

मजदूरों को न्याय की गुहार लगाने पर सिवाए प्रताड़ना,जुर्माने के सिवा कुछ नहीं मिलता है। वेतनमान के नाम पर उनके नसीब में चंद सिक्के आते हैं। नतीजन ऐसे लोग अवैध कामों में संलिप्त होकर जेलों में भेज दिए जाते हैं। खाड़ी देशों में दक्षिण एशिया देशों के मजदूरों का जितना शोषण किया जाता है उतना कहीं नहीं है। मजदूरों को उनकी मेहनत का पैसा सही समय पर नहीं मिलता। कंपनी प्रबंधक मजदूरों से बारह घंटे काम लेकर अपने बैंक खाते भरने में लगे हैं। खाड़ी देशों में मजदूरों को उचित न्याय नहीं मिलता। मजदूरों को बिना एयर कंडीशनर बसों में कार्य स्थल पर ले जाकर पूरा दिन कड़कती धूप में काम करने के लिए छोड़ा जाता है। हाथों में भोजन का प्लास्टिक का लिफाफा लेकर वह पूरा दिन खून-पसीना बहाते हैं। कभी कभार ऐसे मजदूरों का भोजन अत्यधिक गर्मी में बदबू मारना शुरू कर देता है इसके वावजूद उन्हें मजबूरन उससे पेट की भूख मिटानी पड़ती है। मिट्टी युक्त पानी 24 घंटे पीना मानो उनकी तकदीर है।

कुवैत में एक लेबर कैंप में लगी आग भी उसका बहुत बड़ा उदाहरण है। नियमों को ताक पर रखकर बनाए गए कैंप में करीब 195 मजदूरों को भेड़-बकरियों की तरह रखा गया था। सोशल मीडिया में वायरल आगजनी की फोटो देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि सुरक्षा प्रबंध न के बराबर थे। लेबर कैंपों में किचन सबसे नीचे वाले फ्लोर पर रहता है। कुल मिलाकर कुवैत में लेबर कैंपमें लगी आग जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी को सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जंगली खाद्य पौधे : सशक्त और टिकाऊ खाद्य प्रणाली की गारंटी

अमेरिकन एकेडमी ऑफ साइंस के अनुसार, दुनिया में लगभग 2,60,000 फूलों वाले पौधे हैं। इनमें से 20,000 पौधे ऐसे हैं जिनका कोई न कोई हिस्सा, जैसे कि जड़, तना, पत्ते, फूल, फल या बीज, को खाने में उपयोग किया जा सकता है। यहां तक कि ये पौधे मानव भोजन और पोषण सुरक्षा में भी अहम योगदान दे सकते हैं लेकिन इसमें से केवल 3000 पौधों को ही अब तक मनुष्य द्वारा भोजन के लिए उपयोग किया जा रहा है और केवल 150 पौधों की ही वाणिज्यिक खेती की जा रही है।

सबसे हैरान करने वाला तथ्य तो यह है कि हमारी 50 से 70 प्रतिशत खाद्य आवश्यकताएं मात्र 20 प्रमुख खाद्य पौधों से पूरी होती हैं। इसका अर्थ हुआ कि हम प्राकृतिक खाद्य संसाधनों को बहुत ही कम रूप में उपयोग कर रहे हैं। नतीजतन दुनिया के कई देश भोजन की कमी, उच्च लागत, और पोषक तत्वों की अविश्वसनीय आपूर्ति का सामना कर रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश अन्य उत्तर पश्चिमी राज्यों जैसे कि जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड की तरह प्रतिरक्षा बढ़ाने वाली कई जंगली खाद्य पौधों एवं जड़ी बूटियों का एक उत्तम स्रोत है, जिसका उपयोग वाणिज्यिक उपज , पारंपरिक एवं लोकप्रिय खाद्य पदार्थों जैसे कि भल्ले, कचौरी, पास्ता, बड़ियां, नूडल्स आदि के मूल्यवर्धन के लिए किया जा सकता है, लेकिन दुनियाभर में उनके उच्च बाजार मूल्य और उच्च मांग के बावजूद, यहां उगने वाले अधिकतम जंगली जड़ी बूटियों और खाद्य पौधों का अधिक उपयोग नहीं किया जाता है और वे संसाधन स्तर पर ही नष्ट हो जाते हैं । नतीजतन आज बहुत से लोग रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों से युक्त खाना खाने को विवश हैं। डब्ल्यूएचओ (2020) के अनुसार, आने वाले समय में लगभग दो बिलियन लोगों को गुणवत्ता वाले भोजन और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोगों से पीड़ित होने का अनुमान है। यह रोग उन्हें बीमारियों के प्रति अतिसंवेदनशील बना सकते हैं। इस समस्या से बचने के लिए हमें खाने की थाली में शुद्ध और पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक उपयोग करने की आवश्यकता है। खाद्य संसाधनों की महत्वपूर्णता को दृष्टिगत रखते हुए विश्वभर के लोग अब वैश्विक खाद्य प्रणाली का समर्थन करने और प्रमुख खाद्य पौधों के सेवन में बदलाव करने की कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इसलिए, जंगली खाद्य पौधों को एक संसाधन के रूप में देखना और बढ़ावा देना अत्यंत महत्वपूर्ण है।



डॉ. तारा सेन
वल्लभ कॉलेज, मंडी

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के अनुसार, भारत चीन के बाद फलों और सब्जियों का उत्पादन करने वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है, लेकिन यहां उत्पादन का मात्र 2 प्रतिशत ही संसाधित होता है। फल और सब्जियां, जिन्हें हम प्राकृतिक आवासों से एकत्र करते हैं उनकी मांग अधिक है । उनकी उच्च मूल्य-वृद्धि जो कि उत्पाद की शेल्फ-लाइफ को बढ़ाता है और वर्ष भर इनकी उपलब्धता सुनिश्चित कर सकता है। यह राष्ट्रीय खाद्य प्रसंस्करण नीति 2017 के उद्देश्यों जैसे कि संसाधन स्तर पर बर्बादी को कम करना, स्थानीय समुदाय के लिए बेहतर मूल्य सुनिश्चित करना, उपभोक्ताओं को सस्ती और गुणवत्ता वाली उपज की उपलब्धता कराना, कुपोषण और कुपोषण की चुनौतियों का समाधान, खाद्य प्रसंस्करण को अधिक प्रतिस्पर्धी और भविष्य के लिए तैयार करना: आपूर्ति श्रृंखला के साथ पर्याप्त बुनियादी ढांचा सुविधाएं बनाना, आधुनिक प्रौद्योगिकी और नवाचार का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करना आदि उद्देश्यों को भी को भी पूरा करेगा।

जंगली खाद्य पौधे ऑर्गेनिक, औषधीय एवं खाद्य मूल्यों से परीपूर्ण होने के कारण नियमित भोजन में उपयोग के लिए एक बेहतर विकल्प है। वे हमारी थाली को अधिक पौष्टिक और स्वस्थ बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं,लेकिन जरूरत है ठोस रोडमैप तैयार करने की। इसके अलावा विपणन के अवसर प्रदान करके, स्थायी कटाई के लिए जागरूकता और दुर्लभ प्रजातियों को खेती के अंतर्गत लाके बेहतर तरीके से किया जा सकता है।

ये कदम भूख, कुपोषण और पोषण असुरक्षा पर काबू पाकर स्थायी वैश्विक खाद्य प्रणाली की गारंटी दे सकते हैं। इस प्रकार सही तरीके से प्रबंधित जंगली खाद्य स्रोतों से हम न केवल विभिन्न पोषक तत्वों को प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि इससे जंगलों की स्थिति को भी सुधारा जा सकता है।

विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, दुनिया भर में लाखों लोग जंगली खाद्य पदार्थों का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन अधिकांश जंगली खाद्य पौधों को उनके उगने के क्षेत्र से बाहर की दुनिया में नहीं जाना जाता नतीजतन उनका उपयोग एक क्षेत्र विशेष तक सिमित रह जाता है। अत: इन खाद्य पौधों को लोकप्रिय बनाने की दिशा मैं प्रयास करने तथा उन्हें सुरक्षित रखने की बेहद जरूरत है। **( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# कमरूनाग के दर लगा भक्तों का हुजूम, कई किलोमीटर लगा वाहनों का जाम

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

प्रदेश सहित जिला मंडी में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण लोगों द्वारा ऊंचाई वाले क्षेत्रों का रूख किया जा रहा है। इस कारण इन क्षेत्रों में लगने वाले वाहनों के जाम से लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है। ताजा घटनाक्रम में मंडी जनपद के अराध्य बड़ा देव कमरूनाग मंदिर में आयोजित सरानाहुली मेले से वापसी के दौरान और रविवार की छुट्टी होने के कारण रोहांडा में सड़क के दोनों ओर कई किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा।

इस कारण मंडी-करसोग एमडीआर सड़क मार्ग पर करसोग, रामपुर, निहरी और किन्नौर आदि जाने वाले लोगों को भारी असुविधा उठानी पड़ी है। मौके पर आलम यह रहा कि भीषण गर्मी के बावजूद लोगों को कई घंटों तक बसों और कारों में बैठना पड़ा। जाम लगने का एक बड़ा कारण श्रद्धालुओं द्वारा सड़क के दोनों ओर बेतरतीब ढंग से वाहनों को पार्क करना भी रहा। स्थानीय लोगों दुनी चंद, नीरज ठाकुर, पवन ठाकुर, देवेंद्र चौहान, नीटू, सुनीता आदि का कहना है कि प्रशासन और पुलिस को क्षेत्र में सरानाहुली मेले के बाद रोहांडा क्षेत्र में ट्रैफिक को सुचारु रूप से चलाने के लिए कदम उठाने चाहिए। उन्होंने बताया कि इस बार देव कमरूनाग के प्रति आस्था और प्रदेश में कहर बरपाती गर्मी के कारण काफी लोगों ने कमरूनाग घाटी का रुख किया है। (अनंत ज्ञान)


कमरूनाग मंदिर में लगी भक्तों की भीड़।

### ट्रैफिक को सुचारु करने के आदेश जारी

**वहीं** मामले पर डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि देव कमरूनाग मंदिर में आयोजित मेले के बाद श्रद्धालु वापस लौट रहे हैं। इस कारण सड़क मार्ग पर जाम लग रहा है। उन्होंने बताया कि संबंधित पुलिस को क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने के आदेश दिए गए हैं।


देव कमरूनाग के मंदिर में लगे सरानाहुली मेले के लिए जाते वाहन, लगी लंबी कतारें।

## न्यूज ब्रीफ

### फाइनेंशियल एडवाइजर सेल्स के भरे जाएंगे 20 पद

**बालीचौकी ।** रोजगार अधिकारी, उपरोजगार कार्यालय थूनाग ने बताया कि एसबीआई लाइफ इन्स्योरेन्स कंपनी लिमिटेड करसोग जिला मंडी द्वारा फाइनेंशियल एडवाइजर सेल्स और मार्केटिंग के 20 पदों को भरने हेतु 21 जून को प्रातः 10:30 बजे से 2:00 बजे तक उप रोजगार कार्यालय थुनाग में साक्षात्कार लिये जाएंगे। जिसमें सामान्य आवेदकों के साथ-साथ भूतपूर्व सैनिक भी पात्र है। साक्षात्कार में भूतपूर्व सैनिकों को अधिक प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिये निर्धारित योग्यता दसवीं पास व इससे अधिक है। आयु 25 से लेकर 45 वर्ष तक होनी चाहिए। भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु सीमा में छूट रहेगी। आवेदक का नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में दर्ज होना चाहिए। इच्छुक आवेदक 21 जून को सुबह 10:30 बजे अपने सभी मूल शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों सहित उप-रोजगार कार्यालय थुनाग में साक्षात्कार के लिए नियोक्ता के समक्ष उपस्थित हो सकतें है।(अनंत ज्ञान)

### गुरुकुल स्कूल में धूमधाम से मनाया फादर्स-डे



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर ।** गुरुकुल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र व छात्राओं ने फादर्स-डे मनाया। स्कूल के बच्चों ने ड्राइंग प्रतियोगिता में भी भाग लिया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम सभी को फादर्स-डे की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि माता-पिता दोनों का ही हमारे जीवन में विशेष स्थान है। (अनंत ज्ञान)

### राकेश को सौंपी स्कूल प्रबंधन समिति की कमान



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सैंथल में प्रधानाचार्य मुक्ता टंडन की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया गया तथा आगामी वर्ष के लिए नई स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया। राकेश कुमार को सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया जबकि सोढा सिंह को मुख्य सलाहकार चुना गया। वार्ड सदस्य सुनीता देवी को पदेन सदस्य चुना गया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहा। (अनंत ज्ञान)

### विनोद कुमार को सर्वसम्मति से चुना अध्यक्ष

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर ।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा में शनिवार को पाठशाला प्रबंधन समिति की आम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 175 अभिभावक और अध्यापकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बता दें कि सभा में आगामी तीन सत्र के लिए नई कार्यकारिणी का गठन स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य युधिष्ठिर राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान सर्वसम्मति से विनोद कुमार विष्ट को कार्यकारणी का अध्यक्ष चुना गया तथा संदीप कुमार, प्यार चंद, देशराज, शुभकरण, संतोष कुमार, युधिष्ठिर राणा, नरेश कुमार, सुनील कुमार, रविंद्र कुमार, सविता देवी, तमन्ना, रितु देवी, सोनी देवी. बिमला देवी व अनिता को कार्यकारिणी समिति का सदस्य चुना गया। इस दौरान समिति में सेवानिवृत्त कल्याण सिंह व केहर सिंह को सलाहकार चुना गया।(अनंत ज्ञान)

### शिक्षक संघ गोपालपुर-2 के पदाधिकारियों ने की बैठक

**अनिल, मंडी ।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ गोपालपुर द्वितीय के प्रधान विनोद कौंडल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजन किया गया, जिसमें ग्रीष्मकालीन अवकाश को यथावत रखने की मांग का समस्त अध्यापकों द्वारा पुरजोर समर्थन किया गया। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ गोपालपुर द्वितीय के सचिव उत्तम चंद ने बताया कि आजकल गर्मी प्रतिदिन रूद्र रूप धारण कर रही है और हिमाचल के अधिकांश जंगल आग की चपेट में हैं ऐसे में बच्चों को इस गर्मी और आग से भरे जंगली रास्तों से पाठशाला पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ गोपालपुर द्वितीय सरकार से मांग करता है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में बदलाव न कर इसे यथावत 22 जून से ही किया जाना चाहिए ताकि बच्चों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### सुलपुर बही स्कूल की रिनू वाला बनी अध्यक्ष



**अनिल, मंडी ।** राजकीय उच्च पाठशाला सुलपुर बही स्कूल प्रबंधन समिति का चुनाव मुख्याध्यापक बिहारी लाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें सभी अभिभावकों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद का चुनाव किया गया। जिसमें रिनू वाला को 2024 से 27 तक तीन साल के लिए अध्यक्ष चुना गया व सदस्यों जिनमें मति आरती कुमारी, श्री बेली राम, पूनम कुमारी, पुष्पा देवी, जगदीश चन्द, ललिता देवी, पूजा कुमारी को चुना गया। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश में गर्मी के कहर में मंडी के दुर्गम क्षेत्र निहरी में भीषण अग्निकांड

# जरल गांव के दो मकान अग्निकांड में खाक

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश में गर्मी के कहर के बीच रविवार को मंडी जिला के उपमंडल सुंदरनगर में एक भीषण अग्निकांड सामने आया है। मामला जिला के दुर्गम क्षेत्र निहरी के जरल में घटित हुआ है। इसमें गांव के दो स्लेटनुमा दो मंजिला मकान जलकर राख हो गए हैं। इस कारण तीसरे मकान को भी नुकसान पहुंचा है।

हादसे में एक मकान के निचली मंजिल में बंधी 11 भेड़-बकरियां जिंदा जल गई हैं। गनीमत यह रही कि अग्निकांड में समय रहते घर के अंदर मौजूद दो बच्चों व एक बुजुर्ग महिला को बाहर निकाल दिया गया नहीं तो एक बड़ा हादसा पेश आ सकता था। इस आगजनी की घटना में पीड़ित परिवार का करीब 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार उपमंडल सुंदरनगर की दुर्गम तहसील निहरी के जरल गांव में रविवार सुबह जब डाबर राम पुत्र आदम राम के पारिवारिक सदस्य खेतों में काम पर गए थे तो घर में अचानक में आग लग गई। आगजनी की घटना के बारे में जब स्थानीय ग्रामीणों को पता लगा तो उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर घर के अंदर मौजूद दो बच्चों व एक बुजुर्ग महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। लेकिन निचली मंजिल में बंधी 11 भेड़ बकरियों जिंदा जल गई।

**हादसे में बाल-बाल बचे 2 बच्चे व बुजुर्ग महिला**

ग्रामीणों व दमकल विभाग की टीम ने आग काबू पाने का प्रयास किया लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता उस समय तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। आगजनी की घटना में पीड़ित परिवार को करीब 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है और घर के अंदर रखा सारा सामान भी जल गया है। (अनंत ज्ञान)


जरल गांव के दो मकान जलते हुए।



- अग्निकांड की चपेट में आने से 11 भेड़-बकरियों की मौत
- प्रशासन और पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच की शुरू

### प्रशासन की टीम नुकसान का लगा रही आकलन : एसडीएम

**मामले** की पुष्टि करते हुए उपमंडल अधिकारी सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि आगजनी की घटना में पीड़ित परिवार को काफी नुकसान हुआ है। प्रशासन की टीम मौके पर आगजनी से हुए नुकसान का आंकलन लग रही है। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी।

### पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद की जाए : गोपाल

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जरल के एसएमसी प्रधान गोपाल शर्मा ने बताया कि इस आगजनी की घटना में पीड़ित परिवार को करीब 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

इस मौके पर प्रशासन व पुलिस की टीम भी आग लगने के कारण का पता लगा रही है। दो मकानों में परिवार के करीब 10 सदस्य रहते थे। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद की जाए।

## लडभड़ोल में दो मंजिला गोशाला आग की भेंट चढ़ी

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

लडभड़ोल तहसील क्षेत्र के गांव बल्हडा में स्लेटपोश दो मंजिला गौशाला में अचानक आग लगने का मामला सामने आया हैं। जानकारी के अनुसार रविवार को बल्हड़ा में दोपहर बाद सरवन कुमार की दो मंजिला गोशाला में अचानक आग लगी और गोशाला में रखा घास सहित लकड़ी भी इस आग की भेंट चढ़ गई हैं।

परिवारजनों ने बताया कि जब दोपहर के समय देखा की घर के साथ लगती गोशाला में आग की लपटें उठने लगी। स्थानीय ग्राम वासियों ने दमकल विभाग जोगिंद्रनगर की टीम को कॉल कर इसकी सूचना दी और मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने इस गोशाला में कड़ी मशक्कत काबू पाया गया। इस आगजनी की घटना में पीड़ित को हजारों का नुकसान हुआ हैं।

लडभड़ोल तहसीलदार उर्मिला सुमन ने बताया कि हलका पटवारी ने मौके पर जायजा लिया और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई हैं। (अनंत ज्ञान)


आग की भेंट चढ़ी गौशाला।

## जोगिंद्रनगर की खड्ड में मिला व्यक्ति का शव

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल में बीते चार दिन पहले लापता हुए 55 साल के व्यक्ति का खड्ड में पत्थरों के नीचे दबा शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। हत्या व आत्महत्या की आशंका पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान मोहन सिंह, निवासी मतकेहड़ द्राहल जोगिंद्रनगर के रूप में हुई है, जो 12 जून से अचानक घर से लापता हो गया था। उसकी तलाश को लेकर परिजन दर-दर भटक रहे थे। परिजनों ने व्यक्ति के लापता होने की स्थानीय पुलिस में शिकायत दी थी। शनिवार देर रात द्राहल पंचायत के रोपी गांव के साथ लगती रणा खड्ड में शव बरामद हुआ है। बस्सी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

## सावन बरवाल ब्रिक्स 2024 खेलों में लेंगे भाग

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल से संबंध रखने वाले सावन बरवाल जो इंग्लैंड में अभ्यास कर रहा था अब ब्रिक्स 2024 खेल जो रूस के कजान शहर में आयोजित हो रही है, के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना हो चुका है।

प्रशिक्षक गोपाल ठाकुर ने बताया कि सावन बरवाल 5000 मीटर में भाग लेगा, यह ब्रिक्स खेले 12 से 24 जून तक आयोजित हो रही है। इन खेलों में 90 देशों के 5000 एथलीट भाग ले रहे है। इन खेलो का उद्घाटन रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने किया। सावन बरवाल को इथोपिया, जापान, चाइना के धावकों से भिड़ना पड़ेगा। प्रशिक्षक गोपाल ठाकुर ने बताया कि सावन बरवाल के, गांव रड़ा-भखेड़ में खुशी की लहर है व पूरा गांव सावन की दौड़ को टीवी स्क्रीन पर देखने का इंतजार कर रहा।

माता सुभद्रा देवी अपने लाडले की जीत की प्रार्थना कर रही है। सावन बरवाल के पिता कुलदीप बरवाल को अपने लाडले पर पूरा भरोसा है कि वह भारत के लिए ब्रिक्स खेलों से तगमा जीत कर लाएगा। प्रशिक्षक गोपाल ठाकुर ने बताया कि एथलेटिक्स केन्द्र जोगिंद्रनगर के धावकों की नर्सरी सावन की प्रतियोगिता का इंतजार कर रहे है, क्योंकि सावन इन धावकों का रोल मॉडल है तथा जोगिंद्रनगर आने पर सावन बरवाल का भव्य स्वागत किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)


जोगिंद्रनगर के सावन बरवाल।

## युवा शक्ति संघ जाहू ने कमरूनाग मंदिर में की लंगर की सेवा


युवा शक्ति संघ जाहू के सभी सेवादार सामूहिक चित्र में ।

**पुष्पराज, मंडी**

बड़ा देव कमरूनाग मंदिर में युवा शक्ति संघ जाहू द्वारा आठ दिन तक विशाल वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। युवा शक्ति संघ जाहू द्वारा विशाल भंडारे का श्रद्धालुओं के लिए देसी घी से लंगर देसी घी तैयार किया। इसके अलावा भंडारे में ब्रेकफास्ट, दोपहर व शाम का भोजन, सभी प्रकार की देसी से मिठाइयों के स्टॉल लगाए गए थे। धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में करीब 400 लोगों से अधिक लोग पूर्ण सहयोग रहता है। जो हिमाचल प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में अटूट लंगर का आयोजन करते हैं। (अनंत ज्ञान)

## गोपालपुर में 19 को बिजली बंद

**रितेश, सरकाघाट ।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सरकाघाट राज सिंह पराशर ने बताया कि 19 जून को 11 केवी फीडर गोपालपुर में पेड़ों की कटाई छंटाई तथा आवश्यक मुरम्मत हेतु अधीन पड़ने वाले सभी क्षेत्रों टांगरी, राध्वान, मोड घुलाणु, मौंही, गोपालपुर, थाना, रेरू, नैन, नालता, कोल्ह, चमयानू, ठौर आदि में बिजली की सप्लाई सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग देने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

## पर्यटकों की पहली पसंद बनी बरोट वैली

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर से करीब 39 किलोमीटर दूर बरोट घाटी में पर्यटकों की आमद बढ़ने से कारोबार को फिर से पंख लग गए हैं। उतर भारत में गर्मी बढ़ते ही पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के पर्यटकों की चहलकदमी बढ़ी है, पर जाम के कारण पर्यटकों को जाम का सामना करना पड़ रहा है। इससे यहां के होटल, रेस्तरां और काष्ठ शैली के होम स्टे संचालकों की भी आमदनी में इजाफा हुआ है। रविवार को मंडी-कांगड़ा सीमा से बरोट वैली की ओर करीब दो सौ वाहन पहुंचे। इनमें पंजाब के पर्यटकों की संख्या अधिक थी, लेकिन जून माह के दूसरे सप्ताह में गर्मी बढ़ जाने से मनाली, कुल्लू के बाद मंडी जिला के इस रमणीक पर्यटन स्थल भी पर्यटकों से गुलजार हो गया है।

झंटीगरी से ही जाम लगना शुरू हो गया है जिसके कारण पर्यटकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पर्यटन की दृष्टि से देखा जाए तो सरकार को सोचना चाहिए। इस से पर्यटक स्थल बरोट में लोगों को रोजगार भी मिलेगा। (अनंत ज्ञान)


बरोट में चलने वाली ट्रॉली लाइन।

## चोर मंदिर से मुकुट और आभूषण लेकर फरार

**पुष्पराज, मंडी**

चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि मंडी शहर के पड्डल में स्थित जगन्नाथ मंदिर में चोर रात के 2 बजकर 10 मिनट पर मंदिर से भगवान जगन्नाथ के चांदी का मुकुट और आभूषण चोरी करके फुर्र हो गए। चोरों की सीसीटीवी फुटेज भी काफी वायरल हो रही है। जिसमें 3 चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया। चोरी की प्राथमिकी सदर थाना में दर्ज कर ली गई है एएसपी मंडी सागर चंद्र ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया की शहर की और भी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)


सीसीटीवी फुटेज में दिखते तीन चोर।

## तीन पीपल गांव में हैंडपंप सूखे, लोग पानी को तरसे

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

पंडोह के साथ लगती ग्राम पंचायत स्योग के तीन पीपल गांव के बाशिंदे बीते 20 दिनों से पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं। हैरानी वाली बात तो यह है कि इस गांव के लिए एक नहीं बल्कि तीन-तीन पानी की स्कीमें हैं लेकिन तीनों जबाव दे गई हैं और अब ग्रामीणों को 5 किमी दूर जाकर पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। तीन पीपल गांव में करीब 200 घर हैं और यहां 500 से अधिक की आबादी इन दिनों पानी की समस्या से बेहाल है।

स्थानीय निवासी सुशीला पाठक, रमेश चंद और रीता देवी ने बताया कि बीते 20 दिनों से उन्हें पानी की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है। नलकों से पानी की बूंद तक नहीं टपक रही और पांच किमी दूर से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। इन्होंने विभाग से इस समस्या के समाधान की गुहार लगाई है।

पंचायत समिति सदस्य खेम सिंह ने बताया कि तीन पीपल गांव के लिए पानी की तीन-तीन स्कीमें हैं। वर्ष 1997 में यहां एक हैंडपंप स्थापित किया गया था। मोटर लगाकर इससे पानी निकाला जाता था और आसपास के लोग भी यहां से पानी ले जाते थे लेकिन अब यह सूख गया है। इसके अलावा बीबीएमबी और जल शक्ति विभाग की स्कीमें भी यहां के लिए हैं लेकिन वे भी सूख गए हैं। इन्होंने विभाग से गुहार लगाई है कि जब तक पानी की समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक टैंकरों के माध्यम से पानी की सप्लाई दी जाए। वहीं जब इस बारे में जल शक्ति विभाग के एसडीओ रोहित गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पानी की समस्या का समाधान किया जा रहा है।

**निर्णय** नगर निगम के मुख्य द्वार का कार्य विवादों से गुजरने के बाद अब फिर हुआ शुरू

# लोगों की भीड़ के चलते रविवार को ही करेंगे वेल्डिंग वर्कर काम

**पुष्पराज, मंडी**

नगर निगम मंडी के मुख्य द्वार का कार्य विवादों से गुजरने के बाद और कार्य रुकने के बाद अब फिर शुरू हो गया हैं। रविवार को वेल्डिंग वर्कर्स ने गेट का कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन वर्करों का कहना हैं कि यह कार्य सिर्फ रविवार के दिन ही किया जा सकता है क्योंकि सब्जी विक्रेता और लोगों की भारी भीड़ के चलते यहां कार्य करने में परेशानी होगी। वर्करों का कहना है कि अभी भी गेट को तैयार होने में काफी समय लगेगा।

बता दें कि एसबीआई बैंक की इमारत के साथ इस गेट को बनाया गया है जो लगभग 5 लाख की लागत और साढ़े छह मीटर ऊंचा स्ट्रक्चर बनाकर तैयार कर दिया गया हैं। स्ट्रक्चर तैयार होने के बाद यह कई महीने तक काम रुका रहा और चुनावों के दौरान भी इस पर कोई कार्य नहीं किया गया। इतने समय तक यह गेट सब्जी विक्रेताओं का ठेला बना रहा और अब तो इस गेट में जंग लगना भी शुरू हो चुकी थी। बीच में ठेकेदार की कुछ निजी समस्या के कारण गेट का कार्य फिर कई दिनों तक रुका रहा।

वर्करों ने बताया कि गेट के पीलरों को अच्छे से कवर किया जाएगा और इसमें दो गेट लगेंगे जिसमें एक बड़ा गेट जो की वाहन आदि के लिए रहेगा और दूसरा छोटा गेट जोकि आम लोगों की आवाजाही के लिए रहेगा। (अनंत ज्ञान)


नगर निगम के मुख्य द्वार को अंतिम रूप देने के लिए कार्य करते वर्कर।

### सब्जी विक्रेताओं के लिए होगी व्यवस्था

**नगर** निगम के मुख्य द्वार के समीप सब्जी विक्रेता भी अपना ठेला लगाकर अनाधिकृत रूप से बैठते हैं। गेट का काम पूरा होते ही इन सब्जी विक्रेताओं के लिए भी नगर निगम ने नियमानुसार 4 बाई 6 की फहड़ी का इंतजाम करने की बात कही हैं। सब्जी विक्रेता बेतरतीब तरीके से अपना ठेला लगाते हैं और किसी के बैठने के लिए भी उचित व्यवस्था नहीं हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए सब्जी विक्रेताओं के लिए फहड़ी का इंतजाम किया जा रहा हैं।

साथ ही नगर निगम द्वारा सब्जी विक्रेताओं के प्रधान को भी संबंधित लोगों की लिस्ट बनाने के आदेश भी जारी कर दिए हैं। वहीं नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि गेट को अंतिम रूप देने के बाद फहड़ी बनाने का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा।


गेट को वेल्डिंग करते हुए वेल्डिंग वर्कर।

# मंडी में पारा 40 डिग्री पार

**पुष्पराज, मंडी**

गर्मी का प्रचंड प्रकोप इतना बढ़ गया हैं कि शहर में दोपहर के समय बिल्कुल सन्नाटा नजर आ रहा हैं। शनिवार से ही मंडी शहर में तापमान 40 डिग्री को पार कर गया हैं। शनिवार को तापमान 41 डिग्री तक पहुंच गया था और रविवार को भी तापमान 41 डिग्री पहुंच गया।

मंडी शहर में जहां रविवार को भी लोगों की चेहल पेहल रहती थी वहीं शहर में गिने चुने लोग ही घुमते नजर आए। सुबह और शाम के समय जहां गर्मी से शहर में राहत रहती हैं वहीं दोपहर में हीट वेव शुरू हो जाती हैं और गर्म हवा ही चारों ओर चलती हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडे इलाकों का रुख कर रहे हैं जहां मंडी जिला के पर्यटन स्थल शिकारी देवी, पराशर झील, कमरूनाग झील की ओर भारी मात्रा में जा रहें हैं। शहर में मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार अभी मंगलवार तक तापमान में बढ़ोतरी रहेगी और 24 तारीख से पहले बारिश की कोई भी संभावना नजर नहीं आ रही हैं। हालांकि 3 दिन पहले मंडी में हल्की बारिश हुई हैं लेकिन उससे तापमान में कोई ज्यादा कमीं नहीं देखी गई।

मंडी शहर निवासी अनिल शर्मा जो काफी उम्र के हैं उन्होंने कहा की इस बार मंडी शहर में प्रचंड गर्मी हैं ।(अनंत ज्ञान)


प्रचंड गर्मी के कारण शहर में सन्नाटा।

### लोग गर्मी से राहत के लिए पहुंचे ब्यास तट पर

**कुल्लू**-मनाली जाने वाले पर्यटक अकसर मंडी शहर में घूमने के लिए आ रहे हैं और भारी गर्मी के कारण ब्यास तट ही ओर भी घूमने भी जा रहे हैं। इसके साथ ही रविवार को सुबह ब्यास नदी का जलस्तर भी बढ़ता हुआ नजर आया।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक विवेक को कंचन रानी ने दी बधाई



मुख्यमंत्री सुक्खू और विधायक विवेक शर्मा को सम्मानित करती हुई कुटलैहड़ की महिलाएं।

**राजेश शर्मा, ऊना।** कुटलैहड़ की महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं गांव डंगोली की प्रधान कंचन रानी ने विवेक शर्मा को विधायक पद की शपथ लेने के बाद बधाई दी। उन्होंने विवेक शर्मा को पुष्पगुच्छ देकर जीत की बधाई दी। कंचन ने कहा कि कुटलैहड़ से विवेक शर्मा की जीत सच्चाई की जीत है और यह जनता के विश्वास की जीत हुई है। कंचन रानी ने विधायक से आग्रह किया कि जिस विश्वास से जनता ने उन्हें जीत दिलाई है, जनता के उसी विश्वास को कायम रखते हुए विधानसभा क्षेत्र में जनता के कल्याण और क्षेत्र के विकास के लिए आगे बढ़कर कार्य करें। कंचन ने कहा कि अपनी मेहनत, लगन और जनता के सहयोग से विवेक शर्मा ने विधानसभा उपचुनावों में अपनी जीत का परचम फहराया है। कुटलैहड़ में जीत में मातृशक्ति का अहम योगदान रहा है। कंचन ने कहा कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना का ऊना जिले में 19 जून को विधिवत आगाज होगा। इसके बाद विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों से कुटलैहड़ की मातृशक्ति को भी सरकार की इस योजना का लाभ जल्दी मिलने की उम्मीद है। इस मौके पर रविंद्र कौर, नीलम देवी, शारदा देवी, चरनी देवी, सुख सैनी, कश्मीर सिंह, बलराम, हर्ष और रामपाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

### गगरेट में पुलिस स्टाफ ने लगाया भंडारा



गगरेट पुलिस स्टेशन में लगाए गए भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

**सन्नी पुरी, गगरेट।** पुलिस थाना गगरेट में रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी सन्नी गुलेरिया और समस्त थाना कर्मचारियों के सहयोग से भंडारा लगाया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गगरेट थाना के गौरी शंकर मंदिर में स्थापित महादेव का सर्वप्रथम श्रृंगार के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद हरिकीर्तन और विशाल भंडारे के साथ स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। थाने के प्रांगण में मीठे पानी की छबील भी लगाई गई थी, जिसमें श्रद्धालुओं और राहगीरों को मीठा पानी पिलाया और श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### इंदिरा स्टेडियम में मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के इंदिरा स्टेडियम में 21 जून शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना और जिला आयुष विभाग के सहयोग से इंदिरा स्टेडियम में सुबह 6.30 से 7.30 बजे तक योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने सफल आयोजन को लेकर आयुष और जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ शनिवार को बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला आयुष अधिकारी तथा जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि योग शिविर में विभाग के चिकित्सक एवं योग शिक्षक आसन, ध्यान व योग क्रियाएं करवाएंगे। उन्होंने सभी लोगों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर में भाग लेने का आग्रह किया।

### पिपलू मेले के दौरान सफाई पर रहेगा विशेष ध्यान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** उपमंडल अधिकारी बंगाणा सोनू गोयल ने पिपलू मेले को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। मेले में स्वच्छता की जिम्मेदारी नेहरू युवा केंद्र और राष्ट्रीय सेवा योजना ने ली। इसके बाद उपमंडल अधिकारी ने मेले के लिए चल रही तैयारियों को लेकर विस्तृत जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। उपमंडल अधिकारी ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि मेले में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाया जाए, ट्रैफिक की वजह से किसी भी आम व्यक्ति को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। 17 जून को मुख्यातिथि विवेक शर्मा (विक्कू) विधायक कुटलेहड़, विशिष्ट अतिथि विधायक गगरेट राकेश कालिया, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर उपस्थित होंगे। विशेष प्रस्तुति कलाकार डॉ. गगन सिंह, रोहित बोहरा, कुसुम जस्सी के साथ स्कूली बच्चे और स्थानीय कलाकार भी प्रस्तुति देंगे। 18 जून को मुख्यातिथि सुदर्शन सिंह बबलू विधायक चिंतपूर्णी, विवेक शर्मा (विक्कू), सतपाल रायजादा पूर्व विधायक, वरिंद्र धर्माणी उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी विशेष रूप से उपस्थित होंगे। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुभाष अत्री थाना प्रभारी अनिल कुमार तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार के साथ अन्य विभागों से आए कर्मचारियों व अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### दियोली में युवाओं ने लगाई ठंडे पानी की छबील



छबील के सहयोगी सामूहिक चित्र में।

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा।** दियोली के चड्ढा परिवार के युवाओं ने इस प्रचंड गर्मी से लोगों को राहत दिलाने के लिए मीठे पानी की छबील लगाई। युवाओं के इस कार्य को देखकर सभी गांववासियों ने युवाओं का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर लक्की, रोहित, दानी, गौरव, रोहन प्रिंस मनोज, अनू, रवि, अखिल, सुरज, लाड़ी, अजय, जस्सी आदि ने भी अपना सहयोग दिया। (अनंत ज्ञान)

# पिपलू में किसी भी सूरत में नहीं खुलेगा ठेका

## अगर गलती से भी यहां पर शराब का ठेका खोला तो परिवार सहित करेंगे विरोध-प्रदर्शन

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

पिपलू गांव में शराब के ठेके को लेकर सियासत गर्म हो गई है। गांव में महिलाओं ने रविवार को फिर एकत्रित होकर दो-टूक कहा है कि किसी भी सूरत में यहां ठेका नहीं खोलने दिया जाएगा। जिला ऊना उपमंडल बंगाणा के प्रसिद्ध पिपलू मंदिर के नजदीक शराब के ठेकेदार द्वारा ठेका खोलने के लिए ठेकेदार ने शराब की सप्लाई भी पहुंचा दी थी। लोगों का कहना है कि पिपलू में आस्था का प्रतीक नर्सिंग मंदिर है, साथ में स्कूल है और जहां पर ठेका खुल रहा है वहां पर लोक मित्र केंद्र, पंचायत घर,पोस्ट ऑफिस, पटवार सर्कल के ऑफिस नजदीक हैं।

लोगों का कहना है कि जब धरना-प्रदर्शन हो रहा था तब ठेकेदार के आदमी वहां पर शराब की बोतलें और शराब की पेटियां रख रहे थे। इसे देख लोगों ने उनको ठेका न खोलने की अपील की और वहां पर विरोध-प्रदर्शन करने लग पड़े। कुछ लोग इस प्रदर्शन को सियासत से भी जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि एक गुट ठेके के मामले में बिलकुल चुप्पी साधे बैठे हैं।






पिपलू गांव में शराब के ठेके को खोलने के विरोध में प्रदर्शन करते गांववासी।

प्रदर्शनकारी महिलाओं पर आरोप लग रहे थे कि यह महिलाएं मनरेगा के तहत काम पर लगी हुई थीं, जो कि विरोध-प्रदर्शन में शामिल हो गईं। उन्होंने कहा कि सरकार भी नशे के खिलाफ कई अभियान चलाती है और स्कूलों के बच्चों को भी नशे के खिलाफ जागरूक अभियान प्रदर्शन करवाती है। अगर हमने ठेका खोलने का विरोध किया है तो क्या गलत किया है?

हम अपने बच्चों के भविष्य को लेकर जागरूक हैं और अपने बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए कई बार विरोध-प्रदर्शन करने के लिए भी तैयार हैं और सरकार से हम यही मांग करते हैं कि शराब का ठेका यहां पर बिलकुल नहीं खोलना चाहिए और अगर गलती से भी यहां पर शराब का ठेका खोला गया तो हम परिवार सहित इसका विरोध करेंगे और अगर फिर भी ठेका खोलने का प्रयास किया गया तो ठेके को जला देंगे और तो और तोड़-फोड़ भी कर देंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।

पूर्व प्रधान विपन शर्मा ने बताया कि 2019 और 2020 के बीच भी पिपलू में ठेका खोलने का प्रयास ठेकेदार अथवा प्रशासन द्वारा किया गया था उस समय पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कंवर विधायक व मंत्री थे, परंतु हमने वहां पर ठेका नहीं खोलने दिया था और एक्साइज डिपार्टमेंट, जिलाधीश महोदय से मिलकर ठेका न खोलने का प्रयास किया था जो बिलकुल सफल रहा था। उसके बाद पिछले वर्ष भी पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो के समय में भी पिपलू में शराब का ठेका खोलने का प्रयास ठेकेदार द्वारा किया गया था तब भी हमने और स्थानीय लोगों ने ठेका नहीं खोलने दिया था और अब वर्तमान समय में विधायक विवेक शर्मा के समय में भी ठेका खोलने का प्रयास हुआ जिसका पुरजोर विरोध किया गया और किया जाएगा परंतु कभी भी यहां पर शराब का ठेका नहीं खोलने दिया जाएगा। शराब का ठेका न खुलने के संदर्भ में आज स्थानीय ग्रामीण पंचायत घर पिपलू में प्रधान से मिलने पहुंचे तो पंचायत कार्यालय में ताला लटका हुआ था और प्रधान से बात न हो सकी। (अनंत ज्ञान)

### कटोहड़ कलां में रास्ते का विवाद हुआ हल

**विवेक शर्मा, अंब।** उपमंडल अंब के तहत ग्राम पंचायत कटोहड कलां के वीजापुर में बीते शनिवार को वर्षों से बंद रास्ते को लेकर चल रहे विवाद का समाधान हो गया। वीजापुर में इस रास्ते को लेकर काफी लंबे समय से विवाद चला हुआ था जिसके चलते राजस्व विभाग द्वारा कई बार निशानदेही करवाई गई, लेकिन मसला नहीं सुलझा। जिसके चलते शनिवार को वीना देवी द्वारा कमिश्नर के माध्यम से निशानदेही के लिए आग्रह किया गया था। जिस पर कमिश्नर द्वारा रिटायर्ड नायब तहसीलदार हरी सिंह को मौके पर निशानदेही के लिए भेजा गया। जिन्होंने सभी पक्षों को संतुष्ट करवाया व रास्ते की समस्या का समाधान करवा दिया। (अनंत ज्ञान)

## पौधे बांटकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**राजेश शर्मा, ऊना**

रविवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर युवक मंडलों महिला मंडलों और अन्य संगठनों की ओर छबीलें लगाई हैं। इनमें ऊना जिला मुख्यालय के समीपवर्ती घंडावल गांव में युवक मंडल की ओर से ऊना-धर्मशाला मुख्य मार्ग पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर बेहतरीन संदेश देते हुए छबील लगाई गई, इसमें राहगीरों और पर्यटकों को शीतल मीठा जल देने के साथ-साथ छायादार पौधों का वितरण भी किया गया।

संजीव कुमार, पंकज कुमार ने बताया कि इस वर्ष गर्मी का प्रचंड रूप देखा है और वन आग की भेंट चढ़ गए हैं। हिमाचल का पर्यावरण संतुलन भी बिगड़ रहा है। इसलिए पौधारोपण के लिए समस्त लोगों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर युवक मंडल घंडावल के सदस्य घंडावल यूथ हैप्पी क्लब के सदस्य संजीव कुमार उर्फ हैप्पी, अमन गिल, रजत शर्मा, अनमोल शर्मा, साहिल शर्मा, हर्ष कुमार, शुभम कोठारिया, सत्यम शर्मा, नितिन कोठारिया और सूरज संधू भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)


**कार्यालय ग्राम पंचायत डंगोली**
**विकास खंड व जिला ऊना (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डंगोली विकास खंड ऊना हि.प्र. द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए सभी विकासात्मक कार्यों हेतु इंटरलोक पेवर (40,60,80 एमएम, पीवीसी पाइप 2.5,3,4,6,8 इंच (4 Kg Pressure with ISI Mark) धुला रेत बजरी (10, 20 एमएम) गटका (40 एमएम) डस्ट, ग्रैमर/फिलिंग मैटीरियल/मिटटी ट्राली किराया, मिक्सचर, किराया, शटरिंग, पानी टैंकर, सीमेंट की ढुलाई जलग्रां से डंगोली पंचायत तक साईन बोर्ड, स्टली चैंबर, आरसीसी चैंबर दरवाजे खिड़कियां, चौगठे, (लकड़ी/एल्यूमिनियम, लोहा, जापानी शीट) दरवाजा खिड़की बिजली से संबंधित सामान व उपकरण, सैनटरी, संबंधित सामान, टाइल्स दीवार व फर्श, लोकल चक्र ट्रैक्टर ट्राली मटीरियल ढुलाई, लदाई व उतराई सहित की निविदाएं निम्न शर्तों पर आमंत्रित की जाती हैं।

**शर्तेः-** 1. यह कि पंचायत के विभिन्न गांवों में जहां तक पक्की सड़क/गली तक मटिरियल पहुंचाना होगा। 2. यह कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता व मात्रा में कमी होगी तो एक नोटिस देने के बाद सप्लाई आदेश रद्द किए जाएंगे और मटीरियल का भुगतान नहीं होगा। 3. यह कि ट्रैक्टर की आरसी. साथ संलग्न करें या मौके पर दिखानी होगी क्या टैक्स देते हैं या कृषक हैं कृषक हेतु पंजीकृत ट्रैक्टर मान्य नहीं होंगे और ट्रैक्टर वाले का जीएसटी नं. होना अनिवार्य होगा। 4. यह कि निर्माण सामग्री की अदायगी/भुगतान कनिष्ठ अभियंता/तकनीकी सहायक की पैमाईश के बाद ही होगा। 5. यह कि सप्लाई आर्डर देने के तीन दिन भीतर सप्लाई पूरी करनी होगी। 6. यह कि किसी भी कार्य के लिए एडवांस पेमेंट नहीं मिलेगी और मटीरियल पहुंचने और तकनीकी पैमाइश के बाद ही बिल बुक किए जाएंगे। 7. यह कि ट्रैक्टर की कुटेशन हेतु लोकल पंचायत के ट्रैक्टर वालों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। 8. उपरोक्त किसी भी शर्त के पालन न होने की दशा में निविदा रद्द की जा सकती है। 9. यह कि मटीरियल की अदायगी बजट (राशि) उपलब्ध होने पर ही की जाएगी। 10. जो फर्म क्रशर मटीरियल की कुटेशन देगी वह फर्म 50000/- रुपए की बतौर सिक्योरिटी भी जमा करवाएगा।

अतः इच्छुक फर्म निविदाएं दिनांक 22.06.2024 शाम 5 बजे तक स्वयं या डाक द्वारा बंद लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत में जमा करवा सकती है। निविदाएं दिनांक 24.06.2024 को 11 बजे खोली जाएंगी। निविदाएं रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**प्रधान ग्राम पंचायत डंगोली**
**विकास खंड व जिला ऊना (हि.प्र.)**


## बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन में सजा मंडली दरबार

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा पहाड़िया मंदिर गांव पंजैहन थाना खास में रक्षा बंधन के दिन चढ़ने वाले बाबा पहाड़िया एवं बाबा बालक नाथ के छत्र के उपलक्ष्य पर मंडली द्वारा गुणगान की रिहर्सल रविवार को मंदिर परिसर में गद्दी नशीन बाबा अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुई। करीब एक दर्जन भक्तों ने गुणगान किया। बाबा अशोक कुमार ने बताया कि हर वर्ष रक्षा बंधन के दिन बाबा जी के छत्र की पूजा-अर्चना की जाती है और दस दिन नंगे पांव चलकर गुणगान किया जाता है।

ज्ञात रहे बाबा पहाड़िया और बाबा बालक नाथ जी का छत्र जब रक्षा बंधन के दिन मंदिर से निकलता है तो दिन-रात घर-घर चौकियां लगती हैं। पूरे गांव को एक घर में इकट्ठा करके बाबा जी की भेंट और गुणगान भक्तो को सुनाया जाता है और सैकड़ों भक्त बाबा जी की सेवा में साथ चलते हैं। वैसे तो बाबा जी के छत्र को घुमाने के लिए घर-घर जाना पड़ता है, लेकिन बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन्हन का छत्र जब मंदिर परिसर से गुणगान के लिए निकलता है। तो उससे पहले ही भक्तों द्वारा मंदिर में चौकी लगाने की अरदास करवाई जाती है और केवल छत्र के साथ बाबा जी की चौकियां ही लगती हैं। बताते चले कि बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैहन में हजारों भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है और बाबा जी हर भक्त की मनोकामना पूर्ण करते हैं। (अनंत ज्ञान)



बाबा पहाड़िया मंदिर के गद्दी नशीन महंत अशोक कुमार।

## नंबरदार जन कल्याण महासंघ की कार्यकारिणी गठित

**विवेक शर्मा, अंब**

रविवार को अंब ब्लाक के नंबरदार जन कल्याण महासंघ की बैठक जिला ऊना के प्रधान कुंवर बृजपाल सिंह की अध्यक्षता में की गई। जिसमें अंब ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन सर्वसहमति से किया गया।

बैठक में उपस्थित महासंघ के सदस्यों द्वारा एकमत से दीपक शर्मा को प्रधान चुना गया है। महासंघ की कार्यकारिणी में ठाकुर पूर्ण सिंह को चेयरमैन, दीपक शर्मा को प्रधान रेणु वाला, राकेश कुमार लठ, अशोक कुमार, राज कुमार, राकेश कुमार को उपप्रधान बनाया गया, मुनीश कुमार को महासचिव, राजेश कुमार सहसचिव सुरजीत सिंह को मीडिया प्रभारी, सुनील कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।



नंबरदार जन कल्याण महासंघ की नवनियुक्त कार्यकारिणी।

अंब ब्लॉक के नंबरदारों की बैठक में यह भी चर्चा की गई कि उनका मानदेय काफी लंबे समय से लंबित पड़ा हुआ है। इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को यह निवेदन किया गया कि नंबरदारों का मानदेय समय पर दिया जाए। इस मौके पर दीपक दत्ता, अनिल ठाकुर, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि अगली बैठक 7 जुलाई को रखी गई है। (अनंत ज्ञान)

**आश्वासन** जो महिलाएं वंचित रहीं वे भाजपा से उनके झूठ का लें हिसाब : मुकेश अग्निहोत्री

# जिन्होंने फार्म भरे उन्हें 19 से मिलने लगेंगे 1500 रुपए

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल सरकार ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के माध्यम से महिलाओं को हर महीने 1500-1500 रुपए देने का जो वादा किया था, कांग्रेस सरकार ने उसे पूरा कर दिया है। जिन्होंने हमारी बात मान कर फार्म भरे हैं, उन्हें 19 से यह लाभ मिलना आरंभ हो जाएगा, जो महिलाएं अभी इससे वंचित रहीं हैं और बीजेपी के बरगलाने के कारण जिन्होंने फार्म नहीं भरे, वे अब बीजेपी वालों से यह सवाल जरूर पूछें कि उन्होंने झूठ बोल कर महिलाओं का अहित क्यों किया।



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री बढेड़ा में लोगों को संबोधित करते हुए।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हमने महिलाओं को अप्रैल से 1500-1500 रुपए देने की बात कही थी, लेकिन चुनावी आचार संहिता के चलते तब इसे टालना पड़ा था, लेकिन अब यह राशि अप्रैल महीने से ही जारी की जा रही है। लाभार्थी महिलाओं को अप्रैल से जून की तिमाही की धनराशि 4500-4500 रुपए एकमुश्त प्रदान की जाएगी। 19 जून बुधवार को हरोली के कांगड़ मैदान से इस योजना का जिलाव्यापी शुभारंभ किया जाएगा। सामाजिक न्याय-अधिकारिता एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल भी इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सम्मिलित होंगे। इसमें 7 हजार से अधिक लाभार्थी महिलाओं को एकमुश्त 4500-4500 प्रदान किए जाएंगे।

इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार जनकल्याण और गरीबों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के नेतृत्व में हरोली क्षेत्र में हुए अतुलनीय विकास को एक मिसाल बताते हुए उनसे प्रेरणा लेकर कुटलैहड़ क्षेत्र में प्रगति के नए आयाम स्थापित करने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम में एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद बिट्टू, कांग्रेस पार्टी के ओबीसी सेल के जिला प्रधान प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)


**जिला स्तरीय पिपलू मेला 2024**
**की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**



दिनांक: 17 जून 2024
समय: 10:00 बजे प्रातः
मुख्यातिथि
श्री विवेक शर्मा (विक्कू)
माननीय विधायक कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र
विशिष्ट अतिथि
श्री राकेश कालिया
माननीय विधायक गगरेट विधानसभा क्षेत्र
श्री रणजीत सिंह राणा
कांग्रेस जिला अध्यक्ष
श्री महेंद्र पाल गुर्जर (भा.प्र.से.)
माननीय अतिरिक्त उपायुक्त ऊना
विशेष प्रस्तुति
कलाकार
❖ डा. गगन सिंह
❖ रोहित वोहरा
❖ कुसम जस्सी

कार्यक्रम
दिनांक: 18 जून 2024
मुख्यातिथि
श्री सुदर्शन सिंह बबलू
माननीय विधायक चिन्तपूर्णी विधानसभा क्षेत्र
अध्यक्षता
श्री विवेक शर्मा (विक्कू)
माननीय विधायक कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र
विशिष्ट अतिथि
श्री सतपाल रायजादा
माननीय पूर्व विधायक ऊना विधानसभा क्षेत्र
श्री वरिन्द्र धर्माणी
उपाध्यक्ष हि.प्र. कांग्रेस कमेटी
विशेष प्रस्तुति
कलाकार
❖ अनुज शर्मा (Indian Idol Fame)
❖ ममता भारद्वाज
❖ सौरव शर्मा

कार्यक्रम
दिनांक: 19 जून 2024
मुख्यातिथि
श्री राजेश धर्माणी
माननीय टाउन एवं कंट्री प्लानिंग, आवास प्रबंध, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार



अध्यक्षता
श्री विवेक शर्मा (विक्कू)
माननीय विधायक कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र
विशिष्ट अतिथि
श्री कुलदीप कुमार
पूर्व मंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार एवं पूर्व अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी
श्री जतिन लाल
माननीय उपायुक्त ऊना (भा.प्र.से.)
श्री राकेश सिंह
माननीय पुलिस अधीक्षक ऊना (भा.पु.से.)
श्री अविनाश कपिला
महासचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी
विशेष प्रस्तुति } कलाकार ❖ दीपेश राही ❖ संजीव दीक्षित ❖ राखी गौतम ❖ मोहित गर्ग

स्वागतकर्त्ता
प्रधान
ग्राम पंचायत पिपलू
आप सादर आमन्त्रित हैं
विनीत
उपमंडलाधिकारी (ना.) बंगाणा
एवं अध्यक्ष पिपलू मेला कमेटी

## न्यूज ब्रीफ

### कबड्डी में अंडर-11 में सरसेई टीम विजेता



**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** सरस्वती विद्या मंदिर संकुल कटराईं की खेलकूद प्रतियोगिता में अंडर-17, अंडर-14, अंडर-11 के 6 विद्यालयों सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं, रियाड़ा, पनगां, लरांकेलो, नग्गर तथा सरसेई के 297 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में कबड्डी तथा एथलेटिक्स से संबंधित गोला, चक्का तथा भाला फेंक, लंगी कूद व ऊंची कूद और विभिन्न प्रकार की दौड़ों का समावेश रहा। कबड्डी से संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर लरांकेलो तथा एथेलेटिक्स से संबंधित खेलों का आयोजन हरिपुर कॉलेज में किया गया, जिसमें अंडर-11 भैया तथा बहनों में विजेता टीम सरसेई, अंडर-14 भैया में कटराईं तथा बहनों में लरांकेलो तथा अंडर-17 भैया में कटराईं तथा बहनों में लरांकेलो रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं के प्रधानाचार्य एवं संकुल प्रमुख जितेंद्र वर्मा ने तथा समापन कार्यक्रम में प्रगतिशील बागवान एवं सरस्वती विद्या मंदिर लरांकेलो प्रबंध समिति अध्यक्ष टीकम राम ठाकुर ने शिरकत की। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से कटराईं संकुल समिति सदस्य काली दास ठाकुर, कुल्लू जिला शारीरिक प्रमुख चुन्नी लाल, रूपलाल शांडिल्य, आत्मा राम ठाकुर, डिंपल चौहान, ज्योति कपूर सहित विभिन्न स्कूलों के आचार्य एवं दीदियां तथा अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### पत्रकारों को होटलों में मिलेगी निशुल्क सुविधा



**कमलेश वर्मा, सैंज।** सैंज के पर्यटन स्थलों सैंज और शांघड़ के होटल में कुल्लू जिले के पत्रकारों को ठहरने की निशुल्क सुविधा होगी। इसकी घोषणा दा शंगचुल शांघड़ होटल हाइट के चेयरमैन एवं समाज सेवी महेश शर्मा ने की है। उन्होंने कहा कि उनके अपने सभी होटलों में रविवार से यह सेवा शुरू कर दी है। उन्होंने सैंज प्रेस क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में इसकी ओपचारिक घोषणा की है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मीडिया का समाज में अहम रोल रहता है। समाज को जागरूक और सही दिशा में लाने के लिए पत्रकारों की सकारात्मक भूमिका रहती है। कुल्लू के पत्रकारों की ओर से समस्याओं को प्रशासन और सरकार तक पहुंचाने में विशेष भूमिका निभाई जा रही है, जिसके चलते यहां का विकास हो रहा है। इस मौके पर प्रेस क्लब कुल्लू के प्रधान धनेश गौतम ने कहा कि महेश शर्मा की ओर से सैंज और शांघड में अपने होटलों में पत्रकारों के लिए शुरू की गई योजना से पत्रकारों को फायदा होगा, इसके लिए उन्होंने महेश शर्मा का आभार जताया। इस मौके पर सैंज प्रेस क्लब के प्रधान झाबे राम ठाकुर ने कहा कि महेश शर्मा समाज सेवी होने के साथ साथ पर्यटन कारोबारी हैं, जिनका सैंज प्रेस क्लब के निर्माण में भी क्लब का सहयोग किया है, जिस कारण पत्रकारों की यहां बैठने की व्यवस्था हो पाई है और अब पत्रकारों के लिए सैंज और शांघड़ में अपने होटलों में मुफ्त में ठहरने की सुविधा शुरू करने से क्षेत्र में रहने की सुविधा मिल सकेगी, जबकि इस मौके पर सैंज प्रेस क्लब के महासचिव बुद्धि सिंह ठाकुर, रमेश धामी, महेंद्र सिंह पालसरा, भुंतर प्रेस क्लब के प्रधान मेघ सिंह कश्यप, जिला प्रेस क्लब के पदाधिकारी सुरेश शर्मा, करतार कौशल, नीना गौतम, गौरी शंकर, संजीव जैन के अलावा गुलाब महंत, पूर्ण हिमाचली मौजूद रहे। इससे पूर्व जहां प्रेस क्लब ऑफ सैंज के पदाधिकारी ने जिला प्रेस क्लब के प्रधान धनेश गौतम का स्वागत किया, वहीं प्रेस क्लब ऑफ सैंज के सम्मान समारोह में उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# सरयोलसर की ओर बढ़े सैलानियों के कदम

## नन्ही चिड़िया 'आभी' जो सरयोलसर झील को स्वच्छ रखने में करती है मदद

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू जिले के आनी उपमंडल में 10280 फुट की ऊंचाई पर स्थित जलोड़ी दर्रे सहित अन्य कई मनमोहक पर्यटन स्थल हैं, जो पर्यटकों के लिए स्वर्ग से कम नहीं हैं।

ऐसा ही एक पर्यटन व धार्मिक स्थल है सरयोलसर, जहां पर इन दिनों देशभर के पर्यटकों का खूब तांता लगा हुआ है। सनद रहे कि देशभर के मैदानी इलाके गर्मी की तपिश से तप रहे हैं। ऐसे में गर्मी से राहत पाने के लिए सैलानी इन दिनों ठंडे स्थलों का रुख कर रहे हैं। कुल्लू के आनी उपमंडल में एनएच-305 सड़क मार्ग के मध्य लगभग 10 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित जलोडी दर्रा और दर्रे से तीन किलोमीटर आगे स्थित प्राकृतिक सरयोलसर झील सैलानियों के लिए पसंदीदा सैरगाह बनी हुई है। आनी क्षेत्र में पर्यटन की आपार संभावनाएं हैं। पर्यटकों के लिए यह स्थान स्वर्ग से कम नहीं है। जलोड़ी दर्रे से सरयोलसर यात्रा शुरू होती है और यह ऐतिहासिक व धार्मिक झील एक किलोमीटर के दायरे तक फैली है। जलोड़ी दर्रे की बर्फ से ढकी ऊंची मनमोहक चोटियां पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। देश-विदेश के पर्यटक इन दिनों खूबसूरत नजारों को देखने के लिए जलोड़ी दर्रे तथा सरयोलसर पहुंच रहे हैं और यहां की अलौकिक सुंदरता और निर्मल झील का दीदार कर, आनंदित हो रहे हैं। सरयोलसर झील चारों ओर से रैई, खरशू आदि पेड़ों से घिरी है और इसके शीर्ष पर माता बूढ़ी नागिन का मंदिर है। (अनंत ज्ञान)



सरयोलसर झील के आसपास घूमते पर्यटक।

### चिड़िया सफाई का देती है संदेश

इस निर्मल झील की सफाई नन्हीं आभी चिड़िया करती है। झील के आसपास स्थित पेड़ों पर बैठी आभी नामक चिड़िया झील में गिरने वाले हर तिनके को अपनी चोंच से उठाकर यहां से काफी दूर फेंककर, सफाई का संदेश देती है। झील की सुंदरता को निहारने के लिए गर्मियों में हर वर्ष हजारों लोग पहुंचते हैं।

### क्या है मान्यता

मान्यता है कि नाग माता बूढ़ी नागिन सरयोलसर झील में वास करती है और क्षेत्र की जनता सुख-समृद्धि की कामना के लिए झील के चारों और गाय के घी की धार से परिक्रमा करते हैं। ऐसा करने पर श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं भी पूरी करते हैं।

# ट्रैफिक जाम से निपटने को एक अन्य बटालियन पहुंची मनाली

**कमलेश वर्मा, मनाली**

कुल्लू के मनाली व अन्य साथ लगते पर्यटन स्थलों में पर्यटन सीजन के चलते विकराल रुप धारण कर चुके ट्रैफिक जाम से निपटने को एक अन्य बटालियन मनाली पहुंच गई है। बटालियन के आ जाने से यातायात एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। रविवार को एक रिजर्व के दो दर्जन से अधिक पुलिस जवान मनाली पहुंचे। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने रविवार को सभी पुलिस कर्मचारियों को उनकी ड्यूटियां आवंटित की। डीएसपी ने कहा कि मनाली में पर्यटन सीजन चरम पर पहुंच गया है।

पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। ग्रीन टैक्स से जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार मनाली में हर रोज साढ़े तीन से चार हजार पर्यटक वाहन पहुंच रहे हैं। सड़कों पर बढ़ते वाहनों के दबाव को देखते हुए यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जगह-जगह पुलिस जवानों की तैनात की गई है। पुलिस जवानों की तैनाती से मनाली में अब ट्रैफिक जाम से लोगों व पर्यटकों को निजात मिलेगी। पर्यटन नगरी मनाली वीकेंड में पर्यटकों से गुलजार हो गई है। मनाली में पर्यटकों की भीड़ जुटी है। माल रोड से लेकर सोलंगनाला और अन्य पर्यटन स्थलों में खूब पर्यटक जुटे हैं। चार दिन में मनाली में 60,000 से अधिक पर्यटकों के पहुंचने का अनुमान है। इससे सड़कों पर वाहनों की लंबी लाइन लगने से जाम की समस्या विकराल हो गई है। वाहन रेंगते हुए नजर आ रहे हैं। पुलिस यातायात को नियंत्रित करने में जुटी हुई है, लेकिन वाहनों की संख्या अधिक होने के चलते जाम की स्थिति बन रही है। वीरवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को मनाली में लगभग 12,000 पर्यटक वाहन पहुंचे। इसके अलावा 100 से अधिक वोल्वो बसों में भी पर्यटकों ने मनाली का रुख किया।

इस सप्ताह सोमवार को भी छुट्टी है। वीकेंड लंबा होने के कारण मैदानी इलाकों के पर्यटकों ने मनाली का रुख किया है। वीरवार को लगभग 3000, शुक्रवार को 2900, शनिवार को 3100 और रविवार को 3200 से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे। आगामी दो दिनों में इस संख्या में और इजाफा होने की उम्मीद है। इस संबंध में होटलियर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रोशन ने बताया कि इस वीकेंड में पर्यटकों की भीड़ जुटी है। (अनंत ज्ञान)

# कंगना की जीत मेहनत का परिणाम : चंदेल

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू के देवसदन में जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में लोकसभा चुनावों के उपरांत पार्टी द्वारा किए गए कार्यों को लेकर जिला भाजपा कुल्लू की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक पूर्व मंत्री एवं मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी गोविंद ठाकुर ने ली।

बैठक में हर विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बहुमूल्य सुझाव दिए। सभी सुझावों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत की जीत को सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया। इस संसदीय क्षेत्र के चुनाव में कुल्लू, मनाली सहित बंजार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी को अच्छी बढ़त मिली है। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को इस जीत के लिए बधाई दी।

बैठक में केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने पर बधाई दी। हिमाचल से भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को केंद्र सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बनाए जाने पर बधाई दी। बैठक में नितिन गडकरी को लगातार तीसरी बार केंद्र सरकार में सड़क परिवहन मंत्री बनने पर बधाई दी। भविष्य में संगठन को कैसे मजबूत किया जाए इस विषय पर भी समीक्षा बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। (अनंत ज्ञान)



देवसदन में आयोजित जिला भाजपा की समीक्षा बैठक के दौरान भाजपा पदाधिकारी।

# अजय अबरोल को भाजपा मनाली शहरी इकाई की कमान

**कमलेश वर्मा, मनाली**

भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय अबरोल को भाजपा मनाली शहरी इकाई का अध्यक्ष बनाया है। अजय अबरोल ने रविवार को अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया।

राकेश शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनजीत व मनोज सूद को महामंत्री, गोपाल शर्मा, मनप्रीत सिंह, लालमन शर्मा, अभिषेक अवस्थी व रेवत राम को उपाध्यक्ष बनाया गया है। हरीश जैसवाल, यशपाल व तुषार फेके को सचिव की कमान दी गई है। दिशांत गुप्ता व कपिल कुमार, नीरज सूद व रवि को सहसचिव बनाया गया है। अजय ठाकुर को मीडिया प्रभारी, जबकि विपिन कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। संजीव पाल, शेर सिंह, रमेश, अजय शर्मा, दलीप, मोहिंदर, महेश चंद्र, दीना नाथ, लक्ष्मीकांत व आशीष शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। शहरी अध्यक्ष बने अजय अबरोल ने अध्यक्ष बनाए जाने पर नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर सहित हाई कमान का आभार जताया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह समस्त कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ मिलकर काम कर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। वह सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। (अनंत ज्ञान)



# स्पीति की जनता का आभार जताने स्पीति पहुंची अनुराधा राणा

**काजा।** लाहौल-स्पीति की नव नियुक्त विधायक अनुराधा राणा अपनी जीत के बाद सबसे पहले स्पीति घाटी की जनता का आभार जताने के लिए घाटी के दौरे पर पहुंची। अपने दौरे के पहले दिन रविवार को उन्होंने ताबो, ग्यु सहित अन्य विभिन्न गांवों का दौरा किया।

इस दौरान जगह-जगह उनका स्वागत हुआ। चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद विधायक अनुराधा राणा का यह पहला दौरा स्पीति का है। अनुराधा ने बताया कि घाटी की जनता ने जो प्यार व आशीर्वाद देकर उनकी जीत सुनिश्चित की, वहीं 52 साल बाद एक महिला घाटी की विधायक बनी है और जनता से जो वादे किए गए थे उन सब को निभाने के लिए वह दिन-रात जनता की सेवा में हाजिर रहेंगी। (अनंत ज्ञान)

# बीआईएस की गतिविधियों की दी जानकारी

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

बीआईएस परवाणू शाखा ने जिला कुल्लू, मंडी और लाहौल-स्पीति के विज्ञान के शिक्षकों के लिए होटल रीजेंटा में मानक प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से दो दिवसीय विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न भागों से आए 27 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसएससी नाइक प्रमुख और निदेशक पीआर शाखा कार्यालय चंडीगढ़ ने किया। उन्होंने कार्यक्रम के मुख्यातिथि सुरेंद्र शर्मा और अन्य प्रतिभागियों का कार्यक्रम में भाग लेने के लिए स्वागत किया। इस दौरान मुख्यातिथि ने उद्घाटन भाषण देकर अपने विचारों को साझा किया। इसके बाद जीके भाटिया पूर्व संयुक्त निदेशक ने बीआईएस और इसकी गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके पश्चात रिसोर्स पर्सन सुरेश गोपाल ने स्टैंडर्ड क्लब के महत्व, विज्ञान शिक्षकों की भूमिका, मानकीकरण और पारिस्थितिकी तंत्र और मानकों के माध्यम से विज्ञान के बारे में बात की। दोपहर बाद के सत्र में मानकीकरण के वैज्ञानिक मापदंड विषय पर प्रस्तुति दी गई। सुरेश गोपाल ने हेलमेट पर और साहिल भाटिया ने प्रेशर कुकर तथा जीके भाटिया ने पैक्ड पेयजल पर प्रतिभागियों को मानक निर्धारित करने और उनका आकलन करने के तरीके समझाए। दूसरे दिन डीएस ग्रुप के पेय पदार्थों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यहां सभी प्रतिभागियों को संयंत्र की यात्रा के साथ-साथ प्राकृतिक जल (आईएस 13828) बनाने की प्रक्रिया को साझा किया। (अनंत ज्ञान)



शिक्षकों के लिए आयोजित दो दिवसीय विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने आए प्रतिभागी।

# सनातन संस्कृति को जीवित रखना हमारा उत्तरदायित्व : गौतम

**अनंत ज्ञान, सैंज**

कुल्लू की सैंज घाटी के तलाड़ा पंचायत के बिहाली गांव में बिहाली शाढ़नु मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में जिला कांग्रेस महासचिव घनश्याम शर्मा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की।

यह मेला गर्ग ऋषि के सम्मान में मनाया जाता है। गर्ग ऋषि यहां के आराध्य देव हैं और देवता तुदाला भी इस मेले के सूत्रधार हैं। इस मौके पर मुख्यातिथि ने कहा कि मेले हमारे सांस्कृतिक धरोहर हैं। इस सनातन संस्कृति को जीवित रखना हम सभी का उत्तरदायित्व है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र के विकास में अमूल्य योगदान दें। वहीं, उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर सैंज घाटी का विकास करेंगे। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र का विकास करना ही हमारा ध्येय है, ताकि क्षेत्र का चहुमुखी विकास हो सके। हमारे यहां टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं, सरकार की ओर से प्रदेश सहित जिले कुल्लू का भी एक समान विकास किया जा रहा है और सैंज घाटी के विभिन्न पर्यटन स्थलों को विकसित करने की दिशा में भी बेहतर कार्य किया जा रहा है।

# नवांग भारतीय वायुसेना में बना फ्लाइंग आफिसर

**कमलेश वर्मा, केलांग**

लाहौल-स्पीति के मयाड़ घाटी से चिमरेट गांव के होनहार युवा नवांग नोरबू भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर सेवाएं देंगे।

नवांग नोरबू के परिजनों डॉक्टर मदन लाल बोध व कुसुम लता ने बताया कि नवांग बचपन से कुशाग्र बुद्धि का बालक रहा है। छोटी आयु से ही उसका झुकाव सैन्य सेवाओं की तरफ था। नवांग ने कक्षा छठी से बाहरवीं की पढ़ाई सैनिक स्कूल सुजानपुर से की। नीट हमीरपुर से सिविल इंजीनियरिंग में बी टेक किया। नवांग ने एक वर्ष पूर्व एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट की परीक्षा उत्तीर्ण की व डुंडिगल एयरफोर्स अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत 15 जून को पास आउट हुए। नवांग नोरबू के पिता डॉक्टर मदन लाल बोध जिला आयुष अधिकारी लाहौल-स्पीति के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं व माता कुसुम लता समग्र शिक्षा खंड नग्गर में कार्यरत हैं। यह उनके लिए अति भावुक क्षण रहा। (अनंत ज्ञान)



# 18 की बजाए अब 20 जून को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** सहायक अभियंता जितेंद्र ठाकुर ने कहा कि 11 केवी नग्गर फीडर की आवश्यक मरम्मत और रखरखाव के चलते पतलीकूहल, कटराईं, डोभी, बशकोला, जैंडी वाले क्षेत्रों में 18 के स्थान पर 20 जून को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विपरीत मौसम व बारिश होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। सहायक अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं से इस दौरान सहयोग का अनुरोध करते हुए कहा कि आवश्यक कारणों के चलते पतलीकूहल, कटराईं, डोभी, बशकोला, जैंडी में अब 20 को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं, लेफ्ट बैंक नग्गर में 18 को नग्गर, चाचोगी, घुड़दौड़, लरांकेलो, नशाला, जाना, नथान, हिरनी, बरनोट, अरछंडी व साथ लगते क्षेत्रों 19 को पुलग, बलथा, रमन, मढ़ी व साथ लगते क्षेत्रों 20 को छाकी, सरसेई, हरीपुर, भोष, रांगड़ी, बटाहर, मंसारी, चकलाड़ी, सेरीनगर, धमसू, सजला, करजां, खखनाल, गोजरा व साथ लगते क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। (अनंत ज्ञान)

# खरगा स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

निरमंड खंड की अंडर-14 छात्र वर्ग की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरगा में 13 से 15 जून तक हुआ।

इस प्रतियोगिता में 25 स्कूलों के लगभग 350 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें खरगा स्कूल ओवरऑल चैंपियन रहा। वॉलीबाल में खरगा प्रथम व निरमंड द्वितीय, कबड्डी में शाइनिंग स्टार स्कूल जगातखना प्रथम व कशोली द्वितीय, जबकि खो-खो में खरगा प्रथम व देवभूमि मॉडल पब्लिक स्कूल जगातखाना द्वितीय रहा। इसी प्रकार मार्च पास्ट में खरगा प्रथम व निरमंड द्वितीय, लोक नृत्य में खरगा प्रथम व दुराह द्वितीय स्थान, समूह गान में निरमंड प्रथम व खरगा द्वितीय स्थान, एकल गीत में दुराह प्रथम व त्वार द्वितीय स्थान, बैडमिंटन में समेज प्रथम व कुशवा द्वितीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधान पंचायत खरगा नेसुराम विमल ने किया व सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूर्व प्रधान पंचायत खरगा मोती राम कश्यप मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त स्टाफ महिला मंडल व युवक मंडल पंचायत खरगा का विशेष योगदान रहा। (अनंत ज्ञान)



ओवरऑल विजेता टीम के साथ शिक्षक।

**खुशी** पैराग्लाइडिंग पर नजर रखने के लिए सरकारी मार्शलों की हो चुकी तैनाती, पर्यटकों की सुरक्षा से किया था खिलवाड़

# पैराग्लाइडर अब पीज पैराग्लाइडिंग साइट से भर सकेंगे उड़ान

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू जिला मुख्यालय के ठीक ऊपर स्थित पीज पैराग्लाइडिंग साइट पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया गया है। हाल ही में 10 जून को पीज से ढालपुर के लिए पैराग्लाइडिंग करवा रहे पैराग्लाइडरों के द्वारा नियमों की अवहेलना करते हुए देर शाम तक की पैराग्लाइडिंग गतिविधियों के माध्यम से एक तरफ संबंधित विभाग के तहत नियमों को अवहेलना की थी, वहीं दूसरी तरफ पर्यटकों की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ किया था।

इस संदर्भ में जिला पर्यटन विभाग कुल्लू को मिली शिकायत पर जांच करने पर पाया गया कि पैराग्लाइडरों ने अपनी मनमानी की थी। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग ने पीज पैराग्लाइडिंग साइट पर ही प्रतिबंध लगा दिया था साथ ही एक पायलट के लाइसेंस को एक हफ्ते के लिए संस्पेंड कर 10000 का जुर्माना लगाया था। इस दौरान पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन पर भी जिला पर्यटन विभाग ने 10000 का जुर्माना लगाकर तय किया कि जब तक सरकारी मार्शलों की तैनाती नहीं होगी, तब तक पीज पैराग्लाइडिंग साइट को प्रतिबंधित किया गया। इससे पहले भी 13 मई को पीज से ढालपुर के बीच देर शाम 7:30 तक उड़ान की गई, जिस पर बाद में शिकायत के आधार पर जिला पर्यटन विभाग कुल्लू ने नियमों में कोताही बरतने पर एसोसिएशन पर 10000 का जुर्माना लगाया था साथ ही चेतावनी भी जारी की थी।

बेहरहाल पीज साइट और ढालपुर में लैंडिंग साइट पर दोनों जगह मार्शलों की नियुक्ति की जा चुकी है और अब से मार्शलों की निगरानी में विभाग बेलागम पैराग्लाइडरों पर भी नजर रख सकेगा। (अनंत ज्ञान)



रविवार को ढालपुर मैदान में पैराग्लाइडिंग का लुत्फ उठाते हुए पर्यटक।

### यह पैराग्लाइडिंग साइट अभी भी प्रतिबंधित

कुल्लू जिले के अंदर पैराग्लाइडिंग गतिविधियों के दौरान नियमों के साथ कोताही बरतने और पैराग्लाइडरों की मनमानी को देखते हुए हाईकोर्ट ने गड़सा पैराग्लाइडिंग साइट को अभी तक बदं रखा है, जबकि राइसन पैराग्लाइडिंग साइट भी पर्यटक के साथ हुए हादसे के बाद से बंद पड़ी हुई हैं।

### इन साइटों पर हो रही पैराग्लाइडिंग

कुल्लू जिले के अंदर अभी तक डोभी पैराग्लाइडिंग साइट, सोलंगनाला पैराग्लाइडिंग साइट, मझाच पैराग्लाइडिंग साइट और मढ़ी पैराग्लाइडिंग साइट पर आने वाले पर्यटकों को पैराग्लाइडिंग गतिविधियां करवाई जा रही हैं।

"पीज पैराग्लाइडिंग साइट ओर ढालपुर लैंडिंग साइट पर सरकारी मार्शलों की तैनाती कर दी है और इसके साथ ही पीज पैराग्लाइडिंग साइट पर लगे प्रतिबंध को भी हटा दिया गया है। अब से पैराग्लाइडिंग संचालक नियमित रूप से पीज और ढालपुर के बीच उड़ान भर सकेंगे।

**जिला पर्यटन अधिकारी कुल्लू सुनैना शर्मा।**



## न्यूज ब्रीफ

### खाई में गिरी ऑल्टो, एक की मौत, दूसरा जख्मी



**एसपी जैरथ, नाहन।** सिरमौर के उपमंडल संगड़ाह के अंतर्गत नौहराधार-बांदल-लाना चेता मार्ग पर एक सड़क हादसा पेश आया है, यहां एक ऑल्टो कार खाई में जा गिरी। हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई है। इसके अलावा एक युवक जख्मी हुआ है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। मृतक की पहचान हंसराज (44) वर्ष पुत्र भगतराम निवासी बांदल के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक अकुंश (24) चाढ़ना गांव का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि रिश्ते में दोनों मामा भांजा थे। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, मामा भांजा ऑल्टो कार (एचपी-52सी-3237) में सवार होकर कहीं जा रहे थे। इस दौरान बांदल के समीप ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति घायल हुआ है। घायल व्यक्ति को तुरंत नौहराधार अस्पताल लाया गया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। डीएसपी संगड़ाह मुकेश डडवाल ने मामले की पुष्टि की है। एसडीएम संगड़ाह व तहसीलदार नौहराधार के अनुसार मृतक के आश्रितों को 25000 की राहत राशि जारी की गई है। (अनंत ज्ञान)

### 19 जून को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**आर मोहन चौहान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 जून को आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 33 केवी कंडाघाट फीडर से संचालित कुछेक क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली मंडल सोलन के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि 19 को प्रातः नौ से सायं पांच बजे तक कंडाघाट, सिरीनगर, धाली, पलेच, सलुमणा, जदारी, डोलग, परौंथा, देढ़घराट, मेहली, माही, सनेच, कोहारी, वाकनाघाट, क्यारीघाट, कवारग, शालाघाट, कैथलीघाट, बीशा, छोवशा, डुमैहर, बाशा, कदौर, गरू, पावघाट, कून, आंजी, सुनारा, साधुपुल, कलहोग, दोची, सोनाघाट, सैंज, कोटला, चायल, नगाली, कुरगल, झाझा, दधील, आल्मपुर, जनेड़घाट, टिक्कर एवं आस-पास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में अथवा किन्हीं अन्य अपरिहार्य कारणों के दृष्टिगत निर्धारित तिथि व समय में बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### स्वास्थ्य जांच के लिए न जाना पड़े दूर : राम

**बीबीएन।** मुख्य संसदीय सचिव (उद्योग, राजस्व एवं नगर नियोजन) राम कुमार चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि लोगों को घर के पास ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाई जाएं, ताकि उन्हें अपनी स्वास्थ्य जांच के लिए घर से दूर न जाना पड़े। राम ने बताया कि नागरिक अस्पताल चंडी व खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय चंडी के आधारभूत ढांचे को और बेहतर बनाने के लिए 2.50-2.50 करोड़ रुपए की राशि और 50 बिस्तरों वाले नागरिक अस्पताल बद्दी के निर्माण को पूरा करने के लिए 4.13 करोड़ रुपए शीघ्र जारी किए जाएंगे। शीघ्र ही इन कार्यों की औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत टेंडर जारी किए जाएंगे। नागरिक अस्पताल चंडी, खंड चिकित्सा अधिकारी चंडी व नागरिक अस्पताल बद्दी के भवनों के निर्माण से जहां स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी, वहीं उनके समय की बचत भी होगी। स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए प्रदेश सरकार यथा संभव प्रयास कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### शराब पीते चचेरे भाइयों में झगड़ा, एक मिला मृत

**बीबीएन।** पुलिस थाना बरोटीवाला के तहत भटोली कलां में शराब पीकर लड़ाई झगड़े में एक व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया गया। पुलिस को सड़क किनारे खून से लथपथ व्यक्ति का शव मिला, जिसके शरीर पर गहरे जख्म पाए गए। मृतक की पहचान कमलेश निवासी उत्तर प्रदेश से हुई, जो कि बद्दी में एक प्राईवेट कंपनी में काम करता था। पुलिस को दी शिकायत में राजानाती पुत्र रामहित निवासी आऊं तहसील अतरेह जिला बांदा उत्तर प्रदेश ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई कमलेश कुमार, संदीप, सोनू और दलीप कुमार के साथ मिलकर भटोलीकलां में किराये के मकान में रहते हैं। बीते दिन शाम के समय कमलेश का सुरेंद्र के साथ शराब पीने के दौरान और शराब लाने को लेकर आपस में झगड़ा हुआ था। रविवार सुबह जब वापस कंपनी से लौटा तो पाया, कमलेश कमरे में मौजूद नहीं था, जिसे काफी देर तक मकान के आसपास तलाशा, लेकिन नहीं मिला और कुछ देर बाद पता लगा कि कमरे के सामने सड़क किनारे पड़ा हुआ है। इस दौरान जब जाकर देखा, तो खून से लथपथ कमलेश मृत अवस्था में पड़ा हुआ था, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया है और धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# भवन सर्वेक्षण का कार्य पूरा, ऑनलाइन जारी होंगे प्रॉपर्टी टैक्स के बिल

## 20 महीनों के प्रॉपर्टी टैक्स को एक किस्त में जमा करवाने पर रहेगी 10 फीसदी छूट, 14105 संपत्तियों का किया सर्वेक्षण

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन ने करीब 44 लाख रुपए खर्च कर प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारण के लिए भवनों का आधारभूत सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर लिया है। सोलन शहर में कुल 14105 संपत्तियों का सर्वेक्षण किया गया है व 442 संपत्तियां व भवन निर्माणाधीन हैं। अब संपत्ति कर के बिल यूनिट एरिया मेथड से जारी किए जा रहे हैं जो 4 अगस्त, 2022 से 31 मार्च, 2024 तक की अवधि के होंगे।

निगम ने बिलों को जारी करने की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करने वालों को कुल राशि में 10 प्रतिशत की छूट का प्रावधान किया है। करदाता इन बिलों का भुगतान दो किस्तों में भी कर सकते हैं, परंतु 10 प्रतिशत छूट का लाभ दो किस्तों में बिल जमा करने पर नहीं मिलेगा तथा दो किस्तों का भुगतान अधिकतम बिल जारी करने के तीन माह के भीतर करना होगा अन्यथा विलंब शुल्क का भुगतान करना होगा। आयुक्त एकता कापटा के मुताबिक संपत्ति बिल ऑनलाइन मोड में जारी किए जाएंगे व करदाता एवं संपत्ति मालिक को इस बारे में एसएमएस प्राप्त होगा, जिससे वे ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



सोलन शहर।

### 8 महीनों में पूरा हुआ सर्वेक्षण का कार्य

प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारित करने के लिए निगम ने भवनों का सर्वेक्षण किया पर इसमें आठ महीने का समय लग गया। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में निगम पुरानी दर से चार अगस्त 2023 तक 125 दिन यानी चार महीने का टैक्स वसूल कर चुकी है। यह व्यवस्था इसलिए की गई है क्योंकि सरकार ने 4 अगस्त 2023 से नए प्रॉपर्टी टैक्स को लागू करने की अधिसूचना जारी की थी। अब सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है। पिछले वित्तीय वर्ष के आठ महीने मिलाकर वित्तीय वर्ष 2024-25 का भी प्रॉपर्टी टैक्स लंबित है, जिसे अब वसूल किया जाएगा।



सोलन शहर में नए सिरे से प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारित करने के लिए मैनुअल मैपिंग का कार्य पूरा हो चुका है। भवन मालिकों को किस्तों में टैक्स जमा करवाने की छूट रहेगी। एक मुश्त टैक्स जमा करवाने पर 10 फीसदी टैक्स की छूट रहेगी। बशर्ते टैक्स 15 दिन के अंदर जमा करवाना होगा।

**एकता कापटा, आयुक्त, नगर निगम सोलन।**

### 20 करोड़ रुपए टैक्स जमा होने की उम्मीद

निगम के मुताबिक शहर में 30 से 40 फीसदी से अधिक भवन ऐसे हैं, जिसमें एनओसी के बाद निर्माण किया गया है, लेकिन इसका टैक्स जमा नहीं किया जा रहा है। नगर निगम ने प्रस्ताव पारित कर अगस्त 2023 नई दरों के मुताबिक प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारण का निर्णय लिया है। इसके लिए भवनों की ड्रोन तकनीक से मैपिंग की गई है। इसके बाद नक्शे से अधिक या अतिक्रमण कर बने भवनों की मैनुअल मैपिंग के बाद नई दरों से भवनों का प्रोपर्टी टैक्स निर्धारित किया जाएगा। निगम को प्रॉपर्टी टैक्स से आय बढ़ने की उम्मीद है। निगम को पुरानी दर से करीब 5-6 करोड़ की टैक्स की आय होती रही है, जबकि नई दर से 15 से 16 करोड़ रुपए टैक्स जमा होने की उम्मीद है। पिछले वर्ष के टैक्स को मिलाकर इस वर्ष निगम को 20 करोड़ की आय की उम्मीद।

# मेले इतिहास की जानकारी देने का साधन : शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि मेले एवं त्योहार युवा पीढ़ी को इतिहास एवं संस्कृति की जानकारी देने का साधन हैं।

डॉ. शांडिल ने सोलन के दयोंघाट में सिद्ध बाबा बालक नाथ मेले में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। शांडिल ने कहा कि राज्य में सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित रहता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि स्थानीय स्तर पर आयोजित किए जा रहे मेलों की परंपरा को टूटने न दें। मेले, कुश्ती एवं कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने में भी सहायक रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों की सुविधा के लिए प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। राज्य में प्राथमिक





स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. शांडिल सोलन के दयोंघाट में सिद्ध बाबा बालक नाथ मेले में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए।

स्वास्थ्य केंद्र तक स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत बनाया जा रहा है। शांडिल ने इससे पूर्व बाबा बालक नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुखी जीवन की कामना की।

देहूंघाट में पानी की समस्या के निदान के लिए समिति गठित कर पेयजल आपूर्ति को सुचारु किया जाएगा, ताकि स्थानीय लोगों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। स्वास्थ्य मंत्री ने हीरो होडा शोरूम कमला निवास व अन्य घरों तक संपर्क मार्ग के लिए दो लाख रुपए, कमला निवास से बाबा बालक नाथ मंदिर तक टाइलों व डंगे कार्य को दो लाख रुपए तथा बाबा बालक नाथ मंदिर प्रवेश द्वार तक संपर्क मार्ग के प्रारंभिक निर्माण कार्य के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। जोगिंद्रा सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस समिति के अध्यक्ष संजीव ठाकुर, नगर निगम सोलन के पार्षद सरदार सिंह ठाकुर, मनीष सोपाल, पूजा, ईशा सूद, संगीता ठाकुर, मनोनीत पार्षद विजय ठाकुर, शहरी कांग्रेस सोलन के अध्यक्ष अंकुश सूद, खंड कांग्रेस समिति के सचिव लोकेंद्र शर्मा, कुनाल सूद, रोगी कल्याण समिति के सदस्य विनीश धीर, कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी एवं ग्रामीण इस अवसर पर उपस्थित थे।

# ग्रीष्मकालीन स्कूलों में छुट्टियों के शेड्यूल में बदलाव करना गलत

**एसपी जैरथ, नाहन**

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला सिरमौर इकाई ने ग्रीष्मकालीन स्कूलों में पड़ने वाली छुट्टियों के शेड्यूल में बदलाव को गलत ठहराया है।

महासंघ के जिला अध्यक्ष कपिल मोहन ठाकुर, जिला महामंत्री दीपक त्रिपाठी, संगठन मंत्री श्याम लाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेश्याम, कोषाध्यक्ष रोहित ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय कंवर, पूर्व जिला महामंत्री मामराज चौधरी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष ऋषिपाल शर्मा, चंबेल सिंह, ओंकार शर्मा, रतन लाल, सह संगठन मंत्री राजेश शर्मा, शिवानी शर्मा आदि पदाधिकारियों ने कहा कि ग्रीष्मकालीन विद्यालयों में छुट्टियों के शेड्यूल में बदलाव करना तर्कसंगत नहीं है। इस समय जिले के ग्रीष्मकालीन विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चे अत्यधिक गर्मी और लू से जूझ रहे हैं, जिससे राहत के लिए वे छुट्टियों की आस में बैठे हैं। प्रदेश के छह जिले सिरमौर, सोलन, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, मंडी का अधिकांश क्षेत्र इस समय गर्मी और लू की चपेट में हैं। बच्चों को विद्यालय पहुंचने और वहां बैठने में गंभीर परेशानी महसूस हो रही है। कुछ स्थानों का पारा 45 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। इसी से राहत के लिए तो ग्रीष्मकालीन विद्यालयों में इन दिनों छुट्टियों का प्रावधान रखा गया है। लिहाजा, ऐसे समय में इन छुट्टियों में बदलाव करना किसी भी स्थिति में तर्कसंगत और न्यायसंगत नहीं है। वैसे भी हिमाचल में 6 जिले जो मुख्यत: बरसात से ज्यादा प्रभावित रहते हैं, वे शीतकालीन छुट्टियों वाले हैं। ज्यादा कठिन भौगोलिक परिस्थितियां उन्हीं क्षेत्रों की हैं। ऊंचे पहाड़ और नदी, नाले भी उन्हीं क्षेत्रों को ज्यादा प्रभावित करते हैं, जबकि वहां इन दिनों स्कूल खुले रहेंगे। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ छात्र और शिक्षक हित में इन ग्रीष्मकालीन विद्यालयों की छुट्टियों में बदलाव करने का पुरजोर विरोध करता है, जो छुट्टियां पुराने शेड्यूल के अनुसार 22 जून से होती हैं, वह सही हैं और प्रदेश में मानसून पहुंचने के संकेत भी मौसम विभाग ने 20 जून से दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

# मेले एवं त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति के परिचायक : नेगी

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने पांच दिवसीय राज्य स्तरीय गुरु संज्ञास मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।



नेगी ने कहा कि मेले एवं त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति के परिचायक हैं। मेले किसी भी प्रदेश या क्षेत्र में बसने वाले लोगों की धर्म, आस्था, रीति रिवाज और ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत महत्व रखते हैं। इसी के मद्देनजर किन्नौर की समृद्ध संस्कृतिक व रीति रिवाज के संरक्षण के लिए इस प्रकार के मेले व त्योहार का महत्व कई अधिक गुना बढ़ जाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश मे मनरेगा, सूचना का अधिकार, एफआईए कांग्रेस सरकार की देन है।

वन अधिकार अधिनियम के तहत कई राज्यों के लोगों को इस का लाभ मिला है। प्रदेश में भी इस बार वन अधिकार अधिनियम को लागू कर पात्र लोगों को भूमि उपलब्ध किया जाएगा। वर्तमान हिमाचल सरकार पूरे प्रदेश में मेल-मिलाप व आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। (अनंत ज्ञान)

# गरीब आवास योजना के खाली पड़े 133 मकानों में किरायेदार बसाने की तैयारी

**महेंद्र, परवाणू**

परवाणू में गरीब आवास योजना के खाली पड़े 133 मकान में अब किरायेदार बसाए जा रहे हैं तथा यह कार्य एक ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है। मकानों के ठेकेदार की ओर से मकान किराये पर देने के साथ ही मकानों के साथ पड़ी खाली जमीन पर दुकानें बनाने का कार्य बिना अनुमति के शुरू किया गया, जिसकी सूचना मिलने पर नगर परिषद परवाणू के कार्यकारी, अधिकारी बीआर नेगी ने कमेटी के कर्मचारी भेज कर काम को रुकवाया।

पिछले लगभग दस साल से खाली पड़े आईएचएसडीप के मकानों को सरकार की ओर से किराये पर देने का फैसला लिया गया। हालांकि सरकार के इस फैसले से नगर परिषद परवाणू को करीब दो करोड़ की राशि प्राप्त होगी वह भी 25 साल में, वहीं ठेकेदार को इस अवधि के दौरान करीब 12.76 करोड़ रुपए का लाभ होगा।

बता दें कि नगर परिषद परवाणू की मांग पर गरीबों के लिए बने इन मकानों पर 10 साल पहले करोड़ों रुपए खर्च किए गए। परंतु मकान बनने के बाद भी गरीब जिनका सर्वे सरकार को भेजा गया था राजनितिक स्वार्थ के चलते वह उन मकानों तक नहीं पहुंच सके, जिस ठेकेदार के साथ इन मकानों का समझौता किया गया है वह अब नियमों के विरुद्ध कार्य कर रहा है, जिस पर नगर परिषद की ओर से ठेकेदार को नोटिस दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### समझौते के अनुसार किया जा रहा निर्माण

वहीं बिना अनुमति के कार्य शुरू करने पर नगर परिषद ने एक बार फिर नोटिस जारी किया है। इस बारे में कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि ठेकेदार की ओर से मकानों के साथ खाली पड़ी भूमि पर निर्माण की अनुमति मांगी गई थी, परंतु आचार संहिता के चलते हाउस की बैठक नहीं हुई है, जिससे काम को रोका गया है, वहीं इस बारे में ठेकेदार ने बताया कि समझौते के अनुसार ही वहां निर्माण किया जा रहा है। वह समझौते की नकल लेकर जल्द नगर परिषद से मिलेंगे व बात करेंगे।

# सिरमौर में 4,128 महिलाओं के खाते में आए 4500

**एसपी जैरथ, नाहन।** कांग्रेस के नेताओं ने विधानसभा चुनावों के समय वादा किया था कि चुनाव जीतने के बाद प्रदेश की महिलाओं को हर माह 1500 रुपए उनके खाते में डाले जाएंगे, जिसे सरकार ने अब लोकसभा चुनावों के बाद पूरा करना शुरू कर दिया है।

जिला वेलफेयर आधिकारी विवेक अरोड़ा ने बताया कि सिरमौर में 4,128 महिलाओं को 1,500 प्रति माह के आधार पर तीन माह का 4,500 रुपए हर महिला के खाते में डाल दिया है। यदि कोई महिला जिले में इस तरह से आर्थिक लाभ लेना चाहती है, तो वह उनके कार्यालय से फार्म लेकर आवेदन करें। (अनंत ज्ञान)

## 50 प्लस महिला हॉकी खिलाड़ियों ने मैदान में बहाया पसीना

# व्हाइट टीम ने रेड टीम को 2-0 से हराया

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सोलन के ठोडो मैदान में इंटरव्हील क्लब सोलन ने महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें सीनियर महिलाओं के हाथों में हॉकी स्टीक थामी। इस मैत्री मैच में टीम व्हाइट ने टीम रेड टीम को 2-0 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

व्हाइट टीमका नेतृत्व कल्पना परमार ने किया। टीम में शीला कौशल, कमलेश, चंबा, राधा, पूजा हांडा, सरिता सुनैना सूद व अवतार कौर शामिल थीं। इसी प्रकार रेड टीम सविता शर्मा के नेतृत्व में मैदान में उतरी। टीम में मंजू रघुवंशी, कृष्णा, सीता, शारदा, सुनीता महाजन व सुनीता शामिल रहीं। टीम मैनेजर शीला कौशल और टीम कोच अनीता कुमार रहीं। इस मौके पर शीला कौशल ने बताया कि इस मैत्री मैच में 50 से 72 वर्ष तक की महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। इससे साबित होता है कि जो व्यक्ति एक बार मैदान में उतर गया, उसकी खेल के प्रति दीवानगी कभी खत्म होगी। टीम व्हाइट की कैप्टन कल्पना परमार ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर मैदान से अपना नाता जोड़ना चाहिए। (अनंत ज्ञान)



महिला हॉकी प्रतियोगिता की विजेता टीम।

# कोटी टिंबा मेले में ठोडा नृत्य और खेल का किया प्रदर्शन

**रविदत्त, राजगढ़**

ठियोग, चोपाल व पच्छाद विधानसभा क्षेत्रों की सीमा पर कोटी टिंबा में रासू मांदर क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां बागेश्वरी के नाम पर लगने वाला तीन दिवसीय धार्मिक पारंपरिक तीन दिवसीय जात मेला कोटी टिंबा संपन्न हो गया। इस मेले का मुख्य आर्कषण तीन कमान से खेला जाने वाली संगीतमय पारंपरिक ठोडा रहा।

इस मेले में दो बागेश्वरी के दो मंदिरों भड़ोली व बघेशर से माता की छड़ी आती है, जिसमें माता की छड़ी को मंदिर परिसर से मेला मैदान तक क्षेत्र के लोगों की ओर से एक शोभायात्रा के रूप में पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ लाया जाता है। मेला मैदान में पहुंचने के बाद गुर के माध्यम से माता की अलौकिक खेल के माध्यम से माता से मेला आरंभ करने की अनुमति मांगी जाती है। उसके बाद ठोडा खेल के लिए मेला मैदान का शुद्धिकरण, जिसे स्थानीय भाषा में जुबड़ी जवाड़ना कहा जाता है। (अनंत ज्ञान)

# स्टूडेंट्स को नए विचारों के साथ बनाया सशक्त

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय का समर पेटेंट स्कूल इसमें भाग लेने वाले स्कूली छात्रों के लिए शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में एक परिवर्तनकारी अध्याय साबित हुआ। कुलपति प्रोफेसर अतुल खोसला ने परिकल्पित अग्रणी पहल ने स्कूली छात्रों को नए विचारों के साथ सशक्त बनाया, जिससे उन्हें सपनों को वास्तविकता में बदलने में मदद मिली।

2021 में शुरुआत के बाद से समर पेटेंट स्कूल के छह सफल समूह देखे गए और हाल ही में इसका सातवां समूह संपन्न हुआ, जिसमें पूरे भारत से 200 से अधिक छात्र शामिल हुए। समर पेटेंट स्कूल टीम आइडियाज दैट मैटर और बौद्धिक संपदा अधिकार कार्यालय के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है। कार्यक्रम ने एक पोषणकारी वातावरण प्रदान किया, जहां छात्रों ने अनंत संभावनाओं की जांच की, चुनौतियों पर काबू पाया और पेटेंट दाखिल करने के लिए आवश्यक कौशल विकसित किया। आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान और डेटा विश्लेषण को प्रोत्साहित करने के लिए डिजाइन किया गया, इसने छात्रों को एक नवाचार-संचालित दुनिया के लिए तैयार किया। (अनंत ज्ञान)



शूलिनी यूनिवर्सिटी में समर पेटेंट स्कूल टीम आइडियाज दैट मैटर कार्यक्रम में हिस्सा लेते बच्चे।

**आयोजन** — कैमरे लगाने को लेकर बैठक का किया आयोजन, गंदगी और नशे पर लगेगी रोक

# कैमरों की निगरानी में रहेगा परवाणू

**महेंद्र, परवाणू**

परवाणू में बढ़ते नशे व गंदगी पर लगाम कसने के लिए शहर में कैमरे लगाए जाएंगे।

यह जानकारी देते हुए परवाणू के सहायक आयुक्त महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शहर में कैमरे लगाने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर परिषद के अधिकारी व पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में शहर की सुरक्षा स्वच्छता व नशे पर रोक लगाने के लिए शहर में आवश्यक स्थानों पर कैमरे लगाने पर चर्चा की गई। सहायक आयुक्त ने कहा कि एनजीटी के नियमों के अनुसार नगर परिषदों ऐसे स्थानों पर कैमरे लगाने आवशयक है, जहां लोग गंदगी फैलाते हैं। इस के साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से भी शहर में विभिन्न स्थानों पर कैमरे लगाने आवश्यक हैं। शहर में पुलिस विभाग के आठ कैमरे पहले से लगे हैं, परंतु शहर के कुछ आवश्यक स्थानों पर कैमरे लगाने आवश्यक हैं। उन्होंने इसके लिए दोनों विभागों को शहर का सर्वे कर कैमरों के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। महेंद्र प्रताप ने कहा कि स्थान चुने जाने के बाद नगर परिषद परवाणू शहर में कैमरे इंस्टाल करवाएगी, जिसकी मॉनिटरिंग पुलिस विभाग करेगा।

कैमरों की मदद से पुलिस विभाग चालान कर सकेगी साथ ही नगर परिषद भी शहर में गंदगी फैलने वालों का चालान कर सकेगी। हिमाचल की सीमाएं अन्य राज्यों के साथ जुड़ी होने के चलते आपराधिक गतिविधियां अधिक होती हैं, जिन्हें कैमरों की मदद से रोकने में सहायता मिलेगी। (अनंत ज्ञान)



परवाणू में सड़क पर फेंका मलबा।

# राजवंश शर्मा भारतीय वायु सेना में बने फ्लाइंग ऑफिसर

**एसपी जैरथ, नाहन**

सिरमौर के पच्छाद उपमंडल के घिनीघाड़ की काटली पंचायत के सेर कुइना गांव के राजवंश शर्मा भारतीय वायु सेवा में फ्लाइंग ऑफिसर बन गए हैं।

महज 21 साल की उम्र में राजवंश शर्मा को एक फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में भारतीय वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में शामिल किया गया है। वह वर्ष 2020 में एनडीए फ्लाइंग ब्रांच में शामिल हुए। राजवंश शर्मा ने अपनी प्राथमिक शिक्षा गलानाघाट सरकारी स्कूल से पूरी की। उसके बाद राजवंश का चयन सैनिक स्कूल सुजानपुर टीरा के लिए हुआ। पिता रमेश दत्त शर्मा स्कूल लेक्चरर और माता कमलेश शर्मा टीजीटी कार्यरत हैं, जबकि बहन निवेशिका शर्मा पंजाब यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन कर रही हैं।

पूरा क्षेत्र राजवंश की देश सेवा और योगदान के जज्बे को सलाम करता है। (अनंत ज्ञान)





## न्यूज ब्रीफ

### नागल पेरूगिया चैलेंजर के फाइनल में



**पेरूगिया (इटली)।** भारत के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने स्पेन के बर्नाबे जपाटा मिरालेस पर 7-6 (7-2),1-6, 6-2 की जीत से पेरूगिया चैलेंजर के फाइनल में जगह बनाई और खुद को इस साल के तीसरे खिताब की दौड़ में बनाए रखा। फाइनल में नागल की भिड़ंत इटली के लुसियानो डार्डेरी और जर्मनी के डेनियल अल्टमायर के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगी। नागल अब विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 77वें स्थान पर हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने जर्मनी में हीलब्रॉन चैलेंजर की शुरुआत के बाद से लगातार 9वीं जीत हासिल की। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में इसका खिताब जीता था। इस तरह नागल लगातार चैलेंजर खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। ऐसा करने से उन्हें शीर्ष-50 में जगह बनाने का मौका मिलेगा। भारतीय खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में चेन्नई चैलेंजर जीता था। वहीं भारत के एन श्रीराम बालाजी और उनके जर्मनी के जोड़ीदार आंद्रे बेगमैन युगल फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के गुइडो आंद्रेओजी और मेक्सिको के मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला से 4-6, 5-7 से हार गए।

### अवनि ने चेक लेडीज चैलेंज के कट में प्रवेश किया



**चेकिया (चेक गणराज्य)।** अवनि प्रशांत चेक लेडीज चैलेंज गोल्फ में निराशाजनक शुरुआत करने के बाद भी संयुक्त 45वें स्थान के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही। पहले दौर में 79 का कार्ड खेलने वाली इस भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर में 74 का कार्ड खेला। इस स्पर्धा में चुनौती पेश कर रही एक अन्य भारतीय दुर्गा निटुर कट में जगह बनाने से चूक गई।

### कोहली की फॉर्म चिंता का विषय नहीं : विक्रम



**लॉडरहिल (फ्लोरिडा)।** विराट कोहली मौजूदा टी-20 विश्व कप में अभी तक तीन मैच में केवल पांच रन बना पाए हैं, लेकिन भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि इस स्टार बल्लेबाज की फॉर्म चिंता का विषय नहीं है क्योंकि नेट पर वह बेहतरीन लय में लग रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में सर्वाधिक रन बनाने वाले कोहली विश्व कप में अभी तक इस तरह का जलवा नहीं दिखा पाए हैं। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ एक और पाकिस्तान के खिलाफ चार रन ही बनाए जबकि अमेरिका के खिलाफ खाता भी नहीं खोल पाए थे। राठौड़ ने कहा, ''मुझे अच्छा लगता है कि जब भी मैं यहां आता हूं मुझसे विराट कोहली के बारे में सवाल पूछे जाते हैं फिर चाहे वह अच्छा प्रदर्शन कर रहे हों या नहीं। चिंता की कोई बात नहीं।'' उन्होंने कहा,''वह (कोहली) जिस टूर्नामेंट (आईपीएल) में खेल कर यहां आए हैं उसमें उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। कुछ मैच में नहीं चल पाने से चीजें नहीं बदल जाती। वह वास्तव में बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं।'' राठौड़ को पूरा विश्वास है कि कोहली जरूरत पड़ने पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### नीता के दम पर सोलन ने ऊना को रौंदा



**संजीव पुरी, ऊना।** नीता की शानदार गेंदबाजी से सोलन ने ऊना को 19 रन से पराजित कर दिया। नीता ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके हैं। महिला सीनियर वनडे प्रतियोगिता के तहत ऊना का मुकाबला सोलन के साथ ऊना के पीसीसीए स्टेडियम संतोषगढ़ में खेला गया। ऊना की टीम ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सोलन की टीम 31.1 ओवर में 107 रन पर ऑलआउट हो गई। रिंकल पांडे ने 62 रन बनाए और अपनी पारी में सात चौके लगाए। स्नेहा ने चार, अंशिता ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। सोलन टीम के तीन खिलाड़ी रन आउट हुए। ऊना के बल्लेबाजों का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। सोलन की नीता ने पांच खिलाड़ियों को आउट किया। कनुप्रिया, धान्या, सिया, हर्षिता और ईनामी को एक-एक विकेट मिला। ऊना की टीम 37.4 ओवर में 88 रन पर ऑलआउट हो गई। (अनंत ज्ञान)

### गोल्फर दीक्षा संयुक्त तीसरे स्थान पर

**रोम।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर लेडीज इटेलियन ओपन के दूसरे दौर में इवन पार 72 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो जीत अपने नाम करने वाली दीक्षा ने पहले दौर में 67 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर में उन्होंने एक बर्डी और एक बोगी की मदद से 72 का स्कोर किया। दीक्षा का कुल स्कोर पांच अंडर 139 है और वह दो अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वह इंग्लैंड की एमी टेलर (70-67) से दो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी (66-72) से एक शॉट पीछे हैं। अन्य भारतीयों में प्रणवी उर्स (73-70) संयुक्त रूप से 17वें स्थान जबकि त्वेसा मलिक (73-72) संयुक्त 41वें स्थान के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही। रिद्धिमा दिलावरी (75-73) और वाणी कपूर (72-77) कट से चूक गईं। कट तीन-ओवर का रहा और इसमें 67 खिलाड़ियों ने जगह बनाई।



**टी-20 विश्व कप** — टीम इंडिया का सुपर-8 में अफगानिस्तान के साथ मुकाबला 22 जून को

# भारत को अब अफगान लड़ाकों की चुनौती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टी-20 कप-2024 में अब तक 7 टीमें सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। तीन जीत और कुल सात अंकों के साथ अपने ग्रुप की अव्वल रहने के बाद भारत को सुपर-8 में अपना पहला मैच 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। भारत के साथ ग्रुप-एक में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान शामिल हैं। चौथी टीम बांग्लादेश और नीदरलैंड्स में से कोई एक होगी, जिसका पता सोमवार को खेले जाने वाले मैच के नतीजे के बाद चलेगा।

वहीं, दूसरी ओर स्कॉटलैंड पर ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद ग्रुप-2 की चार टीमों की तस्वीर साफ हो गई है। इस ग्रुप में संयुक्त राज्य अमेरिका, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड शामिल हैं। सुपर-8 का पहला मैच 19 जून को भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका के बीच खेला जाएगा।

भारत अपना पहला मैच 20 जून को खेलेगा। सुपर-8 में भारत अपना पहला मुकाबला अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा। ब्रिजटाउन में खेले जाने वाला मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से शुरू होंगे। सुपर-8 में भारत के सभी मुकाबले भारतीय समयानुसार ही खेले जाएंगे। भारत 22 जून को नार्थ काउंड में बांग्लादेश और नीदरलैंड्स में से किसी एक टीम के साथ भिड़ेगा। इस राउंड में भारत अपना आखिरी मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 जून को खेलेगा।



### 29 जून को खेला जाएगा फाइनल

**टी-20** विश्व कप का पहला सेमीफाइनल भारतीय समयानुसार 27 जून को सुबह छह बजे से खेला जाएगा। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल भी भारतीय समयानुसार इसी दिन रात आठ बजे से गयाना में खेला जाएगा। भारत अगर सेमीफाइनल में पहुंचता है तब वह गयाना में दूसरा सेमीफाइनल खेलेगा। फाइनल 29 जून को ब्रिजटाउन में रात आठ बजे खेला जाए। पहले सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व डे रखा गया है, जबकि दूसरे सेमीफाइनल के लिए रिजर्व डे नहीं रखा गया है।

### भारत के लिए आसान नहीं होंगे सुपर-8 के मुकाबले

**अगर** भारत के सुपर-8 मैचों को देखें तो उसके लिए रास्ता आसान नहीं होगा। अफगानिस्तान की टीम फॉर्म में है और उसने ग्रुप मैचों में न्यूजीलैंड को भी हराया है। लिहाजा टीम इंडिया को भी कड़ी टक्कर मिल सकती है। भारत का एक मैच ऑस्ट्रेलिया से है। ऑस्ट्रेलियाई टीम भी काफी खतरनाक है और फॉर्म में है। लिहाजा भारत का यह मैच भी चुनौतियों से भरा हो सकता है।

### ओपनिंग में सफल नहीं कोहली



**भारत** के लिए ग्रुप मैचों में रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली ओपनिंग कर रहे थे, लेकिन कोहली ओपनिंग में सफल नहीं हो पाए। टीम इंडिया सुपर-8 मैचों के लिए बैटिंग ऑर्डर में बदलाव कर सकती है। अगर कोहली नंबर 3 पर खेले तो यशस्वी जयसवाल को मौका दिया जा सकता है। हालांकि इस बात की भी संभावना है कि टीम इंडिया विनिंग कॉम्बिनेशन में कोई बदलाव न करे। भारत ने 3 मैच लगातार जीते हैं।

### गीली आउटफील्ड के कारण भारत बनाम कनाडा मैच रद्द



गीली आउट फील्ड को सुखाते मैदानकर्मी।

**लॉडरहिल।** गीली आउटफील्ड के कारण शनिवार को यहां भारत और कनाडा के बीच टी-20 विश्व कप ग्रुप मैच एक भी गेंद खेले बिना रद्द हो गया। भारत का यह अंतिम ग्रुप मैच था और तीन मैच में जीत से पहले ही ग्रुप-ए से सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर चुका है। वहीं कनाडा की टीम बाहर हो चुकी है। टॉस स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे (भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे) होना था, लेकिन दूसरी बार (भारतीय समयानुसार) रात के नौ बजे पिच का मुआयना करने के बाद अंपायरों ने इसे रद्द करने का फैसला किया।

## हिताक्षी बख्शी सिंगापुर लेडीज मास्टर्स की तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**एजेंसी, सिंगापुर**

भारतीय गोल्फर हिताक्षी बख्शी बारिश के कारण कई बार रुकावट के बीच सिंगापुर लेडीज ओपन के दूसरे दिन 28 होल का खेल पूरा करने के बाद तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई है। हिताक्षी पहले दिन शुरुआती चरण के आठ होल का खेल ही पूरा कर पाई थी।

उन्होंने इस चरण के बाकी 10 होल को एक ओवर 73 के स्कोर के साथ पूरा करने के बाद दूसरे दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला। हिताक्षी का कुल स्कोर तीन अंडर 141 है और वह दो दौर का खेल पूरा कर चुकी खिलाड़ियों में चीन की शिक्सुआन वांग (71-70) के साथ तालिका में शीर्ष पर है। अंधेरा होने के कारण खेल को जल्दी रोकना पड़ा और अभी आठ खिलाड़ियों के दूसरे दौर का खेल बाकी है।



भारत की एमेच्योर खिलाड़ी महरीन भाटिया का दो दौर के बाद आठ ओवर (76-76) का स्कोर है और उन पर कट में जगह बनाने से चूकने का खतरा है।

सहर अटवाल अपने 18वें होल के खेल के बीच में है और उनका कुल स्कोर पांच ओवर का है। वह कट में जगह बनाने के करीब है जिसके सात ओवर रहने की संभावना है।

## स्कॉटलैंड पर ऑस्ट्रेलिया की दमदार जीत

**एजेंसी, ग्रॉस आइलेट**

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (68) और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (59) के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड की टी20 विश्व कप के सुपर-8 में जगह पक्की की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 180 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 60 रन कर दिया था, लेकिन हेड और स्टोइनिस ने चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाकर इंग्लैंड के खेमे में राहत पहुंचाई। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से ग्रुप-बी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इस मैच में स्कॉटलैंड की हार से इंग्लैंड भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर-8 में पहुंच गया। इंग्लैंड ने इससे पहले बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को हराया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्कॉटलैंड पर जीत से ही वह अगले चरण में जगह बना पाता।



मुकाबले के दौरान शॉट खेलते स्टोइनिस।

ऑस्ट्रेलिया ने अपने चारों मैच जीते जबकि इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के समान पांच अंक रहे। इंग्लैंड ने बेहतर रन रेट के आधार पर दूसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का डटकर सामना किया।

## डकवर्थ लुइस पद्धति से इंग्लैंड ने नामीबिया को 41 रन से हराया

**एजेंसी, नॉर्थ साउंड**

इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से 41 रन से हराकर टी-20 विश्व कप में खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।

इंग्लैंड को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए नामीबिया के खिलाफ जीत जरूरी थी, लेकिन लगातार बारिश होने के कारण एक समय उसकी उम्मीद धूमिल पड़ती नजर आ रही थी। आखिर में तीन घंटे की देरी के बाद मैच शुरू करने का फैसला किया गया और इसे 11 ओवर का कर दिया गया। बीच में बारिश आने के कारण मैच 10 ओवर का कर दिया गया।

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में पांच विकेट पर 122 रन बनाए। नामीबिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से 126 रन बनाने का लक्ष्य मिला, लेकिन उसकी टीम तीन विकेट पर 84 रन ही बना पाई। इस मैच में काफी कुछ दांव पर लगा था इसलिए अंपायरों ने लंबा इंतजार किया।




## गौरिका ने सातवें चरण का खिताब जीता

**एजेंसील, मैसुरु**

भारतीय गोल्फर गौरिका बिश्नोई ने तीसरे और अंतिम दौर के अंतिम तीन होल में बर्डी की हैट्रिक लगाकर हफ्ते के सर्वश्रेष्ठ चार अंडर 66 के कार्ड से हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के सातवें चरण का खिताब जीत लिया।

गौरिका दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर चल रही थीं। उन्होंने कुल एक अंडर 209 का स्कोर बनाया जबकि बीती रात शीर्ष पर रहने वाली खुशी खानिजाऊ (71) दबाव में आ गईं। खुशी ने कुल दो ओवर 212 का स्कोर बनाया जिससे वह उपविजेता रहीं।



'अमेच्योर' गोल्फर मन्नत बराड़ तीन अंडर 67 के कार्ड से कुल चार ओवर 214 के स्कोर से विधात्री उर्स के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं।

## नीदरलैंड से सतर्क रहना होगा श्रीलंका को

**एजेंसी, ग्रॉस आइलेट**

टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करके अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने के लिए बेताब श्रीलंका को टी-20 विश्व कप के ग्रुप-डी के यहां होने वाले मैच में नीदरलैंड से सतर्क रहना होगा।

श्रीलंका की टीम अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और वह अपने ग्रुप में पांचवें स्थान पर है जबकि नीदरलैंड तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका पहले ही सुपर 8 की दौड़ से बाहर हो चुका है, लेकिन वह अपनी प्रतिष्ठा की खातिर नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले मैच में अपना सब कुछ झोंक देगा।

जहां तक नीदरलैंड की बात है तो उसने अभी तक तीन मैच में से एक में जीत दर्ज की है। उसकी टीम ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और इस मैच में भी वह बेहतर खेल का नमूना पेश करके जीत दर्ज करना चाहेगी।

दक्षिण अफ्रीका ग्रुप-डी से पहले ही सुपर-8 में अपनी जगह पक्की कर चुका है जबकि बांग्लादेश चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।



## शिमला ने चंबा को हराया

**संजीव पुरी, ऊना।** महिला सीनियर वनडे क्रिकेट मैच शिमला और चंबा के बीच ऊना के इंदिरा स्टेडियम में खेला गया। जिसमें शिमला की निकिता चौहान की शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी की बदौलत चंबा को 10 विकेट से हरा दिया।

निकिता ने 6 विकेट लिए और 64 रन नाबाद बनाए। चंबा ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, चंबा की टीम ने पहले खेलते हुए 37.1 ओवर में 10 विकेट खोकर 91 रन बनाए। कषिका ठाकुर ने 25, पल्लवी ने 24, अक्षरा ने 10 रन बनाए। शिमला की निकिता ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 खिलाड़ियों को आउट किया, कशिश वर्मा ने दो, प्राची चौहान ने एक खिलाड़ी को आउट किया, चंबा का एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

शिमला के बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपना लक्ष्य 8 ओवर में प्राप्त कर लिया। कशिश वर्मा नाबाद 22 रन बनाए। निकिता चौहान ने नाबाद 64 रन बनाए। निकिता चौहान ने अपनी पारी में आठ चौके और चार छक्के लगाए। (अनंत ज्ञान)

**यूरो-2024** — अल्बानिया के बजरामी ने 23वें सेकेंड में गोल कर बनाया रिकॉर्ड

# इटली ने अल्बानिया को 2-1 से दी पटकनी

**एजेंसी, डॉर्टमंड (जर्मनी)**

अल्बानिया के नेदिम बजरामी ने खेल शुरू होने के बाद 23वें सेकेंड में गोल करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया,लेकिन यह मौजूदा चैंपियन इटली पर जीत दर्ज करने के लिए पर्याप्त नहीं था, जिसने 2-1 से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

बजरामी ने यूरोपीय चैंपियनशिप के 64 साल के इतिहास में सबसे तेज गोल किया, लेकिन अल्बानिया इसके बाद इटली पर दबाव नहीं बना पाया, जिसने जल्द ही वापसी करके मैच पर अपना नियंत्रण बना दिया और उलटफेर की किसी संभावना को खारिज कर दिया। अल्बानिया के समर्थक अभी अपनी टीम की शुरुआती बढ़त का जश्न मना ही रहे थे कि एलेसेंड्रो बस्तोनी ने इटली की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। बस्तोनी ने 11वें मिनट में लोरेंजो पेलेग्रिनी के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जबकि निकोलो बरेला ने 16वें मिनट में गोल करके इटली को बढ़त दिला दी जो उसने आखिर तक बरकरार रखी।



इटली के लिए यह जीत बेहद जरूरी थी क्योंकि ग्रुप-बी में उसका सामना आगे तीन बार के चैंपियन स्पेन और 2022 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले क्रोएशिया से होगा।

बजरामी के गोल ने हालांकि इटली को हैरत में डाल दिया। यूरोपीय चैंपियनशिप में इससे पहले सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड रूस के दिमित्री किरिचेंको के नाम पर था, जिन्होंने 2004 में 67 सेकेंड में गोल किया था।

### स्विट्जरलैंड ने हंगरी को हराया

**कोलोन।** स्विट्जरलैंड ने यूरोपीय चैंपियनशिप 2024 में अपने शुरुआती मुकाबले में हंगरी को 3-1 से शिकस्त दी। हंगरी को सितंबर 2022 के बाद प्रतिस्पर्धी मैच में पहली हार मिली। स्विट्जरलैंड ने क्वाड्वो दुआह के 12वें मिनट और माइकल एबीशर के 45वें मिनट में किए गए गोल से पहले हाफ में 2-0 से बढ़त बनायी।

हंगरी के लिए एकमात्र गोल बर्नाबास वार्गा ने डोमिन जोबोस्लाई के क्रास पर हेडर से 66वें मिनट में दागा। हंगरी ने स्विट्जरलैंड पर दबाव बनाये रखा लेकिन दूसरा गोल नहीं कर सका। ब्रील एम्बोलो ने इंजुरी टाइम (90+3वें मिनट) में गोलकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।

## भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम को ब्रिक्स खेलों में कांस्य पदक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने पोयमंती बैस्य, मौमिता दत्ता और यशिनी शिवशंकर की महिला टेबल टेनिस टीम के कांस्य पदक की बदौलत कजान में चल रहे ब्रिक्स खेलों में अपना पहला पदक हासिल किया।

भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम रूस के कजान में सेमीफाइनल में चीन से 1-3 से हार गई जिससे उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। यशिनी ने पहले गेम में 11-7, 4-11, 11-8, 7-11, 11-2 से जीत हासिल की, लेकिन चीन ने वापसी करते हुए बाकी तीन मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने महिला टेबल टेनिस टीम को बधाई देते हुए अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर लिखा, ''ब्रिक्स खेलों में कांस्य पदक जीतने के लिए महिला टेबल टेनिस टीम को बधाई। यह इस टूर्नामेंट में हमारा पहला पदक है। आपने देश को गौरवान्वित किया है। मैं आपको भविष्य में लगातार सफलता हासिल करने की कामना करता हूं।'' अनिर्बान घोष, जीत चंद्रा और स्नेहित सुरवज्जुला की भारतीय पुरुष टीम क्लासिफिकेशन मैच में बहरीन पर 3-1 की जीत से पांचवें स्थान पर रही।



पदकों के साथ पोज देतीं भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम।

## न्यूज ब्रीफ

### कोटा में कोचिंग छात्र ने की खुदकुशी

**कोटा।** जेईई की तैयारी के लिए यहां कोचिंग कर रहे एक और छात्र का शव शनिवार रात को उसके कमरे में रोशनदान से लटका मिलने से सनसनी मच गई। मूलरूप से बिहार के मोतिहारी के रहने वाले छात्र से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच क रही है। बताया गया कि मोतिहारी निवासी 17 साल का आयुष जायसवाल महावीर नगर इलाके में सम्राट चौक के पास एक पीजी में पहली मंजिल पर रहता था। वह जेईई की तैयारी कर रहा था। शनिवार रात तक वह कमरे से बाहर नहीं आया तो उसके साथियों ने दरवाजा खटखटाया। फिर भी कोई जवाब नहीं मिला। आयुष के दरवाजा न खोलने पर पीजी संचालक ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर आयुष का शव रोशनदान में फंदे में लटका मिला। पुलिस ने उसे उतारा और न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहां रह रही एक महिला ने बताया कि पीजी उनके ससुर संचालित करते हैं।

### टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी रविवार सुबह पेट की तकलीफ के कारण अस्पताल में भर्ती हुए हैं। सूत्रों के



अनुसार रविवार सुबह उन्हें इएम बाइपास के पास एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आज उनकी पेट की सामान्य सर्जरी होगी। अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद अभिषेक के टेस्ट शुरू किए गए हैं। इसके लिए एक विशेष मेडिकल बोर्ड का गठन किया जा गया है। सर्जरी के बाद तृणमूल महासचिव को रविवार को ही अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। उल्लेखनीय है कि अभिषेक ने इस सप्ताह बुधवार को राजनीति से अस्थायी अवकाश की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि वह चिकित्सा के कारण पार्टी के काम से कुछ समय के लिए अवकाश ले रहे हैं। हालांकि, उन्होंने अपनी बीमारी के बारे में जानकारी नहीं दी।

### भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार



**उज्जैन।** गंगा दशहरा के अवसर पर रविवार को विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया। भगवान महाकाल के शीश पर मां गंगा को धारण कराया गया, साथ ही मोगरे का हार अर्पित कर पगड़ी पहनाई गई।

### अवैध शराब से भरे टैंपो सहित आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** अपराध शाखा सेक्टर-40 ने अवैध शराब से भरे एक छोटे टैंपों का गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा। उसमें 158 पेटी अवैध शराब भरी हुई थी। पुलिस ने दो आरोपियों व टैंपों को कब्जे में लेकर केस दर्ज कर लिया। आरोपी टैंपो चालक से पूछताछ की जा रही थी। पुलिस के अनुसार अपराध शाखा सेक्टर-40 गुरुग्राम में बतौर अनुसंधान अधिकारी तैनात मुख्य सिपाही सत्यवान को विश्वसनीय सूत्रों से अवैध शराब से भरे टैंपो के बारे में जानकारी मिली। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम के साथ मिलकर नजदीक नहर गांव धनकोट से एक लोडिंग टैम्पो में सवार 2 व्यक्तियों को टैम्पो में भरी अवैध शराब सहित काबू किया। टैंपो में से 150 पेटी अवैध देशी शराब, 8 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। उनके खिलाफ राजेंद्रा पार्क थाना में केस दर्ज किया गया है।

### अयोध्या में स्थापित होगा 33 फुट का धनुष



**लखनऊ।** अयोध्या में देश का सबसे लंबा धनुष और बाण स्थापित होगा। धनुष की लंबाई 33 फुट और वजन 3400 किलो है। धनुष के साथ 3900 किलो का गदा भी लगेगी। गदा और धनुष-बाण पंच धातु से बनाए गए हैं। इसे राजस्थान में सुमेरपुर के शिवगंज स्थित श्रीजी सनातन सेवा संस्थान ने बनवाया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि तय किया जाएगा कि इन्हें कहां स्थापित किया जाए।

### गंगा नदी में नाव के पलटने से छह लोग डूबे



**पटना।** पटना के बाढ़ जिले में रविवार सुबह गंगा नदी में नाव पलट गई। नाव में 17 लोग सवार थे। 11 लोगों ने तैरकर अपनी जान बचा ली। हादसे के बाद से 6 लोग लापता हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम लापता लोगों की गंगा में तलाश कर रही है। बाढ़ में गंगा दशहरा पर लोग स्नान के लिए जुटे थे।

### मणिपुर में फोर्स तैनात, स्थिति तनावपूर्ण



**इंफाल।** मणिपुर में बिष्णुपुर जिले में रैपिड एक्शन फोर्स की भारी तैनाती की गई है। पूरे इलाके में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। बड़ी संख्या में भीड़ द्वारा सड़क मार्ग को अवरुद्ध कर दिए जाने के कारण आवाजाही अवरुद्ध हो गई है। पुलिस ने बताया कि मणिपुर के विष्णुपुर जिले के ट्रोंगलाओबी अवांग लेइकाई में शनिवार की शाम को स्थिति उत्तेजक हो गई, जब स्थानीय भीड़ की ओर से दो ट्रकों को आग के हवाले कर दिया गया। ट्रकों पर एक पुल के लिए निर्माण सामग्री ले जाया जा रहा था। चार ट्रक एकसाथ चुराचांदपुर की ओर जा रहे थे कि ट्रोंगलाओबी इलाके में भीड़ ने उन्हें रोक लिया और उनमें आग लगा दी।

### रेलवे बोर्ड की समिति रखेगी ट्रेनों पर नजर

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड ने समिति का गठन किया है। यह समिति इस बात पर नजर रखेगी कि ट्रेनों का सुरक्षित रूप से संचालन किया जा रहा है या नहीं? दरअसल, रेलवे बोर्ड को शिकायत मिली है कि कुछ ट्रेनों का संचालन गति प्रतिबंधों का उल्लंघन किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि रेलवे बोर्ड ने हाल में कुछ मामलों का संज्ञान लिया है। दो ट्रेन ड्राइवरों ने एक नदी के पुल पर 20 किमी प्रति घंटे की गति प्रतिबंध का उल्लंघन किया। बताया गया है कि पुल का रखरखाव किया जा रहा था। इस दौरान चालकों ने अपनी ट्रेनों को पुल पर 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाया।

### सूरत एयरपोर्ट पर 2.19 करोड़ के हीरे बरामद



**नई दिल्ली।** सूरत एयरपोर्ट पर दुबई जा रहे संजयभाई मोराडिया नाम के यात्री से 2.19 करोड़ रुपए के अनपॉलिश्ड हीरे बरामद किए गए। तलाशी के दौरान ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ जवानों ने संजय के दोनों टखनों में कुछ संदिग्ध वस्तु देखी। इसके पास से कच्चे/बिना पॉलिश किए हीरे के तीन पैकेट बरामद हुए, जिन्हें उसने अपने टखने के पास मोजे में छिपा रखा था। बाद में संजय के शरीर के निचले हिस्से से हीरे के दो और पैकेट बरामद हुए, जिसे उसने अंडरगारमेंट में छिपाया था। यात्री से मिले हीरों का वजन 1092 ग्राम है। इनकी कीमत करीब 2.19 करोड़ रुपए है।

### योगी की हत्या की धमकी देने वाला शख्स गिरफ्तार

**कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हत्या की धमकी देने वाले शख्स को पुलिस क्राइम ब्रांच की स्वाट एवं सर्विलांस की टीम ने प्रयागराज से गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त (अपराध) मनीष सोनकर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित मध्य प्रदेश के रीवा जिले के कुनिया खुर्द का है। आरोपी का नाम दीपक श्रीवास्तव है। उसे प्रयागराज के कोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ोखर से गिरफ्तार किया गया।

### असम में नौ करोड़ की याबा टैबलेट्स जब्त

**नई दिल्ली।** असम के करीमगंज में नौ करोड़ रुपए मूल्य की याबा टैबलेट के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर कहा कि करीमगंज पुलिस और बीएसएफ ने एक संयुक्त अभियान चलाकर नौ करोड़ मूल्य की 30,000 याबा टैबलेट्स जब्त की। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। सीएम सरमा ने पुलिस और बीएसएफ की सराहना की।

# ताबड़तोड़ गोलीबारी से दहला अमेरिका गर्भवती भारतीय महिला की मौत

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

अमेरिका में अलग-अलग जगहों पर ताबडतोड़ गोलीबारी में एक भारतीय महिला की मौत हो गई है वहीं 2 बच्चों समेत 9 लोग घायल हो गए हैं। सबसे भीषण हमला मिशिगिन राज्य में बच्चों के वाटर पार्क में हुआ। यहां पर बंदूकधारी शख्स ने ताबड़तोड़ 28 गोलियां चलाईं, जिसमें 2 बच्चों समेत 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिशिगन पुलिस ने कहा है कि डेट्रॉइट के पास एक शहर के संचालित वॉटर पार्क में, जिसका नाम ब्रूकलैंड्स प्लाजा स्प्लैश पैड पार्क में, एक शूटर ने गोलीबारी की, जहां परिवार गर्मी से बचने के लिए इकट्ठा हुए थे।

इस हमले में दो बच्चों सहित आठ लोग घायल हुए हैं। इसमें से 8 साल के बच्चे की हालत बेहद नाजुक है क्योंकि इसके सिर पर हमलावर ने गोली मारी है।

**2 बच्चों समेत 9 घायल**



ओकलैंड काउंटी के शेरिफ माइकल बाउचर्ड ने कहा कि ये हमला बीते स्थानीय समय के मुताबिक शाम 5 बजे रोचेस्टर हिल्स, मिशिगन में पार्क के सामने हुआ। जब एक शख्स गाड़ी से उतरा और गोलीबारी करने लगा। सड़क से शुरू हुई गोलीबारी पार्क तक चली गई। शूटर आगे बढ़ता जा रहा था और बार-बार गन लोड कर गोली चलाता जा रहा था। पुलिस के मुताबिक शूटर ने 28 बार फायरिंग की। बुचार्ड ने कहा कि ये भयानक मंजर कुछ ऐसा था कि वहां भागदौड़ मच गई थी। लोग अपने बच्चों को संभालते नजर आ रहे थे। कोई किसी को कुचलकर जान बचाकर भाग रहा था तो कोई गोली लगने से नीचे गिर रहा था। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर जो उसके घर पर रेड डालने पहुंची तो आरोपी वहां पर मृत मिला। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में तो लग रहा है आरोपी ने आत्महत्या की है बाकी जांच के बाद पता लग पाएगा। आरोपी के घर से और बंदूकें भी बरामद की गई हैं।

वहीं दूसरा गोलीबारी का मामला मिशिगन से 1300 किलोमीटर दूर न्यू जर्सी में हुआ। यहां पर बंदूकधारी हमलावरों ने दो भारतीय महिलाओं पर हमला कर दिया। जिसमें एक की मौत हो गई है। वहीं दूसरी की हालत गंभीर है, उसे एयरलिफ्ट कर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। आपको बता दें कि मरने वाली युवती गर्भवती भी थी। ये दोनों चचेरी बहनें थीं और भारत के पंजाब के जालंधर की रहने वाली थीं। जांच में पता चला है कि जिस शख्स ने इन्हें गोली मारी है वो भी भारतीय है।

# बदरीनाथ धाम पहुंचे पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री



**एजेंसी, गोपेश्वर**

सुप्रसिद्ध कथा वाचक बागेश्वर धाम सरकार के नाम से प्रसिद्ध पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री रविवार दोपहर को श्री बदरीनाथ धाम पहुंचे। वह यहां भक्तों को सोमवार (17 जून) से लेकर 19 जून तक तीन दिवसीय श्री हनुमान जी की रामभक्ति कथा का रसपान कराएंगे। तीन दिवसीय श्री हनुमान कथा यज्ञ का आयोजन परमार्थ लोक आश्रम बदरीनाथ में किया गया है।

पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भक्त मंडली के साथ श्री बदरीनाथ धाम स्थित खाक चौक आश्रम पहुंचे, जहां आश्रम के संस्थापक संत बालक योगेश्वर दास जी महाराज तथा अन्य संत गणों ने उनका स्वागत किया। पं. धीरेंद्र शास्त्री ने यहां उनके दर्शन को पहुंचे भक्तों का अभिवादन भी स्वीकार किया।

इस अवसर पर सर्वेश्वरानंद दास महाराज, बदरीनाथ धाम के पूर्व धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल, बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ उपस्थित थे।

## बदरीनाथ धाम में धूमधाम से मनाया गंगा दशहरा पर्व

**एजेंसी, बदरीनाथ धाम**

पतित पावनी मां गंगा के अवतरण दिवस पर श्री बदरीश पंडा पंचायत ने रविवार को गंगा दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अलकनंदा में डुबकी लगायी।

गंगा दशहरा के पर्व पर तीर्थपुरोहितों ने रविवार को तप्तकुंड के निकट स्थित गांधी घाट पर श्री विष्णुपदी गंगा-अलकनंदा की विधिवत पूजा अर्चना की तथा पूजा के बाद मां गंगा को खीर का भोग चढ़ाया। उन्होंने फल-फूल, वस्त्र भेंट किये। तत्पश्चात मां गंगा की आरती उतारी। इस अवसर पर जन कल्याण की कामना की गयी।इस अवसर पर केदारनाथ में 2013 में आई आपदा के दिवंगतों को भी श्रद्धांजलि दी गई। बदरीनाथ धाम में गंगा पूजन में हजारों देश-विदेश से आये तीर्थयात्री भी शामिल हुए। पूजा-अर्चना और आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया।

श्री बदरीनाथ धाम के पूर्व धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल ने कहा कि सैकड़ों वर्षों से श्री बदरीनाथ धाम में तपस्यारत ऋषि-मुनियों द्वारा गंगा जी का पूजन किया जाता रहा है। भगवती माई, बाबा नीब करौरी महाराज आदि भी बदरीनाथ धाम में रहे तथा गंगा आरती उनके सानिध्य में संपन्न होती रही।

## तेलंगाना में भाजपा नेता राजा सिंह गिरफ्तार

**तेलंगाना।** तेलंगाना के शमशाबाद एयरपोर्ट पर पुलिस ने भाजपा नेता राजा सिंह को गिरफ्तार किया है। वह मेडक जाने की कोशिश कर रहे थे, जहां जानवरों की बलि देने को लेकर शनिवार (15 जून) की रात हिंसा हुई है।

शमशाबाद एयरपोर्ट पुलिस ने बताया कि हमने राजा सिंह को एहतियातन गिरफ्तार किया है। वह मेडक जाना चाहते थे, लेकिन हमने उन्हें उनके घर पर छोड़ दिया। दूसरी तरफ, मेडक में धारा 144 लागू है। यहां कल रात भीड़ ने एक मदरसे पर हमला कर दिया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। मिराज उल उलूम मदरसा प्रबंधन ने बकरीद पर कुर्बानी के लिए मवेशी खरीदे थे। जैसे ही वे मवेशी लाए, भीड़ मदरसे के आसपास जमा हो गई और कुर्बानी का विरोध करने लगी।

## प्रियंका गांधी वाड्रा को वायनाड से चुनाव लड़ाने की मांग

**एजेंसी, हरिद्वार**



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व सभासद अशोक शर्मा के नेतृत्व में गंगा दशहरा पर गंगा पूजन कर पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को वायनाड से चुनाव लड़वाने की मांग उठाई है। दरअसल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने इस बार केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश की रायबरेली दोनों लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ा और उन्होंने दोनों सीटों पर जीत दर्ज की।

अगर कोई उम्मीदवार दो सीटों पर चुनाव जीतता है तो उसे एक सीट खाली करनी होती है। ऐसे में उत्तराखंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी को वायनाड से लड़वाने की मांग की है। कनखल स्थित श्री यंत्र मंदिर घाट पर कार्यक्रम के दौरान अशोक शर्मा ने कहा कि आलाकमान प्रियंका गांधी वाड्रा को लोकसभा भेजे। इसके लिए निवर्तमान मेयर, पार्षदों और कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षरयुक्त पत्र भी आलाकमान को भेजा जा रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा एक बहुत अच्छी वक्ता हैं। वह जनता के मुद्दों को बहुत भलीभांति उठाती हैं।

## एनटीए में सुधार की जरूरत: धर्मेंद्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नीट-यूजी 2024 परीक्षा विवाद को लेकर देशभर में स्टूडेंट्स विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने माना कि एनटीए की तरफ से कुछ गड़बड़ियां हुई हैं। एनटीए में सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस धांधली में शामिल होंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वो कोई बड़ा अधिकारी भी क्यों न हो। बच्चों के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ बर्दास्त नहीं किया जाएगा। दो जगहों से कुछ गड़बड़ियों की जानकारी मिली है। सरकार ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लिया है। हमको गड़बड़ी की जो जानकारी मिली उसकी जांच कराएंगे। इस मामले में किसी को भी छोड़ा नहीं जाएगा। गौर रहे कि नीट परीक्षा में 24 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। य

## बैलेट पेपर से करवाए जाएं चुनाव: अखिलेश

**एजेंसी, लखनऊ**

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एलन मस्क के बयान के बाद ईवीएम पर सवाल उठाए हैं। अखिलेश ने 'एक्स' पर लिखा कि टेक्नॉलजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए, तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए। आज जब विश्व के कई चुनावों में ईवीएम को लेकर गड़बड़ी की आशंका जाहिर की जा रही है और दुनिया के जाने-माने टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स ईवीएम में हेराफेरी के खतरे की ओर खुलेआम लिख रहे हैं, तो फिर ईवीएम के इस्तेमाल की जिद के पीछे की वजह क्या है, यह बात भाजपाई साफ करे।



**भाजपा बताए, ईवीएम इस्तेमाल की जिद के पीछे की वजह क्या है**

### मस्क ने किया था दावा- ईवीएम को एआई से किया जा सकता हैक

**नई दिल्ली।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को दावा किया था कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को कोई भी हैक कर सकता है और इसे खत्म करने की जरूरत है। इसके साथ उन्होंने बड़ी मांग करते हुए ईवीएम को अमेरिकी चुनावों से हटाने की मांग की। मस्क ने 'एक्स' पर पोस्ट कर ईवीएम के हैक होने की बात कही। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति पद के स्वतंत्र उम्मीदवार रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर की एक पोस्ट पर रिएक्ट करते हुए ईवीएम को खत्म करने की मांग की।

### एलन मस्क के बयान में सच्चाई नहीं, भारत से सीख लेनी चाहिए : राजीव चंद्रशेखर

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को वोटिंग से हटाने के बारे में एलन मस्क के विचारों को एक व्यापक आम बयान बताते हुए कहा कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। मस्क को भारत आकर कुछ सीख लेनी चाहिए। एलन मस्क ने एक पोस्ट में कहा था कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को खत्म कर दिया जाना चाहिए, क्योंकि मानव या एआई की ओर से हैक किए जाने का जोखिम अभी भी बहुत अधिक है।

## युद्धाभ्यास: भारतीय वायुसेना ने सभी मिशन पूरे कर दिखाई ताकत

### 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायुसेना के साथ भी होगा अभ्यास

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय वायुसेना ने सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, जर्मनी और अमेरिका की वायु सेनाओं के साथ एयरफोर्स बेस अलास्का में हवाई युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास 'रेड फ्लैग' में हिस्सा लिया है।



यह अभ्यास का दूसरा संस्करण था, जिसे अमेरिकी वायुसेना वर्ष में चार बार आयोजित करती है। चुनौतीपूर्ण मौसम और लगभग शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद भारतीय वायुसेना ने पूरे अभ्यास के दौरान 100 से अधिक उड़ानें भरकर सभी निर्धारित मिशन पूरे कर अपनी ताकत दिखाई। भारत लौटने से पहले यह टुकड़ी को 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायुसेना के साथ अभ्यास में भाग लेगी। भारतीय वायुसेना की टुकड़ी ने राफेल विमान और कर्मियों के साथ भाग लिया, जिसमें एयर क्रू, तकनीशियन, इंजीनियर, नियंत्रक और विषय विशेषज्ञ शामिल थे। भारत की यह टुकड़ी 29 मई को अलास्का में यूएसएएफ बेस, एइलसन पर उतरी थी। राफेल लड़ाकू विमान को आईएल-78 एयर टू एयर रिफ्यूलर से सक्षम किया गया था, जबकि कर्मियों और उपकरणों को परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से ले जाया गया।

## रिपोर्ट: पांच साल में 250 अरब डॉलर पर पहुंचेगा भारत का इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** का इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण अगले पांच साल में लगभग 250 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस समय देश का इलेक्ट्रॉनिक निर्यात 125 से 130 अरब डॉलर के बीच है। सरकार इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में रोजगार सृजन करके बेरोजगारी की समस्या का समाधान करने की भी योजना बना रही है। डिजिटल इंडिया और स्मार्ट सिटी जैसी परियोजनाओं ने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के मार्केट में आईओटी की मांग बढ़ा दी है और निस्संदेह इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स के लिए एक नए युग की शुरुआत होगी।

## मीडिया की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने वाले कानून वापस ले सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पत्रकार संगठनों ने केंद्र सरकार से की मांग**

पत्रकारों के कई संगठनों ने केंद्र सरकार से प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने वाले कानूनों को वापस लेने का आग्रह किया है।

मीडिया संगठनों ने सरकार से भारतीय प्रेस परिषद के स्थान पर एक ऐसा निकाय बनाने की मांग की है, जिसमें प्रसारण और डिजिटल मीडिया भी शामिल हों। पत्रकारों के 15 संगठनों के प्रतिनिधियों ने यह मांग रखी है। मीडिया संगठनों ने मांग की कि सरकार श्रमजीवी पत्रकार और अन्य समाचार पत्र कर्मचारी (सेवा शर्तें) और विविध प्रावधान अधिनियम, 1955 और श्रमजीवी पत्रकार (पारिश्रमिक दर निर्धारण) अधिनियम, 1958 को बहाल करे। साथ ही प्रसारण और डिजिटल मीडिया क्षेत्र में काम करने वाले पत्रकारों को भी कानूनों के दायरे में शामिल करे। पत्रकारों के संगठनों ने कहा कि प्रस्तावित प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक-2023, डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम-2023, प्रेस और पत्रिकाओं का पंजीकरण अधिनियम-2023, और इससे भी महत्वपूर्ण, सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन नियम- 2023 जैसे कानूनों के व्यापक प्रावधानों का उद्देश्य प्रेस को चुप करवाना है। यह प्रावधान सरकार को किसी भी ऑनलाइन सामग्री को हटाने का अधिकार देते हैं, जिसे वह गलत या भ्रामक मानती है। बैठक में प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, प्रेस एसोसिएशन, डिजीपब न्यूज इंडिया फाउंडेशन और भारतीय महिला प्रेस कोर जैसे प्रेस निकायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**मुसीबत** वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बढ़कर 215 पहुंचा, सांस लेने में हो रही दिक्कत

# राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता काफी खराब हो गई है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बढ़कर 215 पहुंच गया है। इससे सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 215 रहा जो खराब श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के



बीच गंभीर माना जाता है। वहीं, रविवार को न्यूनतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 5.7 डिग्री अधिक है।

मौसम विभाग ने दिन में आसमान साफ रहने और लू चलने का अनुमान व्यक्त किया है। साथ ही अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। विभाग के अनुसार, राजधानी में सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 42 प्रतिशत दर्ज किया गया।

### देश के 77 शहरों में भी हवा खराब

**देश** के 77 शहरों में वायु गुणवत्ता मध्यम बनी हुई है। इन शहरों में भागलपुर, भरतपुर, भिवाड़ी, भिवानी, बीकानेर, बिलीपाड़ा, ब्रजराजनगर, बुलंदशहर, बूंदी, चंडीगढ़, छाल, छपरा, चूरू, दौसा, धारूहेड़ा, धौलपुर, दुर्गापुर, फतेहाबाद, गया, गाजियाबाद, गोरखपुर, गुरुग्राम, ग्वालियर, हापुड़, हिसार, इम्फाल, जयपुर, जैसलमेर, जालंधर, जालोर, झुंझुनू, जींद, जोधपुर, कैथल, कानपुर, करौली, करनाल, काशीपुर, कटिहार, कटनी, कोहिमा, कुंजेमुरा, कुरुक्षेत्र, लखनऊ आदि शामिल थे।

## इसराइली सेना ने लिया युद्ध विराम का फैसला

**एजेंसी, यरूशलेम**

**इसराइल** और गाजा के बीच युद्ध लगातार जारी है। दोनों ही देश इस युद्ध से पीछे हटने का नाम नहीं ले रहे हैं। शनिवार को भी गाजा ने इसराइली सेना को अपना निशाना बनाया। गाजा के दक्षिणी भाग में हुए विस्फोट में इसराइल के आठ सैनिक मारे गए हैं।

यह गाजा में आठ महीने की लड़ाई में किसी एक दिन मारे गए इसराइली सैनिकों की दूसरी बड़ी संख्या है। इससे पहले जनवरी में एक दिन में 21 सैनिक मारे गए थे। जंग के बीच इसराइली सेना ने रविवार को कहा कि वह दक्षिणी गाजा के कुछ हिस्सों में सैन्य गतिविधि में दैनिक सामरिक विराम रखेगी, ताकि अधिक सहायता को एन्क्लेव में प्रवाहित किया जा सके। जहां अंतरराष्ट्रीय सहायता संगठनों ने बढ़ते मानवीय संकट की चेतावनी दी है।

### राफा शहर में जारी रहेगी लड़ाई

**सेना** ने कहा कि राफा शहर में लड़ाई जारी रहेगी, जहां इजरायल उग्रवादी इस्लामवादी हमास आंदोलन के शेष ब्रिगेड को निशाना बना रहा है। केरेम शालोम क्रॉसिंग से सलाह अल-दीन रोड और फिर उत्तर की ओर जाने वाली सड़क पर सैन्य गतिविधि को अगले नोटिस तक सुबह पांच से शाम सात बजे तक सामरिक विराम रहेगा।